नई दिल्ली
सोमवार 23 फरवरी 2026
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 311
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 34
न्यून. 17

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

भारत-यूएस ट्रेड डील पर ब्रेक: ट्रंप के नए टैरिफ और कोर्ट के फैसले ने फंसाया पेंच!

## ट्रेड डील पर फिलहाल 'वेट एंड वॉच', टैरिफ के नए गणित को सुलझाने में जुटे भारत-अमेरिका




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भारत और वॉशिंगटन ने अंतरिम ट्रेड एग्रीमेंट पर होने वाली बैठक को रीशेड्यूल करने का फैसला किया है। इसके चलते फिलहाल आज यानी सोमवार 23 से 26 फरवरी तक वॉशिंगटन में होने वाली बैठक को टाल दिया गया है। अब दोनों पक्ष अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के असर पर गहराई से गौर कर सकेंगे। वाणिज्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव दर्पण जैन इस समझौते के लिए भारत के लिए मुख्य वार्ताकार हैं। अब दोनों देशों ने इस बैठक को बाद में करने का फैसला किया है।

बता दें कि दरअसल समझौते में भारत को 18% टैरिफ देना था, लेकिन शुक्रवार को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने सभी ग्लोबल टैरिफ रद्द कर दिए थे। जिसके बाद ट्रंप ने शुक्रवार को ही दुनियाभर पर पहले 10% टैरिफ लगाया, फिर 24 घंटे के अंदर ही उसे बढ़ाकर 15% कर दिया। अब ट्रंप का 15% ग्लोबल टैरिफ लागू हो रहा है, जो डील वाले 18% से कम है। इसके कारण दोनों पक्षों ने तय किया कि इन बदलावों की समीक्षा के बाद बैठक की नई तारीख तय की जाएगी। बैठक के टलने से अब इस ट्रेड डील में देरी हो सकती है। दोनों देशों ने पहले ही इस साल मार्च तक अंतरिम ट्रेड डील पर हस्ताक्षर करने और अप्रैल से उसे लागू करने का लक्ष्य रखा था। यह समझौता भारत के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है ▶▶ शेष पेज 5 पर

### डील से भारत को मिलेंगे 7 प्रमुख फायदे

- **अमेरिकी टैरिफ में कमी:** भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के टैरिफ को 18 प्रतिशत तक घटाया गया है, जिससे भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी।
- **चुनिंदा उत्पादों पर जीरो टैरिफ:** जेनेरिक दवाएं, रत्न और हीरे और विमान पार्ट्स पर पूरी तरह टैरिफ खत्म किया जाएगा, जिससे इन क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।
- **30 ट्रिलियन डॉलर के बाजार तक पहुंच:** भारतीय एमएसएमई, किसान, मछुआरे, महिलाओं और युवा उद्यमियों के लिए अमेरिकी बाजार में प्रवेश।
- **निर्यात क्षेत्रों में बढ़ावा:** टेक्सटाइल, चमड़ा और फुटवियर, प्लास्टिक और रबर उत्पाद, ऑर्गेनिक केमिकल्स, होम डेकोर, हस्तशिल्प और कुछ मशीनरी में नए अवसर।
- **सेक्शन 232 छूट:** विमान पार्ट्स पर अमेरिकी सेक्शन 232 के तहत छूट मिलेगी।
- **ऑटो पार्ट्स पर टैरिफ रेट कोटा:** कुछ ऑटो कंपोनेंट्स के लिए अमेरिका में विशेष पहुंच मिलेगी।
- **जेनेरिक दवाओं पर बेहतर शर्तें:** भारतीय जेनेरिक फार्मास्यूटिकल्स के लिए टैरिफ और नियामक नियमों में सुधार।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### अविमुक्तेश्वरानंद और शिष्य पर एफआईआर



**जप्रयागरा।** ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ झूंसी थाने में एफआईआर दर्ज हो गई है। यह केस बच्चों के साथ यौन शोषण करने के आरोप में दर्ज किया गया है। इसमें दो तीन अन्य को भी नामजद किया गया है। यह एफआईआर स्पेशल कोर्ट पॉक्सो एक्ट विनोद कुमार चौरसिया की अदालत के आदेश पर दर्ज हुई है। शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य पर बच्चों का यौन शोषण करने आरोप लगाते हुए कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने शनिवार को केस दर्ज करने का आदेश जारी किया था। जिसके बाद झूंसी थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। अब पुलिस बच्चों का मेडिकल परीक्षण कराने के साथ अन्य बिंदुओं पर जांच शुरू करेगी। इलाहाबाद जिला अदालत के आदेश पर झूंसी पुलिस ने दो बालकों के कथित यौन उत्पीड़न पर एफआईआर दर्ज की है।

पीएम मोदी ने मेरठ में मेट्रो का उद्घाटन करते हुए कहा

# एआई समिट पर कांग्रेस को कपड़े उतारने की जरूरत नहीं, वह तो पहले से ही नग्न



**एआई समिट पर कांग्रेस की राजनीति को कोसा**

एजेंसी ▶▶ मेरठ

पीएम मोदी ने कहा कि एक तरफ देशवासी भारत को विकसित बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, लेकिन देश में ही कुछ राजनीतिक दल हैं जो भारत की सफलता को पचा नहीं पा रहे हैं। एआई समिट में दुनिया भर के 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि दिल्ली आए। दुनिया के विकासशील देशों में ऐसा सम्मेलन आज तक कभी नहीं हुआ। लेकिन कांग्रेस और इसके इकोसिस्टम ने भारत के एक वैश्विक आयोजन को अपनी नंगी और गंदी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। समारोह स्थल पर विदेशी अतिथियों के सामने कांग्रेस के नेता कपड़े उतार कर पहुंच गए। मैं कांग्रेस वालों से पूछता हूं कि देश तो जानता है कि आप पहले से ही नंगे हो, फिर कपड़े उतारने की जरूरत क्या पड़ी? महिला सांसदों को भेज करके सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हो। मुझे संतोष है कि दिल्ली में जो ▶▶ शेष पेज 5 पर

> महिला सांसदों को राशि भेजकर सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते

### अब परियोजनाएं पहले की तरह लटकती-भटकती नहीं



मेरठ में मेट्रो के उद्घाटन समारोह को पीएम मोदी ने संबोधित किया

### आज विकसित देश भारत के साथ जुड़ने को उत्सुक

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया के अनेक विकसित देश आज भारत के साथ व्यापारिक समझौते कर रहे हैं। आज विकसित देश भारत के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हैं। क्योंकि उनको भारत के विकास में अपना भविष्य दिखता है। उनको भारत की युवाशक्ति में उम्मीद दिखती है। आज दुनिया को लगता है कि भारत वो ताकत है, जो 21वीं सदी की चुनौतियों का समाधान दे। सकती है।

### ये भाजपा का समारोह नहीं देश का कार्यक्रम था

पीएम मोदी ने कहा कि एआई समिट ये भाजपा का समारोह नहीं था, ये देश का कार्यक्रम था, देश के सम्मान का कार्यक्रम था। लेकिन कांग्रेस ने परसों सारी मर्यादाएं तोड़ दी। आज पूरे देश में कांग्रेस की इस रीति-नीति पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### देश की सबसे पुरानी पार्टी दिवालिया, दरिद्र हो गई

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने नेताओं ने वहां जो कुछ किया वह दिखाता है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी कितनी दिवालिया, कितनी दरिद्र हो गई है। कांग्रेस तो अपने ही देश को बदनाम करने में जुटी है। कांग्रेस ने नेताओं ने जो कुछ किया वह दिखाता है देश की सबसे पुरानी पार्टी कितनी दिवालिया, कितनी दरिद्र हो गई है।

**अब परियोजनाएं पहले की तरह लटकती, भटकती नहीं :** पीएम मोदी ने काह कि हमारी कार्य संस्कृति है कि जिस काम का शिलान्यास किया जाए, उसे पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर दिया जाए। इसलिए अब परियोजनाएं पहले की तरह लटकती, भटकती नहीं है।

### पहले शाम होते ही यहां पूरे रूट में छा जाता था सन्नाटा

पीएम मोदी ने कहा कि पहले यहां शाम होते ही यहां पूरे रूट में सन्नाटा छा जाता था। यहां डर और भय का माहौल होता था। अब एक तरफ कानून व्यवस्था भी सुधरी है और दूसरी तरफ लोगों को सुविधापूर्ण और सुरक्षित यात्रा का भी माध्यम मिला है। मुझे खुशी है कि नमो भारत रैपिड रेल। ये नारीशक्ति के सामर्थ्य का प्रतीक भी बनी है। इसमें ट्रेन ऑपरेटर, स्टेशन कंट्रोल स्टाफ... ऐसे अधिकतर काम में हमारी बेटियां ही कार्यरत हैं, बेटियां ही नेतृत्व कर रही हैं।

### अब कांग्रेस देश के लिए बोझ बनी

पीएम ने कहा कि महिला सांसदों को भेज करके सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हो। क्या आप लोग इतने खोखले हो गए हो कि माताओं-बहनों को इसके लिए आगे कर रहे हो? कांग्रेस देश के लिए बोझ बन गई है। एक बात से मुझे संतोष है कि दिल्ली में जो घटना घटी, कांग्रेस के सभी साथी ▶▶ शेष पेज 5 पर

कहा, पंजाब की जनता अब बदलाव चाहती है, हमें मिलकर पंजाब को नंबर वन स्टेट बनाना है

## आप भ्रष्टाचार में कांग्रेस से चार कदम आगे, वादे अधर में: नायब





- सीएम सैनी ने लुधियाना स्थित छट पूजा मैदान में आयोजित पूर्वांचल सम्मान रैली को किया सम्बोधित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि आम आदमी पार्टी ने पंजाब में जनता से जो वायदे किए थे वह 4 साल बीत जाने के बाद भी पूरे नहीं हुए है। कांग्रेस व आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार में लिप्त है तथा आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस से भी चार कदम आगे है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को लुधियाना स्थित छट पूजा मैदान में आयोजित पूर्वांचल सम्मान रैली को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री का यहां पहुंचने पर पदाधिकारियों ने भव्य अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस मौके पर पूर्वांचल सम्मान रैली के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि लुधियाना एक प्रसिद्ध औद्योगिक नगरी है और इस मेहनतकश धरती को मैं शीश नवा कर नमन करता हूं। पंजाब गुरुओं की, पीरों की और वीरों की भूमि है। लुधियाना की इस ऐतिहासिक धरती पर, जिसे पंजाब की औद्योगिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

तीन महीने के फेलोशिप कार्यक्रम की भी घोषणा

## दस युवा वकीलों को मिलेगा सांसदों के साथ काम करने का मौका...कांग्रेस पार्टी की अभिनव पहल

- अजय माकन व अभिषेक सिंघवी ने की कांग्रेस के चार बड़े कार्यक्रमों की घोषणा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने पार्टी की मुख्यधारा से युवा वकीलों को जोड़ने, पूर्व में सक्रिय कानूनी नेटवर्क को पुनर्जीवित करने, जमीनी स्तर पर पार्टी सदस्यों को कानूनी सहायता प्रदान करने और आरटीआई कानून को बचाने के लिए चार बड़े कार्यक्रमों की घोषणा की है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन और कानून, मानवाधिकार एवं आरटीआई विभाग के चेयरमैन डॉ अभिषेक मनु सिंघवी ने इसकी जानकारी दी। डॉ. सिंघवी ने बताया कि पार्टी ने तीन महीने का एक फेलोशिप कार्यक्रम शुरू किया है। इसके तहत दस युवा वकीलों को चुना जाएगा, जो सांसदों को सहयोग देंगे। इसका उद्देश्य कांग्रेस के नेताओं की अगली पीढ़ी को संसद में विपक्ष की भूमिका को समझने का मौका देना है। डॉ. सिंघवी ने कहा कि उनका विभाग कम से कम दस-एपिसोड की पॉडकास्ट श्रृंखला- "न्याय, नेता और नागरिक" भी लॉन्च करेगा। यह श्रृंखला कानूनी दिग्गजों के साथ-साथ उभरते हुए वकीलों को समाज और कानून से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार रखने का मंच प्रदान करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पहल यह सिर्फ कांग्रेस तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को भी इसमें अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा। ऐसे समय में जब असहमति को अक्सर खारिज कर दिया जाता ▶▶ शेष पेज 5 पर

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एआई को खेती नीति, अनुसंधान और निवेश ढांचे का केंद्रीय स्तंभ बताया

# एआई4एग्री 2026 शिखर सम्मेलन में बोले मंत्री सिंह भारत की अगली कृषि क्रांति एआई-संचालित होगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत की अगली कृषि क्रांति कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से संचालित होगी, यह बात केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. जीतेंद्र सिंह ने आज मुंबई में आयोजित एआई4एग्री 2026 शिखर सम्मेलन में कही। उन्होंने एआई को खेती नीति, अनुसंधान और निवेश ढांचे का केंद्रीय स्तंभ बताया। यहां आयोजित "ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑन एआई इन एग्रीकल्चर एंड इन्वेस्टर समिट 2026" के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि एआई उन संरचनात्मक चुनौतियों के लिए पहली बार बड़े पैमाने पर लागू होने वाले समाधान प्रस्तुत करता है जो लंबे समय से खेती उत्पादकता को सीमित कर रही हैं—अनियमित मौसम, जानकारी की असमानता और टुकड़े-टुकड़े बाज़ार। उन्होंने कहा, "एआई जो प्रस्तुत करता है वह कोई नई रोग-निदान नहीं है; यह अंततः एक ऐसा उपचार है जिसे पूरे देश में बड़े पैमाने पर लागू किया जा सकता है।" उन्होंने



यह भी नोट किया कि वैश्विक दक्षिण के लगभग 60 करोड़ किसानों के लिए भी य दि उत्पादकता में केवल 10% की वृद्धि हो जाए, तो यह उनके अनुसार इस सदी का सबसे बड़ा गरीबी-निवारण अवसर होगा। कृषि को एक पुराने, परंपरागत क्षेत्र के बजाय एक रणनीतिक क्षेत्र के रूप में प्रस्तुत करते हुए डॉ. जीतेंद्र सिंह ने इस एआई-प्रयास को 10,372 करोड़ रुपये के इंडिया एआई मिशन से जोड़ा, जो स्वदेशी सुपरकंप्यूटिंग क्षमता, डेटासेट और स्टार्टअप ढांचे का बड़े पैमाने पर निर्माण कर रहा है। डॉ. सिंह ने ड्रोन और उपग्रह-आधारित मैपिंग की ओर इशारा किया, जो पहले से ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड और स्वामित्व मिशन को मजबूत कर रही हैं, क्योंकि वे भूमि और मिट्टी के सत्यापित डेटा प्रदान करती हैं। उन्होंने जलवायु बुद्धिमत्ता में निवेश की बात की, जहाँ पृथ्वी विज्ञान और एआई को प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों में एकीकृत किया जा रहा है, ताकि किसान "घबराएं नहीं, बल्कि योजना बनाएं।" उन्होंने कहा कि जैव प्रौद्योगिकी की भूमिका टिकाऊ और रोग-प्रतिरोधी फसलों के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण होगी, जिसमें कीट और पौधों के रोगों का शुरुआती, लक्षण-रहित पता लगाना भी शामिल है, साथ ही एक चक्रीय फसल अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में भी यह महत्वपूर्ण योगदान देगी। संभावनाओ के पैमाने पर प्रकाश डालते हुए डॉ. जीतेंद्र सिंह ने कहा कि भारत के लगभग 14 करोड़ खेती इकाइयाँ, जिनमें अधिकांश छोटे और सीमांत किसान हैं, एक साथ वार्षिक लगभग 70,000 करोड़ रुपये का मूल्य उत्पन्न कर सकती हैं, अगर एआई-संचालित सलाह प्रत्येक किसान को बेहतर निवेश-समय, कीट-भविष्यवाणी और बाज़ार-संबंधन के माध्यम से प्रति वर्ष केवल 5,000 रुपये भी बचा दे।



### घर में लगी आग को बुझाने के दौरान हुआ हादसा

# मजलिस पार्क में फटा गैस सिलेंडर छह सुरक्षाकर्मियों समेत 13 घायल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिम दिल्ली के मजलिस पार्क में एक घर में लगी आग को बुझाने की कोशिश के दौरान एक एलपीजी सिलेंडर फट गया, जिससे दमकलकर्मियों और पुलिसकर्मियों समेत 13 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घर में सुबह करीब नौ बजे आग लग जाने के बाद उसे बुझाने का प्रयास कर रहे छह पुलिसकर्मी और दमकलकर्मी एलपीजी सिलेंडर में विस्फोट के कारण घायल हो गए। इस दौरान इमारत में और आसपास मौजूद कई स्थानीय लोग भी घायल हो गए। पुलिस और दमकल कर्मियों की टीम तुरंत मौके पर पहुंचीं और उन्होंने आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया।



पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि अभियान के दौरान एक एलपीजी सिलेंडर फट गया, जिससे आग बुझाने और निवासियों को निकालने की कोशिश कर रहे कई कर्मी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि इस घटना में आदर्श नगर पुलिस थाने के तीन पुलिसकर्मी और वजीरपुर अग्निशमन कार्यालय के तीन अधिकारी घायल हो गए। अधिकारी के मुताबिक, सभी घायलों को पहले बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि चोटों की गंभीरता को देखते हुए उन्हें सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया और उनकी हालत पर नजर रखी जा रही है। अधिकारी के अनुसार, दमकल विभाग के अथक प्रयासों के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

उन्होंने बताया कि प्राधिकारी इस घटना के दौरान हुए नुकसान का आकलन कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने की वजह का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

पुलिस ने बताया कि प्राधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या आग पार्किंग क्षेत्र में 'शॉर्ट सर्किट' के कारण लगी थी या इसके लिए एलपीजी का रिसाव जिम्मेदार है।

# आजादपुर में बाइक सवार हमलावरों ने युवक की गोली मारकर की हत्या

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के आज़ादपुर इलाके में अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने 18 वर्षीय युवक की रविवार को गोली मारकर हत्या कर दी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस को बीती रात 2.28 बजे आजादपुर इलाके के पास एक घायल व्यक्ति के पड़े होने की सूचना मिली।

अधिकारी ने बताया कि सूचना पर एक पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचा और घायल व्यक्ति को बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान जहांगीरपुरी निवासी ईशांत के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि ईशांत एक शादी समारोह से घर लौट रहा था, तभी हमलावरों ने उसे रोक लिया और उस पर गोली चला दी।

अधिकारी ने कहा कि घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान पुलिस को खाली कारतूस मिले, और एक अपराध एवं फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच कर सबूत एकत्र किए। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कुछ संदिग्धों की पहचान कर ली है और उन्हें पकड़ने के लिए टीम गठित की गई हैं। अधिकारी ने कहा सीसीटीवी फुटेज की भी पड़ताल की जा रही है।

# सीलमपुरः कपड़े की दुकानों में लगी आग




एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

- 30 से अधिक भेजी गई दमकल गाड़ियां

दिल्ली के सीलमपुर इलाके में कपड़े की कई दुकानों में रविवार को भीषण आग लग गई। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि इस घटना में किसी के हताहत होने की अभी तक कोई सूचना नहीं है।

अधिकारी ने बताया कि हमें शाम 4:22 बजे सीलमपुर के शांति मोहल्ला इलाके में कपड़े की एक दुकान में आग लगने की सूचना मिली। शुरुआत में हमने दमकल की चार गाड़ियां भेजीं लेकिन आग अन्य दुकानों में भी फैल गई। अब तक, हमने आग बुझाने के लिए 30 से अधिक दमकल गाड़ियां भेजी हैं। दुकानदार एजाज अहमद अंसारी ने बताया कि आग उनकी कपड़े की दुकान से शुरू हुई और धीरे-धीरे कई अन्य दुकानों में भी फैल गई। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कोचिंग संस्थान से परेशान छात्रों ने किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने करोल बाग स्थित एनएकेडमी कोचिंग संस्थान में अध्ययनरत छात्रों के साथ हुए अन्याय के विरोध में एक जोरदार प्रदर्शन किया। अनएकडेमी के ऑफलाइन सेंटर से जुड़े लगभग 1500 से अधिक छात्र-छात्राएँ कोचिंग सेंटर बंद होने के कारण उनका शुल्क वापस न मिलने से परेशान है। कंपनी द्वारा ऑफलाइन सेंटर बंद किए जाने के बाद भी विद्यार्थियों को उनके द्वारा जमा की गई फीस वापस नहीं की गई। एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्रहितों के लिए सदैव तत्पर रही है उनके साथ जो अमानवीय व्यवहार हुआ विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उनको न्याय दिलाने की लड़ाई में उनके साथ सदैव खड़े रहेंगे, छात्रों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार एवं उनकी फीस वापसी की मांग को कोचिंग संस्थान जल्द से जल्द पूरी करें।

### मंडपम मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तंग करना बंद करें पुलिस : यादव

**नई दिल्ली।** भारत मंडपम मामले को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस बौखलाहट में उन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी तंग कर रही है जिनका इस प्रकरण से कोई लेना देना ही नहीं है। इस प्रकार जबरिया पुलिस की यह कार्यवाही पूरी तरह अनैतिक और निंदनीय है। यादव चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर दिल्ली पुलिस ने बेकसूर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तंग करना बंद नहीं किया तो हमें मजबूरन सड़कों पर उतरना पड़ेगा। पुलिस की ऐसी कार्यवाही पूरी तरह अनैतिक और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पूछताछ की आड़ में थाने में बैठाना गैर कानूनी है। यादव ने कहा कि यह सारी कार्यवाही गृहमंत्रालय के आदेश पर हो रही है, जिसमें पुलिस सिर्फ मोहरा बनकर काम कर रही है। कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस के इस तानाशाही रवैये का विरोध करते रहेंगे। यादव ने कहा कि हम न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करते है, लेकिन निर्दोष लोगों को अगर पुलिस उठा कर थाने में बैठाएगी तो कांग्रेस कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि निरंकुश भाजपा सरकार के निर्देश पर पुलिस की यह कार्यवाही कोई पहली बार नहीं की गई है। इससे पहले भी डर से पुलिस दिल्ली कांग्रेस के लोकतांत्रिक मर्यादा में किए गए विरोध को दबाती रही है और पुलिस जबरन गृह मंत्रालय के आदेश पर लोगों को थानों में लम्बे समय तक बैठाकर हिरासत में रखती रही है। उन्होंने कहा कि यह दोनों कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी तरह निर्दोष है, इनका मंडपम प्रकरण से कोई लेना देना नहीं है।

# हवा होने लगी खराब, लगातार दूसरे दिन एक्यूआई 200 पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एक बार फिर राजधानी दिल्ली की मुसीबत बढ़ती हुई नजर आने लगी है, क्योंकि राजधानी में वायु प्रदूषण खराब होने लगा है। लगातार दूसरे दिन वीकेंड पर रविवार को दिल्ली में वायु प्रदूषण सूचकांक (एक्यूआई) बढ़कर खराब श्रेणी में दर्ज हुआ।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में सुबह नौ बजे एक्यूआई 242 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। जबकि शाम के समय मामूली गिरावट के साथ एक्यूआई का आंकड़ा 223 दर्ज हुआ, यह भी खराब श्रेणी में आता है।



वहीं रविवार को द्वारका में सबसे ज्यादा एक्यूआई 293 दर्ज किया गया जो बहुत खराब श्रेणी के बेहद नजदीक है। अवकाश का दिन होने के बावजूद दिल्ली में शनिवार की तुलना में एक्यूआई का बढ़ना राजधानीवासियों के लिए चिंता का सबब बनने लगा है। वहीं दूसरी तरफ वीकेंड का दिन मौसम के लिहाज से खुशगवार रहा, लेकिन अधिकतम तापमान का बढ़ना जारी है। रविवार को अधिकतम तापमान बढ़कर 29.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 4.2 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से महज 0.2 डिग्री सेल्सियस अधिक है। सुबह के समय आसमान पर हल्के बादलों को देखा गया। लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही आसमान साफ हो गया और सूरज की किरणें सीधे जमीन पर पड़ने से अधिकतम तापमान बढ़ गया। हवाएं मंद गति से चलने के कारण गर्मी ने अपना अहसास कराया। आईएमडी ने सोमवार के लिए ताजा अनुमान व्यक्त करते हुए कहा है कि आसमान साफ रहेगा और अधिकतम तापमान बढ़कर 30 डिग्री को पार कर सकता है।

# ऑटो टैक्सी चालक आज करेंगे परिवहन विभाग का घेराव, अधिकारियों पर मनमानी के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के ऑटो टैक्सी चालक आज सोमवार को अपनी मांगों के समर्थन में दिल्ली परिवहन विभाग के मुख्यालय राजपुर रोड का घेराव करेंगे। चालकों का आरोप है कि परिवहन विभाग के अधिकारियों की मनमानी के चलते भारी भ्रष्टाचार फैल गया है।

घेराव का आह्वान ऑल दिल्ली ऑटो टैक्सी ट्रांसपोर्ट कांग्रेस यूनियन की तरफ से किया गया है। इस बारे में संगठन के चेयरमैन किशन वर्मा ने बताया कि लंबे समय से ऑटो टैक्सी चालकों के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भारत टैक्सी सेवा लांच कर दी तो बाकी ऐप आधिकत टैक्सी सेवाओं को बैन क्यों नही किया गया। पुलिस व परिवहन विभाग की मिलीभगत के चलते दिल्ली में पड़ोसी राज्यों के ऑटो टैक्सी सवारियों को उठाते व ड्राप करते है, उन पर रोक क्यों नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार अथवा परिवहन विभाग ने मनमर्जी से वाहनों की फिटनेस व अन्य कार्यों की फीस बढ़ा दी है, जोकि गलत है। वर्मा ने कहा कि परिवहन विभाग में फैले भारी भ्रष्टाचार के चलते चालकों का आर्थिक व मानसिक शोषण किया जा रहा है। वर्मा ने बताया कि घेराव व प्रदर्शन को लेकर संगठन ने उपराज्यपाल, सीएम, परिवहन मंत्री, पुलिस व अन्य संबंधित विभागों को पहले ही लिखित में जानकारी दे दी है। उन्होंने दावा किया कि सोमवार को हजारों ऑटो टैक्सी चालक परिवहन विभाग का घेराव करेंगे और अपनी मांगों को पूरा करने की मांग करेंगे। यह लड़ाई अगल लंबी चली तब भी हम पीछे नहीं हटेंगे चाहे कुछ भी क्यों न हो जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद चालकों की परेशानी कई गुणा बढ़ गई है।

### अदिति महाविद्यालय में तीन दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन कल से

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के बवाना स्थित अदिति महाविद्यालय द्वारा अखिल भारतीय साहित्य परिषद के सहयोग से तथा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के प्रायोजन में "भारत विभाजन और साहित्यिक अभिव्यक्तियाँ" विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह संगोष्ठी 24, 25 और 26 फरवरी 2026 को आयोजित होगी। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार, इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों से विद्वान, शोधार्थी और साहित्यकार भाग लेंगे। संगोष्ठी का उद्देश्य भारत विभाजन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसके सामाजिक प्रभाव और साहित्य में उसकी अभिव्यक्ति पर गंभीर विमर्श करना है। कार्यक्रम का आयोजन अदिति महाविद्यालय के सभागार में सुबह 10 बजे से होगा। संगोष्ठी के माध्यम से साहित्य, इतिहास और समाज के अंतर्संबंधों पर गहन चर्चा की जाएगी, जिससे नई पीढ़ी को विभाजन के ऐतिहासिक और मानवीय आयामों को समझने का अवसर मिलेगा।

# दक्षिण दिल्ली में पूर्वोत्तर की तीन महिलाओं ने पड़ोसियों पर लगाया नस्ली दुर्व्यवहार का आरोप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में अरुणाचल प्रदेश की तीन महिलाओं को अपने किराये के मकान में मरम्मत कार्य के दौरान हुए मामूली विवाद को लेकर पड़ोसियों की ओर से कथित तौर पर नस्ली दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना 20 फरवरी को अपराह्न लगभग 3:30 बजे उस समय हुई जब महिलाओं के चौथी मंजिल स्थित फ्लैट में बिजली संबंधी काम के लिए ड्रिलिंग की जा रही थी इस संबंध में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि ड्रिलिंग के दौरान धूल और सीमेंट के छोटे-छोटे टुकड़े नीचे की मंजिल पर गिर गए, जिस पर वहां रहने वाले हर्ष सिंह और उसकी पत्नी ने आपत्ति जताई। अधिकारी के मुताबिक, महिलाओं ने आरोप लगाया कि विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने के बजाय दंपति ने उनके खिलाफ नस्ली एवं अपमानजनक टिप्पणियां कीं। सोशल मीडिया मंचों पर घटना से जुड़े कथित वीडियो बड़े पैमाने पर साझा किए जा रहे हैं। इनमें से एक वीडियो में आरोपी महिला को पीड़िता से कथित तौर पर यह पूछते हुए देखा जा सकता है कि क्या तुम 'सेक्स वर्कर' हो। क्या तुम यहां धंधा करने आई हो। क्या तुमने घर पर मसाज पार्लर खोल लिया है?'' वीडियो में पीड़िता आरोपी महिला को तीखी प्रतिक्रिया देते हुए यह कहती नजर आ रही है, सबने सुना कि तुमने मेरे चरित्र के बारे में क्या कहा है। तुमने मुझ पर शराब पीने का झूठा आरोप लगाया है। जाओ मेरे कमरे की तलाशी लो, अगर तुम्हें वहां कोई बोतल मिल जाए तो। जब पीड़िता ने आरोपी महिला के पति से उसकी आपत्तिजनक टिप्पणियों के बारे में शिकायत की, तो उसने और भी ज्यादा अपमानजनक तरीके से जवाब दिया। लोगों ने वीडियो पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए पीड़िताओं के लिए न्याय की मांग की है।

इस बीच, एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के सिलसिले में आरोपी दंपति के खिलाफ मालवीय नगर थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 79 (किसी महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द, हावभाव या कार्य), 351(2) (आपराधिक धमकी), 3(5) (सामान्य इरादा) और 196 (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास स्थान, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और सद्भाव के खिलाफ हानिकारक कार्य करना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में तेज़ी से आगे बढ़ रहा भारत : हर्ष मल्होत्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारत तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार कर रहा है। केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने सिद्धार्थ नगर वार्ड के पोलिंग बूथ 38 पर मयूर विहार जिलाध्यक्ष विजेन्द्र धामा एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री का "मन की बात" कार्यक्रम को सुनने के बाद यह जानकारी साझा की।

हर्ष मल्होत्रा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में भारत की प्रगति और 'एआई इम्पैक्ट समिट' के माध्यम से विश्व पटल पर देश की बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया। डिजिटल फ्रॉड और साइबर सुरक्षा पर प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेश का उल्लेख करते हुए मल्होत्रा ने कहा कि डिजिटल युग में जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे ऑनलाइन लेन-देन में सतर्कता बरतें और साइबर सुरक्षा के नियमों का पालन करें। छात्रों को दिए गए प्रेरक संदेश पर हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि केवल अंक ही जीवन की सफलता का पैमाना नहीं होते, बल्कि निरंतर परिश्रम और आत्मविश्वास ही वास्तविक उपलब्धि का आधार हैं। यह संदेश परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उत्साहवर्धक है। प्रदेश भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को 1350 शक्ति केंद्रों पर स्थानीय नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम के 131वें एपिसोड को सुना। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ पुष्प विहार वार्ड के मदनगीर में "मन की बात" कार्यक्रम को सुना। सांसद बांसुरी स्वराज ने असम में प्रवास के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सांसद बैजयंत पांडा आदि के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "मन की बात" को सुना। दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक सतीश उपाध्याय ने हौजकाज वार्ड के पोलिंग बूथ 80 में स्थानीय मंडल पदाधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम सुना। नांगलोई से विधायक मनोज शौकीन एवं 'मन की बात' कार्यक्रम के दिल्ली संयोजक राजन तिवारी ने प्रदेश मंत्री नरेश ऐरन के साथ ज्वालापुरी स्थित अटल कैंटीन में स्थानीय नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 'मन की बात' सुनी।



# आर्य समाज ने स्वामी श्रद्धानंद का 170वां जन्मोत्सव मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

निर्भीक सन्यासी स्वामी श्रद्धानंद ने रॉलेट एक्ट का विरोध करके चांदनी चौक में ललकारा, राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व किया और जामा मस्जिद के मंच पर देश की एकता का संदेश दिया। दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री विनय आर्य ने स्वामी श्रद्धानंद स्मारक टाउन हॉल पर, आर्य समाज दीवान हाल, व आर्य संस्थाओं द्वारा 170 वें जन्मोत्सव पर यह बात कही। आर्य केंद्रीय सभा, दिल्ली राज्य के महासचिव डॉ मुकेश आर्य ने देशभर गुरुकुल शिक्षा प्रसार व दलितोद्धार, स्त्री शिक्षा में स्वामी श्रद्धानंद के योगदान पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर पश्चिमी दिल्ली वेद प्रचार मंडल के मंत्री राकेश आर्य, रोहिणी मंडल के प्रधान सुरेंद्र आर्य, दीवान हाल के मंत्री विनीत बहल सहित ग्रामीण क्षेत्रों से भी आर्य जनों ने भारी संख्या में भाग लिया। यहां सर्व मंगल यज्ञ डॉक्टर कपिल देव वेदालंकार ने कराया।

### पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम

# स्वच्छ और हरित दिल्ली के लिए कचरे को करें अलग-अलग : इकबाल सिंह




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने राजधानीवासियों से अपील की है कि वे "आज ही कचरे को अलग अलग करें, ताकि कल की दिल्ली स्वच्छ और हरित बन सके।" महापौर ने कहा कि कचरे को गीला और सूखा अलग-अलग करना न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि इससे शहर की सफाई व्यवस्था भी अधिक प्रभावी बनती है।

महापौर ने बताया कि घरों, दुकानों और संस्थानों से निकलने वाले कचरे को स्रोत पर ही अलग करने से लैंडफिल साइट्स पर दबाव कम होगा और रीसाइक्लिंग की प्रक्रिया तेज होगी। गीले कचरे से खाद तैयार की जा सकती है, जबकि सूखे कचरे जैसे प्लास्टिक, कागज और धातु को पुनर्चक्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'एक छोटा सा कदम आज उठाइए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और हरी-भरी दिल्ली मिल सके।'

महापौर सिंह ने नागरिकों से अपील की कि वे दो डस्टबिन का प्रयोग करें- एक हरे रंग का गीले कचरे के लिए और दूसरा नीले रंग का सूखे कचरे के लिए। इसके साथ ही ई-वेस्ट और घरेलू हानिकारक कचरे को निर्धारित केंद्रों पर ही जमा करने की सलाह दी गई है। महापौर ने कहा कि स्वच्छ दिल्ली का सपना तभी साकार होगा जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे और इसमें सक्रिय भागीदारी निभाए। नगर निगम द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं ताकि लोगों को कचरा अलग अलग होने के महत्व के बारे में जानकारी दी जा सके।

## माउंट कैलाश क्षेत्र बना 'जीरो वेस्ट' मॉडल, घर-घर शुरू हुआ कचरा पृथक्करण



**नई दिल्ली।** स्वच्छ सर्वेक्षण एमसीडी के अंतर्गत ईस्ट ऑफ कैलाश क्षेत्र के माउंट कैलाश अपार्टमेंट ने 'जीरो वेस्ट' की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। निगम प्रशासन के अनुसार दिसंबर में हुए निरीक्षण और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) की आईटीसी वॉव और आईपीसीए के साथ हुई बैठकों के बाद अब क्षेत्र के प्रत्येक घर में कचरे का पृथक्करण शुरू हो गया है। इसके अलावा वसंत कुंज, सेक्टर ए पॉकेट सी में 'जीरो वेस्ट कॉलोनी' का उद्घाटन किया गया। यहां स्थल पर ही गीले कचरे से खाद बनाने के लिए 8 एरोबिन स्थापित किए गए हैं। यह पहल सतत और विकेंद्रीकृत कचरा प्रबंधन की दिशा में एक मजबूत कदम है। स्वच्छता के इस मामले में नेता सदन प्रवेश का कहना है कि स्थानीय निवासियों ने सामुदायिक भागीदारी का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करना शुरू कर दिया है। गीले कचरे से स्थानीय स्तर पर कम्पोस्ट (खाद) तैयार की जा रही है, जबकि सूखे कचरे को रीसाइक्लिंग के लिए भेजा जा रहा है। वहीं, एमसीडी से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि यह पहल समुदाय-आधारित सतत विकास (सस्टेनेबिलिटी) का एक आदर्श मॉडल बनकर उभरी है।




## आईपीयू के प्रो. राजेश कुमार बने डीएसयू के परीक्षा नियंत्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आईपी यूनिवर्सिटी के बेसिक एंड एप्लाइड साइंसेज के प्रोफ़ेसर राजेश कुमार को दिल्ली सरकार द्वारा संचालित दिल्ली स्किल यूनिवर्सिटी (डीएसयू) का परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। दिल्ली सरकार ने पहली बार इस यूनिवर्सिटी में पूर्णकालिक परीक्षा नियंत्रक की नियुक्ति की है। आईपीयू प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि प्रो. कुमार आईपी यूनिवर्सिटी में फ़िलहाल निदेशक (समन्वयन) का कार्यभार भी देख रहे थे। उसके अलावा एनएसएस सेल और एग्ज़ाम्स की भी कुछ जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे थे।

शिक्षण में भी इन्होंने मील के कई पत्थर स्थापित किए हैं। यूनिवर्सिटी और दिल्ली सरकार से बेस्ट टीचर का अवार्ड पा चुके हैं, दुनिया के दो प्रतिशत साइंटिस्ट की सूची में भी जगह बना चुके है। शिक्षण एवं शोध में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कई समितियों में शामिल हैं।

## जलनिकासी की अनदेखी से संकट में दिल्ली का पर्यावरण



- नरेला, बवाना, मुंडका में जमा पानी से नष्ट हो रहे वृक्ष
- पंजाबी बाग में कबाड़ा बन रहा हरे भरे पेड़ों का दुश्मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में हर वर्ष बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाए जाते हैं। दिल्ली सरकार के मंत्री और दिल्ली नगर निगम के नेता बरसात के मौसम में पर्यावरण संरक्षण के नाम पर लाखों पौधे लगाने के दावे करते हैं। प्रेसवार्ताओं और जनसभाओं में हरित दिल्ली का संकल्प दोहराया जाता है। लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से अलग तस्वीर पेश कर रही है।

दिल्ली और दिल्ली देहात के कई गांवों व वन क्षेत्रों में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण बरसात का पानी लंबे समय तक जमा रहता है। इस जलभराव से न केवल नए लगाए गए पौधे नष्ट हो रहे हैं, बल्कि वर्षों पुराने हरे-भरे पेड़ भी सूखकर ठूंठ बनते जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इन क्षेत्रों से जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी नियमित रूप से गुजरते हैं, लेकिन जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था को लेकर ठोस कदम नजर नहीं आते। लोगों का कहना है कि पौधारोपण जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही जरूरी है लगाए गए पौधों की देखरेख, जल प्रबंधन और संरक्षण की समुचित व्यवस्था। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जलनिकासी, रखरखाव और निगरानी की प्रभावी प्रणाली विकसित नहीं की गई, तो पौधारोपण केवल कागजी आंकड़ों तक सीमित रह जाएगा। जनहित में आवश्यक है कि संबंधित विभाग तत्काल सर्वे कर प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी की स्थायी योजना लागू करें, ताकि लगाए गए पौधे और मौजूदा वृक्ष सुरक्षित रह सकें। हरित दिल्ली का सपना केवल पौधे लगाने से नहीं, बल्कि उन्हें जीवित और संरक्षित रखने से साकार होगा।

### जलभराव के कारण पेड़ों की सड़ रही जड़ें

स्थानीय लोगों के अनुसार नरेला विधानसभा क्षेत्र के सिंघू बॉर्डर से रामदेव चौक की तरफ वन क्षेत्र में, नरेला-बवाना मार्ग, मुंडका में कराला मुंडका अंडर पास मार्ग और पंजाबी बाग गोल चक्कर के पास ट्रास्पोर्ट सेंटर के पीछे कबाड़ी क्षेत्र जैसे इलाकों में ऐसी कई जगहें आसानी से देखी जा सकती हैं, जहां जलभराव के कारण पेड़ों की जड़ें सड़ रही हैं।

## एमसीडी वेबसाइट पर जनप्रतिनिधियों की सूची अधूरी, लोग परेशान

### *मुख्यमंत्री और विधायक अब भी 'पार्षद सूची' में दर्ज, उपचुनाव 2026 में जीते पार्षदों के नाम गायब*

दया राम ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की आधिकारिक वेबसाइट पर जनप्रतिनिधियों से जुड़ी जानकारी अपडेट न होने का मामला सामने आया है, जिससे पारदर्शिता और डिजिटल प्रशासन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार, करीब एक वर्ष पहले पार्षद रहीं रेखा गुप्ता दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में विजयी होने के बाद मुख्यमंत्री बनीं और वर्तमान में उसी पद पर कार्यरत हैं। इसके बावजूद एमसीडी की वेबसाइट के 'अबाउट अस' सेक्शन में पार्षदों की सूची में उनका नाम रविवार, 22 फरवरी 2026 को भी देखा गया है। इसी प्रकार कई विधायक भी पार्षदों की सूची में शामिल दिखाई दे रहे हैं। वहीं, दिसंबर 2026 में हुए निगम उपचुनाव में जीतकर आए नए पार्षदों के नाम अब तक वेबसाइट पर अपडेट नहीं किए गए हैं। इससे आम नागरिकों को अपने क्षेत्र के वर्तमान जनप्रतिनिधि की जानकारी प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। वहीं, इस संबंध में निगम प्रशासन से कई बार बात की जा चुकी है लेकिन निगम प्रशासन दूसरे विभाग की जिम्मेदारी बता कर अपना पल्ला झाड़ लेता है।

### अपडेट जानकारी उपलब्ध कराना सुशासन की मूल आवश्यकता

जनप्रतिनिधियों का जनहित में जानना है कि सरकार और दिल्ली नगर निगम के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सटीक और अपडेट जानकारी उपलब्ध कराना सुशासन की मूल आवश्यकता है। जब केंद्र और राज्य स्तर पर डिजिटल इंडिया के तहत पारदर्शिता और तकनीकी सशक्तिकरण की बात की जाती है, तो स्थानीय निकायों की वेबसाइटों का नियमित रूप से अपडेट रहना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। जनहित में यह आवश्यक है कि एमसीडी का आईटी विभाग शीघ्र ही वेबसाइट की त्रुटियों को दूर करे और जनप्रतिनिधियों की सही एवं अद्यतन सूची सार्वजनिक करे, ताकि नागरिकों को सही जानकारी मिल सके और डिजिटल प्रशासन पर विश्वास बना रहे।

### पार्षद से सांसद बनी वाला वार्ड गायब

बता दें कि वार्ड संख्या 120 का मामला भी चर्चा में है। यहां पहले कमलजीत सहरावत पार्षद थीं, जो बाद में लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बन चुकी हैं। इसके बावजूद निगम की वेबसाइट पर वार्ड 120 की वर्तमान स्थिति स्पष्ट रूप से प्रदर्शित नहीं है। दिल्ली नगर निगम में हाल ही में नए आयुक्त के रूप में संजीव खिरवार ने पदभार संभाला है और उनका नाम व फोटो वेबसाइट पर उपलब्ध है। हालांकि, जनता द्वारा चुने गए नए पार्षदों की सूची का अपडेट न होना प्रशासनिक लापरवाही की ओर इशारा करता है।

## होली पर बाजारों में स्वदेशी उत्पादों की भारी मांग : कैट

नई दिल्ली। कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि आगामी होली के अवसर पर इस वर्ष देशभर में लगभग 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होने का अनुमान है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष के लगभग 60 हजार करोड़ रुपये के व्यापार की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत से अधिक है। जबकि अनुमान के अनुसार केवल दिल्ली में ही इस साल लगभग 15 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के आह्वान का व्यापक प्रभाव बाजारों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। खंडेलवाल के अनुसार इस बार होली के अवसर पर भारतीय निर्मित हर्बल गुलाल, प्राकृतिक रंग, पिचकारियां, गुब्बारे, चंदन, पूजन सामग्री, परिधान तथा अन्य स्वदेशी उत्पादों की बिक्री बड़े पैमाने पर हो रही है। जबकि वर्ष 2021 से पहले बाजारों में चीनी सामान का वर्चस्व हुआ करता था। होली से जुड़ी वस्तुओं के अलावा मिठाइयों, ड्राई फ्रूट्स, गिफ्ट आइटम, फूल-फल, कपड़े, फर्निशिंग फैब्रिक, किराना, एफएमसीजी उत्पादों तथा कंज्यूमर ड्यूरेबल्स की भी बाजारों में भारी मांग देखी जा रही है। उन्होंने बताया कि होली खेलने के लिए सफेद टी-शर्ट, कुर्ता-पायजामा, सलवार-सूट तथा हैप्पी होली लिखी टी-शर्ट भी बड़ी संख्या में खरीदी जा रही हैं।

## पलाश उत्सव 2026 में वीकेंड पर उमड़ी भीड़, बच्चों-ने जमकर की मौज मस्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा यमुना किनारे असिता में आयोजित तीन दिवसीय पलाश महोत्सव 2026 के दूसरे दिन रविवार को भारी भीड़ उमड़ी। वीकेंड के मौके पर उत्सव में पहुंचे बच्चों के साथ बड़ों ने भी जमकर मौज मस्ती की। बच्चों व बड़ों ने फूड स्टॉल पर अपनी अपनी पसंद के लजीज व्यंजनों का आनंद लिया। जबकि सभी आयु वर्गों के लिए आयोजित सहभागितापूर्ण प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लिया। उत्सव में चारों तरफ रंग बिरंगे फूलों की बिखर रही छटा ने लोगों का मन मोहने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अधिकांश रूप से चारों खिले हुए रंग बिरंगे ट्यूलिप के फूलों ने असिता में चार चांद लगा दिए। इस आयोजन में पुष्प आभूषण निर्माण, पुष्प रंगोली, पुष्प फैशन वॉक, पुष्प चित्रकला एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता , मिट्टी के बर्तन बनाने की कार्यशालाएं, मनोरंजक गतिविधियां और परिवार-केंद्रित गतिविधियां लोगों को बेहद पसंद आई। लक्ष्मी नगर से परिवार सहित पहुंचे नरेंद्र शर्मा ने कहा कि वह पहली बार असिता पहुंचे है। यहां आकर पता चला कि जहां कभी गंदगी व दलदल पसरी रहती थी, आज यहां चारों तरफ रंग बिरंगे फूल खिले हुए है। ट्यूलिप के फूलों को देखकर ऐसा लगा जैसे दिल्ली नहीं हम कश्मीर में घुम रहे हों। सतीश मनचंदा भी पहली बार परिवार के साथ उत्सव में पहुंचे और बेहद खुश नजर आए। मनचंदा ने कहा कि वैसे तो नई दिल्ली में डीडीए के पार्क आदि देखे है,लेकिन यहां का नजारा ही बेहद खुबसुरत व अलग है। पेशे से व्यवसायी सोमदत्त गुप्ता ने कहा कि कमाल की सुंदरता देखने को मिल रही है। ऐसा नजारा तो वास्तव में पारंपरिक लुटियंस दिल्ली में कभी देखने को नहीं मिली।

### प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने चिराग दिल्ली में किया 'दिल्ली बेहाल जन संवाद'

# एक साल से दिल्ली में भाजपा की सरकार, फिर भी दिल्लीवाले बेहाल : सौरभ भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली में भाजपा की चार इंजन की सरकार है फिर भी दिल्लीवाले बेहाल हैं। सरकार के एक साल बीत गए, लेकिन न महिलाओं को 2500 रुपए मिले और ना ही बस मार्शलों को पक्की नौकरी मिली। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने 'दिल्ली बेहाल जन संवाद' अभियान के तहत रविवार को चिराग दिल्ली में बड़ी सभा कर भाजपा सरकार पर यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हर मंडल पर 'दिल्ली बेहाल जन संवाद' चल रहे है।

इस दौरान उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि रेखा गुप्ता सरकार ने सिर्फ प्रदूषण कम करने, नकली यमुना बनाने और 370 मोहल्ला क्लीनिकों का नाम आरोग्य मंदिर करने का फर्जीवाड़ा किया। इन्होंने मोहल्ला क्लीनिकों को बंद कर हजारों युवाओं को बेरोजगार कर दिया और अब 6 हजार बस कंडक्टरों को निकाल रहे हैं। एक मार्च को आम आदमी पार्टी जंतर मंतर पर विशाल जनसभा कर बेहाल दिल्ली की जनता की आवाज उठाएगी। चिराग दिल्ली में 'दिल्ली बेहाल जन संवाद' के दौरान सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा शुरू से ही सेठ-साहूकारों और बड़े-बड़े धन्नासेठों की पार्टी रही है। ये लोग चुनाव के समय ही गरीबों के बीच आते हैं, झुग्गियों में रोटी खाते हैं और कैरम बोर्ड खेलते हैं।

गरीब आदमी भोला होता है और इनकी बातों में आकर बेवकूफ बन जाता है। इस बार दिल्ली चुनाव में भाजपा ने आम और गरीब लोगों को बेवकूफ बनाया और 27 साल बाद इनकी दिल्ली में सरकार बन गई। 'आप' सरकार ने बड़ी मुश्किल से गांवों के लिए जो सुविधाएं बनवाई थीं, भाजपा ने आते ही उन्हें छीन लीं। गांवों व कस्बों में यह सोचकर डिस्पेंसरी बनवाई गई ताकि गरीबों और बुजुर्गों को आसानी से इलाज मिल सके।

## आप का 'दिल्ली बेहाल जन संवाद' पूरी तरह फ्लॉप शो : सचदेवा

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आप प्रदेश अध्यक्ष के अभियान पर साधा निशाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) का नया नारा एवं कार्यक्रम 'दिल्ली बेहाल जन संवाद' पूरी तरह फ्लाप शो है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को आप के कार्यक्रम को लेकर यह प्रतिक्रिया जारी की। उन्होंने कहा है कि 11 साल में अरविंद केजरीवाल सरकार दिल्ली की सड़कें, परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यावरण, सीवर व्यवस्था, राशनकार्ड व्यवस्था सब बदहाल करके छोड़ कर गई थी। दिल्ली में अपने पहले साल में ही भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार ने जहां सीवर एवं सड़कों की स्थिति को काफी सुधारा है वहीं पर्यावरण प्रदूषण पर भी ठोस कार्य शुरू किया है। फर्जी राशनकार्ड कैंसिल कर सही जरूरतमंदों को राशनकार्ड देने पर नीतिगत काम हो रहा है।

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि भाजपा सरकार ने पहले वर्ष में ही दिल्ली वालों को 2000 इलैक्ट्रिक बसें दी हैं दिल्ली की गरीब महिलाओं को होली दिवाली पर फ्री गैस सिलेंडर देने के साथ ही पिंक बस कार्ड और मातृत्व योजना राशि में वृद्धि कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक और गारंटी पूरी की है। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली की भाजपा सरकार दिल्ली के सभी विधानसभा क्षेत्रों को 100 से 125 करोड़ रूपए की विकास राशि दे रही है जिससे सभी क्षेत्रों में शीघ्र समुचित विकास देखने को मिलेगा।

## खबर संक्षेप


### रक्तदान में 151 यूनिट रक्त एकत्रित

**फरीदाबाद।** गांव भनकपुर में रोटरी फरीदाबाद ईस्ट द्वारा आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में सेवा और सामाजिक एकता का प्रेरक उदाहरण देखने को मिला। पूरे दिन चले सुव्यवस्थित आयोजन में कुल 151 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। ग्रामीणों, युवाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी से शिविर उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। चिकित्सकों की टीम की निगरानी में सभी आवश्यक मानकों का पालन करते हुए रक्त संग्रहण किया गया।



### मिर्जापुर में सिलेंडर ब्लास्ट, एक घायल

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ क्षेत्र के गांव मिर्जापुर में गैस सिलेंडर लीक होने के दौरान धमाका हो गया। हादसा रिफिलिंग के समय हुआ, जिससे आग लग गई और एक के घायल होने की सूचना है। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में यहां अवैध रूप से छोटे सिलेंडरों में गैस रिफिलिंग किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस जांच अधिकारी गजेंद्र के अनुसार घटना मिर्जापुर मोड़ के पास की है। यहां धर्मेंद्र ने गांव मिर्जापुर निवासी प्रवीण की दुकान किराए पर लिया था। धर्मेंद्र दुकान में जलेबी, समोसे और अन्य खाद्य सामग्री बनाने-बेचने का काम करता है।



### लिवर की नकली दवा बनाने के मामले में काबू

**गाजियाबाद।** लिव 52 डीएस टैबलेट बनाकर बेचने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अब तक इस मामले में नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। मुरादनगर पुलिस औा स्वाट टीम ने आठ फरवरी को हिमालय वेलनेस कंपनी की लिव 52 टैबलेट बनाकर एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बेचने वाले गिरोह के पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया था।



### रिटायर फौजी ने गोली मारकर किया सुसाइड

**गुरुग्राम।** एक रिटायर्ड आर्मी जवान ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से आत्महत्या कर ली। आर्मी जवान मंगलम यूनिवर्सिटी में नौकरी करता था। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि वह पिछले कुछ समय से पारिवारिक विवाद के चलते मानसिक तनाव में रहता था। मृतक की पहचान खेड़ृला गांव निवासी कृष्ण (42 वर्ष) पुत्र मोहन सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान था।



# सेक्टर-24 अग्निकांड पर मानवाधिकार आयोग से हस्तक्षेप की उठाई मांग

**हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद**

सेक्टर-24 औद्योगिक क्षेत्र में हुए भीषण अग्निकांड के मामले में सामाजिक कार्यकर्ता अनीश पाल ने हरियाणा मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए इसे आपदा प्रबंधन व्यवस्था की गंभीर कमी का संकेत करार दिया है।

अपने पत्र में अनीश पाल ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण अग्निकांड में पुलिस विभाग और अग्निशमन विभाग के कई कर्मी गंभीर रूप से घायल हुए, जबकि कुछ कर्मियों की अकाल मृत्यु की भी सूचना है। उन्होंने कहा कि यह घटना दर्शाती है कि आपदा से निपटने वाले इन महत्वपूर्ण विभागों के पास पर्याप्त संसाधन, आधुनिक उपकरण और सुरक्षा साधनों का अभाव है, जिससे कर्मियों की जान जोखिम में पड़ रही है।



पत्र में आयोग से अनुरोध किया गया है कि संबंधित विभागों को तकनीकी रूप से अधिक सशक्त बनाने के निर्देश दिए जाएं। साथ ही पुलिस और अग्निशमन विभाग को आधुनिक उपकरण, सुरक्षा किट और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि ड्यूटी के दौरान शहीद या अकाल मृत्यु को प्राप्त कर्मियों के परिवारों को कम से कम एक करोड़ रुपये की सम्मानजनक मुआवजा राशि प्रदान की जाए।

# मुख्यमंत्री योगी के किया जीडीए की नंदग्राम भूखण्डीय योजना के ब्रोशर का विमोचन

यह योजना गाजियाबाद में शहरी विकास को नई गति प्रदान करेगी

डेढ़ दशक के अंतराल के पश्चात प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत की गई यह भूखण्डीय योजना नागरिकों को नियोजित एवं पारदर्शी प्रणाली के अंतर्गत आवासीय भूखण्ड प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीडीए की नंदग्राम भूखण्डीय योजना" के ब्रोशर का विमोचन किया। यह योजना जनपद गाजियाबाद के ग्राम नूरनगर, नंदग्राम (खसरा संख्या 96 एवं 97) में विकसित की जा रही है।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की लगभग 14 वर्ष बाद विकसित की गई नई भूखण्डीय योजना "नंदग्राम भूखण्डीय योजना" के ब्रॉशर का विधिवत विमोचन किया। लगभग डेढ़ दशक के अंतराल के पश्चात प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत की गई यह भूखण्डीय योजना नागरिकों को नियोजित एवं पारदर्शी प्रणाली के अंतर्गत आवासीय भूखण्ड प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है।



मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह योजना गाजियाबाद में सुनियोजित शहरी विकास को नई गति प्रदान करेगी तथा डिजिटल एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से नागरिकों का विश्वास सुदृढ़ करेगी।

## अवैध झुग्गियां बनाकर किराए पर दिया था

# गुरुग्राम में बड़ा बुलडोजर ऐक्शन, अपराधियों के कब्जे से खाली कराई गई सरकारी जमीन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम**

यहां प्रशासन ने अपराधियों और भू-माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने सरस्वती कुंज में सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जे को बुलडोजर चलाकर हटा दिया है। कुछ अपराधियों ने सरकारी जमीन पर अवैध झुग्गियां बनाकर उन्हें किराए पर दिया था। आरोपी किराए की कमाई का इस्तेमाल आपराधिक गतिविधियों के लिए कर रहे थे। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अपराध से कमाई संपत्तियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति रहेगी।



### पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई की

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पुलिस और प्रशासन ने इस संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया। प्रशासन ने सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जे पर बुलडोजर चलाया। यह कार्रवाई दो कुख्यात अपराधियों साहिल उर्फ चुन्नू और अंशुल उर्फ मुन्नू के खिलाफ की गई। बताया जाता है कि इन आरोपियों ने सरस्वती कुंज इलाके में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जमीन पर अवैध रूप से झुग्गियां बनाकर कब्जा कर रखा था।

### आगे भी ऐसी संपत्तियां की जाएंगी ध्वस्त

गुरुग्राम पुलिस के अधिकारियों ने साफ किया है कि अपराध से अर्जित संपत्ति को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ऐसे अपराधियों की पहचान कर उनकी अवैध संपत्तियों को चिन्हित कर ध्वस्त किया जाएगा, ताकि समाज में कानून का भय बना रहे और भू-माफियाओं पर लगाम लगाई जा सके।

### चलाई जा रही थीं आपराधिक गतिविधियां

बताया गया कि इन झुग्गियों को किराए पर देकर आरोपी अवैध कमाई कर रहे थे। यही नहीं आरोप यह भी हैं कि आरोपी किराए से मिले पैसों से अपनी आपराधिक गतिविधियां संचालित कर रहे थे। पुलिस को आरोपियों की पूरी करतूत के बारे में लगातार जानकारियां मिल रही थी। इसके बाद प्रशासन के आला अधिकारियों ने मिलकर आरोपियों के खिलाफ ऐक्शन की रणनीति बनाई जिसके बाद उक्त बुलडोजर ऐक्शन सामने आया है।

### बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंचा दस्ता

शनिवार सुबह सेक्टर-53 थाना पुलिस, डीटीपी टीम और एचएसवीपी अधिकारियों का संयुक्त दस्ता बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंचा। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी की गई और अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर जमीन को मुक्त कराया गया।

### बदमाशों पर कई केस दर्ज

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, साहिल पर चोरी, घर में घुसकर चोरी और सेंधमारी के 14 मामले दर्ज हैं, जबकि अंशुल पर चोरी और मारपीट के सात आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। दोनों आरोपी कई बार जेल जा चुके हैं और अपराध की कमाई से सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे थे।

## 2 साल में प्रबल की डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन

# नगर निगम की गाड़ियों की हो रही जीपीएस निगरानी का नगर आयुक्त ने लिया जायजा



**हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद**

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर में ऑनलाइन चल रहे जीपीएस निगरानी सिस्टम के कार्यों का जायजा लिया। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों की निगरानी के साथ वॉटर स्प्रिंकलर, उद्यान के ट्रैक्टर, जे सी बी व अन्य वाहनों की निगरानी निगम द्वारा की जा रही है। नगर आयुक्त ने मौके पर कार्य कर रही टीम से सीधा संवाद करते हुए चल रहे मॉनिटरिंग की कार्यों पर जानकारी ली। 611 डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन, उद्यान विभाग से करीब 40 वाहन, जलकल विभाग की करीब 18 वाहन की निगरानी के बारे में जानकारी ली गई।

नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा निगम के वाहनों की मॉनिटरिंग को प्रबल किया गया है स्वास्थ्य, जलकल, निर्माण, उद्यान और प्रकाश विभाग के वाहनों पर नजर रखी जा रही है व्हीकल ट्रैकिंग निगरानी सिस्टम के माध्यम से निगरानी को सरल बनाया गया है लगभग 25 ऑपरेटर के माध्यम से सुबह 6 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक जनहित के कार्य कर रहे निगम के वाहनों की निगरानी की जाती है, ड्राइवर की रूट से भटकते ही कॉल सेंटर के माध्यम से ड्राइवर को कॉल जाती है तथा निगरानी के क्रम में शहर वासियों को सुविधा दी जा रही है।

## गुरुग्राम में हैवानियत

# लिव-इन पार्टनर ने प्राइवेट पार्ट पर सैनिटाइजर डाल लगाई आग यूरिन पिलाने का भी आरोप

**एजेंसी ⏭ गुरुग्राम**

हरियाणा के गुरुग्राम में एक 19 वर्षीय छात्रा के साथ लिव-इन पार्टनर द्वारा की गई दरिंदगी ने मानवता को शर्मसार कर दिया है। मूल रूप से त्रिपुरा की रहने वाली और गुरुग्राम के एक यूनिवर्सिटी से बीएससी कर रही छात्रा को उसके पार्टनर शिवम ने तीन दिनों तक बंधक बनाकर रखा और उसे मौत के मुहाने पर पहुंचा दिया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी ने न केवल छात्रा के साथ मारपीट की, बल्कि उसके प्राइवेट पार्ट पर सैनिटाइजर डालकर लाइटर से आग लगा दी।

पीड़िता की हालत इतनी गंभीर थी कि उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी शिवम दिल्ली के नरेला का रहने वाला है और एक ऑनलाइन ऐप के जरिए दोनों की मुलाकात हुई थी। सितंबर 2025 से बातचीत शुरू होने के बाद आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए और फिर गुरुग्राम के एक पीजी में साथ रहने लगे। आरोपी युवती के चरित्र पर शक करने लगा और उसके साथ अमानवीय व्यवहार शुरू कर दिया। पीड़िता की मां, जो त्रिपुरा में पुलिस अधिकारी हैं, ने बताया कि उनकी बेटी को बंधक बनाकर यूरिन तक पिलाया गया। आरोपी ने पीड़िता के सिर पर स्टील की बोतल से हमला किया और चाकू से उसके पैरों पर वार किए। इस खौफनाक वारदात का पता तब चला जब 16 फरवरी की रात पीड़िता ने किसी तरह अपनी मां को फोन कर कहा, मां मुझे बचा लो, शिवम मुझे जान से मार देगा। मां की सूचना पर सक्रिय हुई गुरुग्राम पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी ने प्रताड़ना के दौरान पीड़िता का वीडियो भी रिकॉर्ड किया था।

# दिल्ली समेत कई राज्यों में वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफ़ाश,दो बदमाश गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद**

स्वाट टीम, अपराध शाखा व थाना मोदीनगर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में बुलन्दशहर, हापुड, मेरठ, गाजियाबाद व दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से चार पहिया वाहनों की चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की 2 कार (स्कार्पियो एन व आई-20), वाहन चोरी करने मे प्रयुक्त ब्रेजा कार, फर्जी नम्बर प्लेट, वाहन चोरी करने मे प्रयुक्त इलेक्ट्रोनिक उपकरण बरामद किए गए हैं।

आरोपियों ने 250 वाहन चोरी की वारदातों का इकबाल किया है। एडीसीपी पीयूष सिंह ने बताया कि दोनो शातिर अपराधी है जिनके विरूद्ध चार पहिया वाहनो की चोरी के सम्बन्ध मे उत्तर प्रदेश व दिल्ली राज्यों में 2 दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है। आरोपियों में हरेन्द्र उर्फ हन्नी गुर्जर निवासी खजूरी खास थाना खजूरी दिल्ली तथा अमित चौधरी निवासी नरेन्द्र फौजी के



मकान में किराएदार ड्रीम सिटी थाना कंकरखेडा मेरठ हैं। आरोपी हरेन्द्री ने बताया कि वह दिल्ली के खजूरी खास मे किराए के मकान में रहकर वाहन चोरो का गैंग बनाकर चार पहिया वाहनों की चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है,वह गैंग का मुख्य सरगना है ।

2014 में थाना इन्दिरापुरम गाजियाबाद से रेड लाइट पर खड़ी गाड़ियों से मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम देने में जेल जा चुका है। जेल से लौटने के बाद गोल्डी सरदार सोतीगंज मेरठ के यहाँ 12 हजार प्रतिमाह पर चार पहिया वाहन पर ड्राइवर का काम करने लगा । उसी दौरान हरेन्द्र की दोस्ती जीतू, उमरदराज व मेहराज मकबरा डिग्गी मेरठ से हुई व उनके साथ मिलकर चार पहिया वाहन चोरी की घटनाओं मे मेरठ के थाना परतापुर से जेल गए थे ।

## सेक्टर-14 में विराट हिंदू सम्मेलन

# मातृशक्ति लाएगी बड़ा सामाजिक परिवर्तन, भारत बनेगा विश्वगुरु

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम**

उत्तर क्षेत्रीय संघ चालक पवन जिंदल ने कहा कि मातृशक्ति समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकती हैं। जिस दिन भारत की महिलाएं पूरी शक्ति के साथ आगे आएंगी, उस दिन देश विश्व नेतृत्व की ओर बढ़ेगा और विश्वगुरु बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। यह बात उन्होंने रविवार को सेक्टर-14 के सामुदायिक भवन में हिंदू सम्मेलन समिति की ओर से आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित ऐसे आयोजनों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। विश्व पटल पर सभी मुख्य संस्थानों जैसे -विश्वविद्यालों में अनेक विद्वान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ क्या है? विषय पर शोध एवं पीएचडी कर रहे है। अपने अभिभाषण में पवन जिंदल ने उपस्थित जनमानस, विशेषकर महिलाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्षों के इतिहास से परिचित कराया।




### सामान्य सोच से ऊपर उठने का आह्वान किया

*इस अवसर पर महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के सेवानिवृत प्रध्यापक डॉ. बलबीर आचार्य और सेवानिवृत्त मेजर जनरल डॉ. रणजीत सिंह ने कहा- समाज के उत्थान के लिए सामान्य सोच से ऊपर उठने का आह्वान किया। उन्होंने देश के सामने मौजूद तीन प्रमुख चुनौतियों आर्थिक, सामाजिक और सुरक्षा पर विशेष रूप से प्रकाश डाला और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई।*

*इससे पहले सुबह हनुमान मंदिर से निकली कलश यात्रा से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों और पारंपरिक अनुष्ठानों के साथ भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित कीर्तन में भजनों और सामूहिक प्रार्थनाओं से वातावरण भक्तिमय हो गया। वरिष्ठ नागरिकों व युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद सांस्कृतिक एवं धार्मिक प्रवक्ताओं के प्रवचनों का आयोजन हुआ, जिसमें सनातन मूल्यों, सामाजिक समरसता , सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में हिंदू सम्मेलन समिति, सेक्टर-14 के कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-14, श्री हनुमान मंदिर सभा, आर्य समाज मंदिर सभा, महिला कीर्तन मंडली, इत्यादि ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों और स्वयंसेवकों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली।*

## गुरुग्राम के ओल्ड ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स में श्रीशिव महापुराण कथा

# श्रवण कुमार के देश में वृद्धाश्रमों की संख्या बढ़ रही

*बच्चों को अच्छे संस्कार देने के लिए माता-पिता का किया आह्वान*

**हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम**

गौतीर्थ तुलसी तपोवन गौशाला वृंदावन के संचालक एवं विश्व प्रसिद्ध कथावाचक पुराण मनीषी परम पूज्य श्री कौशिक जी महाराज ने माता-पिता की सेवा में दो ही नाम सर्वोपरि हैं-राम और श्रवण कुमार। राम ईश्वर हैं और श्रवण कुमार साधारण इंसान हैं। श्रवण कुमार का नाम माता-पिता की सेवा के उदाहरण के रूप में सबसे पहले लिया जाता है। दुख की बात है कि श्रवण कुमार के इस देश में वृद्धाश्रमों की संख्या बढ़ रही है। घर में वृद्धों को सम्मान नहीं मिल रहा। यह हमारी संस्कृति नहीं है। इसलिए माता-पिता की सेवा से पीछे ना हटें। माता-पिता, गुरु की जो सेवा करेगा, उसे दुनिया सम्मान देगी।



### देश-दुनिया को शिव की महिमा सुनाकर किया ज्ञानवर्धन

यह बात उन्होंने रविवार को ओल्ड ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स में 11 दिवसीय श्रीशिव महापुराण कथा के अंतिम दिन प्रवचनों में कही। प्रवक्ता अनिल शास्त्री ने 11 दिवसीय कथा के अंतिम दिन पूज्य गुरुजी ने इन 11 दिनों में गुरु द्रोण की नगरी को शिव की नगरी बना दिया। गुरुग्राम की धरती से देश-दुनिया को शिव की महिमा सुनाकर ज्ञानवर्धन किया। महाराज जी ने कहा कि वे जहां भी दीक्षा देते हैं, वहां बार-बार आते हैं। उन्होंने गुरुग्राम में दीक्षा दी है तो यहां बार-बार आएंगे ही। श्री कौशिक जी महाराज ने कहा कि माता-पिता के चरण छूने भर से शिवलिंग पर एक लोटा जल चढ़ाने का फल मिलता है। उन्होंने कहा कि हर माता-पिता अपने बच्चों को बचपन से ही धर्म से भी जोड़ें। उन्हें धार्मिक बनाएं। कोई राम ऐसे ही नहीं बन जाता। कोई कृष्ण ऐसे ही नहीं बन जाता। माता-पिता के संस्कारों से ही यह संभव हो पाता है।

### सत्संग करेंगे तो गृहस्थ के काम अच्छे होंगें

पूज्य गुरुजी ने कहा कि अच्छे लोगों का सानिध्य में रहे। संतों के साथ बैठें। अच्छी किताबें पढ़ें। सत्संग करें। सत्संग करेंगे तो गृहस्थ के काम अच्छे होंगें। सत्संग ही ईश्वर का संग दिला सकता है। साथ ही उन्होंने विदुर नीति पढने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विदुर नीति पढने से व्यक्ति किसी के साथ एक रुपये की बेइमारी नहीं करेंगे। रिश्तों पर प्रवचनों में श्री कौशिक जी महाराज ने कहा कि पति वही जो पत्नी को पूछता रहे कोई कष्ट तो नहीं। पुत्र वही जो माता-पिता को पूछता रहे कोई कष्ट तो नहीं। उन्होंने कहा कि माता-पिता की परिक्रमा करने से धरती की सात परिक्रमा का फल मिलता है। महिलाओं का घर में सम्मान करने के लिए आह्वान करते हुए गुरुजी ने कहा कि आपका खानदान ऋणी है, इसलिए इनका नाम गृहिणी है। हर अच्छे काम में इनकी भूमिका, भीड़ रहती है। मंदिर में इनकी भीड़, कथा में इनकी भीड़, चार धाम में इनकी भीड़। पूरे परिवार को ये ही संभालती हैं। इसलिए कभी इनका दिल नहीं दुखाना। इनकी आंखों में आंसु नहीं आने देनना। इसके घर में आने से तरक्की के रास्ते खुलते हैं। देवी स्वरूपी माता-बहनों को सदा सम्मान दिया करें।

# दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए सामूहिक विवाह आवश्यक

**हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद**

साई धाम द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 25 जोड़ों को परिणय-सूत्र में बांधा गया। इन सभी विवाहों में वीरेन्द्र गुप्ता एवं मधुश्री गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. मोतीलाल गुप्ता, अतुल गुप्ता, राजेश रेलान, डॉ. अश्विनी अग्रवाल, प्रधानाचार्या डॉ. बीनू शर्मा तथा शिरडी साई बाबा टेम्पल सोसायटी के एडवाइजरी बोर्ड के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

तत्पश्चात शिरडी साई बाबा स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि एवं संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मोतीलाल गुप्ता ने अपने संदेश में नवविवाहित दम्पतियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि समाज से दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के उन्मूलन हेतु सामूहिक विवाहों को प्रोत्साहन देना अत्यंत आवश्यक है। संस्था की ओर से विवाह बंधन में बंधे 25 जोड़ों को गृहस्थ जीवन के लिए आवश्यक सामग्री, जैसे सिलाई मशीन, गैस चूल्हा, बर्तन, वस्त्र, बिस्तर तथा फोल्डिंग बेड आदि भेंट किए गए। सभी वर-वधुओं के परिजनों ने साई धाम के इस सराहनीय आयोजन की प्रशंसा की। डॉ. अश्विनी अग्रवाल, राजेश रेलान एवं अतुल गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए साई धाम तथा डॉ. मोतीलाल गुप्ता द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉ. गुप्ता का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके द्वारा संपादित कार्यों से न केवल फरीदाबाद, अपितु समूचा राष्ट्र लाभान्वित हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन आज़ाद शिवम दीक्षित ने अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से किया।



प्रधानाचार्या डॉ. बीनू शर्मा एवं संदीप सिंघल ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नवविवाहित दम्पतियों को मंगलमय जीवन की शुभकामनाएँ प्रदान कीं। समारोह में नीरा गोयल, ईशा गुप्ता, मनोहर पुनयानी, रोहित रूंगटा, यू.एस. अग्रवाल, नरेन्द्र जैन, सुनील खंडूजा, महेश अग्रवाल, सुधीर रेलान, साधना रेलान, शशि अरोड़ा, ओ.पी. गर्ग, केए पिल्लै, विकास मल्होत्रा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## कल्याण सिंह की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**अतरौली।** हवन-यज्ञ के तदोपरांत अतरौली के गांव ढेंकुरा में 22 फरवरी को पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया गया। साथ ही जिला पंचायत द्वारा निर्मित कल्याण पार्क का उद्घाटन किया गया। साक्षी महाराज ने बाबूजी कल्याण सिंह को भारत रत्न देन की मांग की। उन्होंने कहा कि वीरों की कोई जाति नहीं होती। सरकार से मांग है कि बाबूजी कल्याण सिंह की जयंती हर जिले में मनाई जाए।



## 2026 में नहीं चालू होगा मुजफ्फरपुर एयरपोर्ट

**मुजफ्फरपुर।** यहां के लोगों को हवाई सेवा के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। इस साल यानी 2026 में मुजफ्फरपुर एयरपोर्ट से उड़ानें शुरू नहीं हो पाएंगी। मुजफ्फरपुर के पताही हवाई अड्डा के पुनर्विकास के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने दो अलग-अलग टेंडर निकाले हैं। इनमें टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण से लेकर रनवे विस्तार तक का काम किया जाना है।



## पेड़ से लटकते मिले प्रेमी युगल के शव

**रायबरेली।** प्रेमराजपुर पचखरा गांव के बाहर रविवार शिव बहादुर (26) और महिमा (20) का शव शीशम के पेड़ से लटकते मिले। शिव बहादुर का मफलर, जबकि महिमा का परदे के फंदे से शव लटक रहा था। खास बात यह कि युवक के दोनों पैर जमीन पर व युवती के दोनों पैर घुटनों के बल जमीन पर रखे हुए थे। एएसपी व फोरेंसिक टीम मौके पहुंचकर जांच की।



**नेपाल सीमा से सटे चयनित वाइब्रेंट विलेज गांवों का दौरा करेंगे**

# 25 फरवरी को बिहार दौरे पर आ रहे हैं गृहमंत्री शाह सीमा पर तैनात सैनिकों को देंगे ट्रांजिट कैंप का तोहफा


एजेंसी ▶▶ पटना

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बिहार आ रहे हैं। आगामी 25 फरवरी को उनका दौरा संभावित है। नेपाल सीमा से सटे चयनित वाइब्रेंट विलेज गांवों का वे दौरा करेंगे। गृहमंत्री वहां के विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। उनके दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। अमित शाह सीमा पर तैनात सैनिकों को खास सौगात भी देने वाले हैं। ह मंत्री के आगमन पर चिकन नेक कॉरिडोर की सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला लिया जा सकता है। राज्यसभा चुनाव के लिए 26 फरवरी से नॉमिनेशन होना है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक अमित शाह अंतरराष्ट्रीय सीमा(नेपाल, बांग्लादेश) से सटे गांवों में जाएंगें। वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत इनका चयन किया गया है। अमित शाह एक सभा में लोगों को संबोधित भी करेंगे। नेपाल से सटे खुले बॉर्डर इलाके पर केंद्र सरकार की खास नजर है। गृहमंत्री नेपाल और बांग्लादेश से जुड़ी भारत की सीमा की रखवाली में जुटे सैनिकों को जल्द ही केंद्र सरकार ट्रांजिट कैंप का तोहफा देगी।

*सीमावर्ती क्षेत्र में हजारों सैनिकों की पोस्टिंग*

*कटिहार जंक्शन से सैनिकों का है आना-जाना*



### कटिहार रेलवे जंक्शन के करीब तैयार किया गया ट्रांजिट कैंप

सीमावर्ती इलाका होने के कारण यहां हजारों की संख्या में सैनिकों की पोस्टिंग की गई है। अधिकांश सैनिकों का कटिहार रेलवे जंक्शन से आना-जाना होता है। ऐसे सैनिकों की सुविधा के लिए कटिहार में ट्रांजिट कैंप (परागमन शिविर) का निर्माण किया गया है। यह कैंप सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की ओर से कटिहार रेलवे जंक्शन के करीब तैयार किया गया है।

**25 को अररिया के लेटी आ सकते हैं**

इंडो-नेपाल सीमा से सटे एसएसबी 52वीं बटालियन के लेटी कैंप में 25 फरवरी को केन्द्रीय गृह मंत्री का दौरा प्रस्तावित है। हालांकि इस संबंध में सिकटी विधायक सह पूर्व आपदा प्रबंधन मंत्री विजय कुमार मंडल ने बताया कि गृहमंत्री शाह 25 फरवरी को हैलीकाप्टर से लेटी पहुंचेंगे।

### 26 को किशनगंज आ सकते हैं गृह मंत्री : दिलीप

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 26 फरवरी को किशनगंज का दौरा कर सकते हैं। इस दौरान वे स्थानीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक भी कर सकते हैं, जिसमें सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष चर्चा होने की संभावना है। शनिवार को दिशा की बैठक के बाद जिला परिषद सभागार के बाहर प्रदेश के उद्योग सह पथ निर्माण मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन की जानकारी मिली है। अभी विस्तृत प्रोग्राम नहीं आया है। वहीं, डीएम विशाल राज ने कहा कि गृह मंत्री के आगमन को लेकर विस्तृत प्रोग्राम जारी होने के बाद ही निश्चित रूप से कुछ कहा जा सकता है।

**वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की दिशा में अहम पहल**

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उत्तर प्रदेश को 'मैन्युफैक्चरिंग हब ऑफ इंडिया' बनाने का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज रात सिंगापुर और जापान के चार दिवसीय दौरे पर रवाना होंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनों के उत्तर प्रदेश को 'मैन्युफैक्चरिंग हब ऑफ इंडिया' बनाने के लक्ष्य को मिशन बनाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वर्ष 2017 की म्यांमार यात्रा के बाद यह का पहला विदेशी दौरा है।

जिसे प्रदेश की निवेश कूटनीति और औद्योगिक विस्तार की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। 23 व 24 फरवरी को सिंगापुर और 25 व 26 फरवरी को जापान प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री 33 वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर प्रदेश में निवेश, तकनीकी सहयोग और औद्योगिक विस्तार के नए अवसरों पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस यात्रा में जी-टू-बी (गवर्नमेंट टू बिजनेस) बैठकों और राउंड टेबल मीटिंग के जरिए निवेशकों से सीधे संवाद करेंगे। यूपी के सीईओ की तरह वे निवेशकों से प्रदेश के औद्योगिक रोडमैप, नीति स्थिरता और कारोबारी संभावनाओं पर स्पष्ट और परिणाम केंद्रित बातचीत करेंगे।

प्रवासी भारतीयों और उत्तर प्रदेश वासियों को संबोधित करने के साथ वे स्कूली बच्चों से भी संवाद करेंगे और प्रदेश की विकास यात्रा साझा करेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार का मानना है कि 25 करोड़ नागरिकों की शक्ति उत्तर प्रदेश को उत्पादन और उपभोग दोनों का केंद्र बनाती है। विशाल श्रमबल, बड़ा बाजार और तेजी से विकसित हो रहा इंफ्रास्ट्रक्चर 'मैन्युफैक्चरिंग हब ऑफ इंडिया' के विजन की मजबूत आधारशिला हैं।

**2017 की म्यांमार यात्रा के बाद यह का पहला विदेशी दौरा** | **प्रवासी भारतीयों को प्रदेश की विकास यात्रा साझा करेंगे**



### सिंगापुर की 25 कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिलेंगे सीएम

मुख्यमंत्री सिंगापुर प्रवास के दौरान 25 कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिलेंगे। गूगल और एसटीटी ग्लोबल जैसे निवेशकों के साथ डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर, जापफा ग्रुप व ओलम इंटरनेशनल के साथ एग्रीबिजनेस, मैपलट्री और एआई सैट्स के साथ लॉजिस्टिक्स तथा एवीपीएन, जीएससी ग्रीन्स और ईडीपीआर सनसीप के साथ क्लीन व सौर ऊर्जा निवेश पर चर्चा होगी। सिंगापुर एयरलाइंस इंजीनियरिंग कंपनी के साथ एविएशन क्षेत्र में सहयोग की संभावनाएं तलाशी जाएंगी।

### जापान में 8 कंपनियों के प्रतिनिधियों से होगी भेंट

मुख्यमंत्री जापान प्रवास के दौरान आठ प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। कुबोटा और सुजुकी के साथ ऑटोमोबाइल निवेश, टोक्यो इलेक्ट्रॉन के साथ सेमीकंडक्टर, तोशिबा के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग तथा टोयो डेंसो, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स और नागासे एंड कंपनी के साथ ऑटोमोबाइल सप्लाई चेन सहयोग प्रमुख एजेंडा रहेंगे।

### जी-टू-बी और राउंड टेबल बैठकों के जरिए करेंगे संवाद

दौरे के दौरान आयोजित जी-टू-बी और राउंड टेबल बैठकों में मुख्यमंत्री प्रदेश की औद्योगिक नीति, भूमि बैंक, एक्सप्रेसवे नेटवर्क, लॉजिस्टिक्स व्यवस्था और कौशल विकास से जुड़े पहलुओं पर निवेशकों के साथ संवाद करेंगे। सरकार को उम्मीद है कि इन बैठकों से निवेश प्रस्तावों को गति मिलेगी और संयुक्त परियोजनाओं का रास्ता साफ होगा। मुख्यमंत्री की यह यात्रा न केवल निवेश आकर्षित करने का प्रयास है, बल्कि वैश्विक मंच पर 'ब्रांड यूपी' को सशक्त रूप से स्थापित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। मुख्यमंत्री चार दिन के इस दौरे में निवेशकों के सामने नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर रखेंगे, जहां मजबूत कानून व्यवस्था, नीति स्थिरता और तेज कनेक्टिविटी निवेश के लिए अनुकूल

**एमसीसी उल्लंघन का मामला**

# झारखंड में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी समेत सौ अन्य पर एफआईआर



एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड में भाजपा नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी समेत 100 अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। पुलिस ने रविवार को इसकी पुष्टि की। ये शिकायत गिरिडीह जिले में निकाय चुनाव से ठीक पहले आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में दर्ज की गई है।

मामला शनिवार रात फ्लाइंग सर्विलांस टीम की शिकायत पर टाउन थाना क्षेत्र में दर्ज किया गया। आरोप है कि शाम 5 बजे चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद भी मरांडी कथित तौर पर एक होटल में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे थे। गिरिडीह के उपायुक्त रामनिवास यादव ने बताया कि शनिवार शाम टाउन थाने में एमसीसी उल्लंघन की शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर एफआईआर की गई। टाउन थाना के एक अधिकारी के अनुसार, प्राथमिकी में बताया गया है कि प्रचार का समय खत्म होने के बाद भी बैठक हो रही थी। बाबूलाल मरांडी फिलहाल राज्य में नेता प्रतिपक्ष हैं।

### आरोपों पर क्या बोले नेता प्रतिपक्ष

आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए मरांडी ने कहा कि वह होटल के रेस्तरां में खाना खाने गए थे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा- जब कोई राजनीतिक नेता कहीं भोजन के लिए जाता है, चाहे होटल हो या किसी का घर, लोग अपने आप एकट्ठे हो जाते हैं। इधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा के गिरिडीह जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से चुनाव नियमों का उल्लंघन कर बैठक की जा रही थी। उन्होंने प्रशासन से मरांडी को निर्धारित चुनाव क्षेत्र से बाहर करने की मांग की।

## पेज एक का शेष

### एआई समिट ...

घटना घटी, कांग्रेस के साथी दलों ने कांग्रेस की भरपूर आलोचना की हिम्मत दिखाई है। मैं इसके लिए उनका सार्वजनिक रूप से आभार व्यक्त करता हूं।

### ये भाजपा का समारोह...

थू-थू हो रही है, लेकिन दुर्भाग्य देखिए। इतनी पुरानी पार्टी के नेता लाजने के बजाय बेशर्मी के साथ बोलते हैं। और ये मामला कांग्रेस की हरकतों का लगातार चल रहा है।

### अब कांग्रेस देश...

दलों ने कांग्रेस की भरपूर आलोचना करने की हिम्मत दिखाई है। मैं उनका सार्वजनिक रूप से आभार व्यक्त करता हूं।

**हमें चरण सिंह जी को भारत रत्न देने का सौभाग्य मिलाः** पीएम मोदी ने कहा कि मेरठ, हापुड़ और आसपास के क्षेत्र ने चौधरी चरण सिंह जी के विजन को शुरुआती दौर से देखा है। ये हमारी सरकार का सौभाग्य रहा कि हमें चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न देने का सौभाग्य मिला। भाजपा की डबल इंजन की सरकार उनके विजन पर चलते हुए किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रही है। अब तक यूपी के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के तहत लगभग 95 हजार करोड़ रुपए मिल चुके हैं।

### ट्रेड डील पर...

और भारत के करीब 18% निर्यात अमेरिका को जाते हैं। 2024-25 में दोनों देशों के बीच कुल व्यापार करीब 186 अरब डॉलर का रहा था। मामले से जुड़े एक सूत्र ने भारत-यूएस ट्रेड डील के लिए भारतीय वार्ताकारों की टीम के अमेरिकी दौरे के बारे में दोनों पक्षों की राय के बारे में जानकारी शेयर की। इसमें मीटिंग को टालने का कारण बताते हुए कहा गया है कि दोनों पक्षों का मानना है कि भारतीय चीफ नेगोशिएटर और टीम का प्रस्तावित दौरा तब तय किया जाए, जब दोनों को लेटेस्ट डेवलपमेंट और उनके असर को समझने का समय मिल जाए। ट्रेड डील पर होने वाली इस मीटिंग को आपसी सहमति से तय तारीख पर रीशेड्यूल किया जाएगा।

**टैरिफ बदलाव से भारत अमेरिकी ट्रेड डील संकट में :** भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर सहमति बन गई थी और इसे लेकर फ्रेमवर्क जारी हो चुका है। दोनों देशों ने कहा था कि इस फ्रेमवर्क को जल्द लागू किया जाएगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की दिशा में बातचीत आगे बढ़ेगी। भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान के मुताबिक, यह फ्रेमवर्क 13 फरवरी 2025 को शुरू हुई भारत-अमेरिका बीटीए वार्ता को आगे बढ़ाएगा। इस समझौते में आगे चलकर बाजार पहुंच, सप्लाई चेन को मजबूत करने और ट्रेड बैरियर कम करने जैसे प्रावधान शामिल होंगे।केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने 20 फरवरी को बताया था कि समझौता फरवरी के अंत तक फाइनल होना था। मार्च में इस पर हस्ताक्षर होने थे, वहीं अप्रैल से ये समझौता पूरी तरह लागू होता। इसके साथ ही भारत आने वाले कुछ महीनों में दुनिया के बड़े देशों साथ व्यापारिक समझौतों पर अंतिम मुहर लग जाती।

**भारत ने अपने कृषि और डेयरी सेक्टर सुरक्षित रखे थे :** भारत और अमेरिका के बीच कृषि और डेयरी सेक्टर के कारण ट्रेड डील रुका हुआ था। हालांकि, फरवरी में जारी फ्रेमवर्क में भारत ने अपने कृषि और डेयरी सेक्टर को पूरी तरह सुरक्षित रखा। मंत्री पीयूष गोयल ने बताया था कि भारत ने मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पोल्ट्री, दूध, पनीर, एथेनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियों और मांस जैसे कृषि और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह संरक्षित रखा है। इन उत्पादों पर अमेरिका को कोई टैरिफ रियायत नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि यह फैसला किसानों की आय, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। हालांकि, संयुक्त बयान के अनुसार भारत ने कुछ अमेरिकी कृषि और खाद्य उत्पादों पर आयात शुल्क खत्म या कम करने पर सहमति जताई है। इनमें ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन्स, पशु चारे के लिए रेड सोरघम, ड्राई फ्रूट्स, ताजे और प्रोसेस्ड फल, सोयाबीन ऑयल, वाइन और स्पिरिट्स शामिल हैं।

### आप भ्रष्टाचार मामले में...

राजधानी और भारत का 'मैनचेस्टर' भी कहा जाता है, मुझे आमंत्रित करने के लिए आप सब का वंदन करता हूं। यह रैली केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि परिवर्तन का संदेश है। पंजाब भारत की आत्मा है। यह सीमाओं का प्रहरी है, खेतों की खुशबू है, ढोल की थाप है, गुरूओं की वाणी है और शौर्य की पहचान है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कांग्रेस पार्टी व आम आदमी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि दोनों पार्टियां भ्रष्टाचार में लिप्त है। आम आदमी पार्टी तो भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस से भी चार कदम आगे है। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों ने मन बना लिया है कि पंजाब में भाजपा की सरकार बनानी है। लोग कांग्रेस और आप को बाहर करने का कार्य करेंगे। सैनी ने इस मौके पर कहा कि आम आदमी पार्टी ने चार साल में कुछ नहीं किया। लोगों से झूठ बोला, झूठे सब्जबाज दिखाए। एक भी वायदा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को दिल्ली की जनता ने बाहर का रास्ता दिखाने का काम किया है। इतना ही नहीं केजरीवाल व उसके नेता अपने आपको कट्टर ईमानदारी कहते थे उनका असली चेहरा सारे देश के सामने आया है। केजरीवाल के साथ-साथ उसके नेता जेल में रहे है, इस बात का प्रमाण है। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार को जन्म दिया, जबकि आम आदमी पार्टी ने इस पर अंकुश लगाने की बजाए, उसे बढाया है, चार कदम इनसे भी आगे है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपस्थित सभी लोगों से आहवान किया कि पंजाब को नम्बर वन का सूबा बनाने के लिए वर्ष 2027 में पंजाब में भाजपा की सरकार लाने का काम करे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा व रैली के आयोजक राजेश मिश्रा ने भी उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनाने के लिए आहवान किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष लुधियाना रजनीश धीमान के साथ-साथ अन्य पदाधिकारीगण व समाज के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### दस युवा वकीलों को...

है, इसका उद्देश्य असहमति को जगह देना और समाज के ज्वलंत मुद्दों को उठाना होगा। यह संवैधानिक वार्तालाप को पुनर्स्थापित करने का प्रयास है, जिसमें नागरिक, न्याय, संविधान और नेताओं को केंद्र बिंदु बनाकर चर्चा की जाएगी। इस श्रृंखला के प्रथम एपिसोड में सिंघवी स्वयं शामिल हैं, जो शीघ्र ही जारी होगा। इससे संवाद की जीत और दमन की हार का संदेश देने का प्रयास होगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि इसी तरह, पार्टी एक रैपिड रिस्पॉन्स फोर्स बना रही है। इसके तहत हर जिले में कम से कम 5-7 वकीलों और कानून के जानकार ऐसे लोगों का डेटाबेस तैयार किया जा रहा है, जो ज्वलंत मुद्दों पर कांग्रेस का पक्ष मजबूती से रख सकें और आवश्यकता पड़ने पर पार्टी के नेताओं को कोर्ट में मदद कर सकें। यह कार्यक्रम विशेष रूप से जमीनी स्तर पर सक्रिय स्थानीय नेताओं को क़ानूनी सहयोग देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, जो विशेषकर भाजपा-शासित राज्यों में धमकी और दबाव का सामना कर सकते हैं। इसमें कांग्रेस से जुड़े या सहानुभूति रखने वाले लोग (लेकिन जरूरी नहीं कि पार्टी सदस्य) शामिल होंगे। साथ ही एक डिजिटल डायरेक्टरी बनाई जा रही है, जिसमें पूरे देश के कानूनी सहयोगियों के संपर्क विवरण होंगे। इससे "कोर्ट से जमीन तक" हर जिले में एक कानूनी ढाल तैयार होगी। सिंघवी ने कहा कि 80 प्रतिशत प्राथमिक सूची तैयार हो चुकी है। उन्होंने बताया कि आरटीआई कानून एक क्रांतिकारी परिवर्तन लेकर आया था, लेकिन आज इसे लगातार कमजोर किया जा रहा है। जब पारदर्शिता को घोंटने का काम किया जा रहा है, तो ये जरूरी हो जाता है कि इस कानून की मूल भावना और उसकी मजबूती को पुनर्स्थापित करने के लिए एक संरचित राष्ट्रीय संवाद शुरू किया जाए। इसलिए निकट भविष्य में इस विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन की घोषणा की जाएगी। इसमें पूर्व सूचना आयुक्तों, न्यायविदों, नागरिक समाज के प्रतिनिधियों, आरटीआई कार्यकर्ताओं, पत्रकारों और नीति विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाएगा। इसका उद्देश्य आरटीआई ढांचे की वर्तमान स्थिति का गंभीर मूल्यांकन करना, संस्थागत एवं विधायी कमियों की पहचान करना और कानून को सशक्त बनाने के लिए ठोस सुझाव तैयार करना है। सम्मेलन के अंत में एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसमें निष्कर्ष और सिफारिशें शामिल होंगी। इस रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाएगा।

**योगी गए विदेश तो अखिलेश यादव ने कसा तंज**

# 100 विधायक लाओ-मुख्यमंत्री बन जाओ, ऑफर की वैलिडिटी बताई



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सियासी माहौल धीरे-धीरे गरमाने लगा है। रविवार को जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ से कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में एक प्रेस कांफ्रेंस की। सपा प्रमुख ने इसमें रविवार से शुरू हो रही सीएम योगी की विदेश यात्रा (सिंगापुर और जापान) पर तंज कसा और दोनों डिप्टी सीएम का उल्लेख करते हुए कहा कि सीएम तो बाहर जा रहे हैं, पीछे से हम ऑफर देते हैं कि 100 विधायक लेकर आएं और यूपी के सीएम बन जाएं। यह ऑफर दोहराते हुए उन्होंने दोनों डिप्टी सीएम का जिक्र करते हुए दोहराया कि जो 100 विधायक लाएगा वो सीएम बन जाएगा। उन्होंने इस ऑफर की वैलिडिटी भी बताई। कहा कि एक हफ्ते तक के लिए यह ऑफर है।

प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कई और मुद्दों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे पीड़ा बढ़ रही है, वैसे-वैसे पीडीए परिवार भी बढ़ रहा है। सीएम योगी की विदेश यात्रा पर एक और तंज कसते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि किसी चापलूस अधिकारी की सलाह पर वो वहां जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जापान जाकर उन्हें अफसोस होगा कि दस साल में उन्होंने क्या नहीं किया। सपा प्रमुख ने भ्रष्टाचार का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि पानी की टंकियां अब भ्रष्टाचार का भार नहीं सह पा रही हैं। एक लाख करोड़ की बुलेट ट्रेन अब दो लाख करोड़ में बन रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भले ही उनकी सुरक्षा हटा ली जाए लेकिन वह सरकार को हटाकर ही मानेंगे।

# सिर की हड्डियां टूटीं, 10 दिन वेंटिलेटर पर रहा

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

मोबाइल गेम का शौक गोरखपुर एक किशोर के लिए खतरनाक साबित हुआ। खेलते हुए ध्यान भटका तो वह छत की सीढ़ियों से नीचे गिर पड़ा। सिर की हड्डियां टूटने के साथ ब्रेन हेमरेज हो गया। सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराने पर इमरजेंसी सर्जरी हुई। करीब 10 दिन वेंटिलेटर पर रहने के बाद अब वह खतरे से बाहर है। न्यूरोसर्जन डॉ. सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि महराजगंज के परतावल के रहने वाले एक किशोर को मोबाइल गेम पबजी की लत लग चुकी थी। परिजनों के मना करने पर वह हिंसक हो जाता। दस दिन पहले छत पर बैठकर गेम खेल रहा था। किसी ने नीचे बुलाया तो सीढ़ी से उतरते हुए मोबाइल स्क्रीन से नजर नहीं हटाई। पैर फिसला और वह ऊंचाई से गिर पड़ा। सिर की हड्डी कई टुकड़ों में टूट गई। दिमाग के आंतरिक हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। जबड़ा भी टूट गया। परिजनों ने खून से लथपथ अचेत किशोर को अस्पताल पहुंचाया। सीटी स्कैन में सिर की हड्डियां टूटने और दिमाग पर दबाव की पुष्टि हुई। इमरजेंसी सर्जरी में टूटी हड्डियों को जोड़कर प्लेट लगाई गई। क्षतिग्रस्त हिस्से निकाले गए। चार घंटे तक चली सर्जरी के बाद आईसीयू में वेंटिलेटर पर रखा गया। अब मरीज होश में है और वेंटिलेटर से बाहर आ चुका है।



# पलामू में मॉब लिंचिंगः चोरी के आरोप में युवक की पीट-पीटकर हत्या, अस्पताल में तोड़ा दम

**घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल**

एजेंसी ▶▶ पलामू

झारखंड के पलामू जिले के पड़वा थाना क्षेत्र से सनसनीखेज मामला सामने आया है। कोकरसा गांव निवासी 25 वर्षीय पवन कुमार की शनिवार रात ग्रामीणों ने कथित तौर पर चोरी के आरोप में बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल युवक को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है।

पड़वा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि शनिवार देर रात सूचना मिली कि कोकरसा गांव के तेलियाही टोले में कुछ ग्रामीण एक युवक को चोरी के आरोप में पीट रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वहां पवन कुमार गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। पुलिस ने उसे तुरंत इलाज के लिए मेदिनीनगर स्थित मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। हालांकि डॉक्टरों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने युवक पर चोरी का आरोप लगाया था। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। मारपीट में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



## शिक्षा विभाग के भ्रष्टाचार से तंग शिक्षक की खुदकुशी मामले में ऐक्शन

**देवरिया।** यहां शिक्षा विभाग के भ्रष्टाचार और प्रताड़ना से तंग आकर एक शिक्षक के खुदकुशी कर लेने से हड़कंप मच गया है। इस मामले में अब ऐक्शन शुरू हो गया है। सबसे पहले बेसिक शिक्षा विभाग दफ्तर के संजीव सिंह नाम के उस क्लर्क को सस्पेंड कर दिया गया है जिस पर शिक्षक ने अपने सुसाइड नोट में प्रताड़ित करने और 16 लाख रुपए लेने का आरोप लगाया था। डीएम दिव्या मित्तल ने मामले की जांच के लिए अफसरों को दौड़ा दिया है। सीडीओ राजेश सिंह की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एक जांच कमेटी बनाई गई है। इसमें ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा और डीआईओएस शिवनारायन सिंह को भी शामिल किया गया है। यह कमेटी तीन दिनों में अपनी रिपोर्ट देगी।



## 'द केरल स्टोरी 2' पर भड़के अनुराग बोले- 'फिल्ममेकर लालची

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह और उनके बैनर 'सनशाइन पिक्चर्स' के सपोर्ट से बनी 'द केरल स्टोरी 2 – गोज बियॉन्ड' का ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया, जिसे लेकर अब एक नया विवाद शुरू हो गया है। फिल्म के ट्रेलर में दिखाए गए कुछ सीन्स को लेकर कॉन्ट्रोवर्सी शुरू हो गई है, खासतौर पर बीफ वाले सीन को लेकर। इस विवाद पर अब बॉलीवुड के जाने-माने निर्देशक अनुराग कश्यप ने भी प्रतिक्रिया दी है और फिल्म की कड़े शब्दों में आलोचना की है। निर्देशक ने कहा कि 'द केरल स्टोरी पूरी तरह से बकवास है। ये पूरी तरह से प्रोपेगेंडा फिल्म है। मुझे नहीं पता कि इस फिल्म का क्या इरादा है।

**लाइफ Style**



## सामंथा
### काम पर की वापसी

साउथ इंडियन फिल्मों की सबसे पॉपुलर एक्ट्रेसेज में से एक सामंथा रुथ प्रभु, बीते कई दिनों से अपनी शादी को लेकर चर्चा में थीं। शादी के बाद वो अपने पति राज निदिमोरु के साथ समय बिता रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई


शादी के बाद और पति संद क्वालिटी टाइम बिताने के बाद एक्ट्रेस ने काम पर भी वापसी कर ली है। सामंथा की शादी के बाद पहली फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। एक्ट्रेस ने खुद नया पोस्टर शेयर कर ये न्यूज फैंस को बताई है। सामंथा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी आगामी फिल्म 'मा इंटी बंगाराम' का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर के साथ उन्होंने फिल्म की रिलीज की तारीख भी अनाउंस कर दी है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 15 मई को रिलीज होने वाली है। फिल्म के पोस्टर में सामंथा का साइड फेस दिख रहा है वो एक दीवार के पीछे से झांकती हुई दिख रही हैं। इसे शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने पोस्टर में लिखा, 'इस गर्मी में थिएटर में मिलते हैं। सामंथा को दोबारा स्क्रीन पर देखने के लिए उनके फैंस काफी एक्साइटेड हैं। जैसे ही एक्ट्रेस ने फिल्म का पोस्टर और रिलीज की तारीख का ऐलान किया इस पोस्ट पर लोगों के कमेंट्स आना भी शुरू हो गए। कई यूजर्स ने लिखा कि वो इस फिल्म के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकते। तो कई लोगों ने लिखा कि आज की सबसे बेस्ट न्यूज है। इस फिल्म के निर्माता सामंथा के पति राज निदिमोरु हैं।

**हॉलीवुड मसाला**



## लॉस एंजेलिस में स्पॉट हुई केंडल

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी सुपरमॉडल और रियलिटी टीवी स्टार केंडल जेनर एक बार फिर अपने स्टाइलिश लुक को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उन्हें लॉस एंजेलिस में स्पॉट किया गया, जहां उनका स्पोर्टी और चिक अंदाज़ देखने को मिला। इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो 30 वर्षीय केंडल जेनर ने इस दौरान व्हाइट कलर की स्पोर्ट्स ब्रा और मैचिंग लाउंज पैंट पहनी। उन्होंने पैंट की इलास्टिक कमर को थोड़ा मोड़कर पहना, जिससे उनका फिट फिगर और एब्स साफ नजर आ रहे थे।



## किम ने किए फेमस कर्व्स फ्लॉन्ट...

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस किम कार्दशियन अपने स्टनिंग और स्टाइलिश लुक्स से कभी भी लोगों को इम्प्रेस करने से नहीं चूकतीं। हाल ही में उन्होंने यूरोप के एक ट्रिप के बाद अमेरिका लौटते हुए अपने फेमस कर्व्स फ्लॉन्ट किए। इस दौरान किम अपने लुक और स्टाइल से फैंस का खूब दिल जीतती आईं। उनकी ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। होमटाउन कैलाबासस लौटने पर किम कार्दशियन का अंदाज़ किसी रनवे मॉडल से कम नहीं था। उन्होंने ब्लैक लेदर आउटफिट पहना, जिसमें एक छोटा सा टॉप और उसके ऊपर लेदर कोट शामिल था। इस लुक में किम ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।



## टिस्का ने शेयर की मजेदार पोस्ट...

**मुंबई।** अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वे जिंदगी के कुछ खास पलों की यादें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। उन्होंने कुछ ऐसा ही करते हुए एक मजेदार पोस्ट शेयर किया। अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि आराम और काम के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने लिखा, "घर से काम करना सुनने में बहुत अच्छा लगता है, लेकिन जब दो लेखक एक ही डाइनिंग टेबल पर काम करें तो मुश्किल हो जाता है। मुझे समझ आया है कि घर में साफ सीमाएं होना बहुत जरूरी है, ऐसी जगह जहां आप ध्यान से काम कर सकें, समय पर काम खत्म करें, और फिर सुकून से घर जैसा महसूस कर सकें। काम काम की जगह रहे और घर, घर जैसा ही रहे।"



## सोशल मीडिया बैन के सपोर्ट में उतरे...

**मुंबई।** सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल और एआई के बढ़ते चलन से बच्चों पर पड़ रहे नकारात्मक असर की चपेट में बच्चे जल्दी आते हैं, जिसका असर उनके मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और व्यक्तित्व पर पड़ता है। कुणाल कपूर ने बच्चों के सोशल मीडिया एक्सेस पर रोक लगाने का सपोर्ट किया। उन्होंने कहा कि यह कदम 'एंटी-टेक्नोलॉजी' नहीं बल्कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए है। कुणाल का कहना है कि सोशल मीडिया के एल्गोरिदम इस तरह बनाए जाते हैं कि बच्चे घंटों स्क्रॉल करते रहें, जिससे उनकी एकाग्रता, नींद और भावनात्मक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। कुणाल ने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक खबर शेयर की, जिसमें लिखा था कि 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने पर सरकार विचार कर रही है।

**टीवी मसाला**

## 'बींदणी' एक नया और चुनौतीपूर्ण सफर: कुशाग्र

**मुंबई।** टीवी इंडस्ट्री में हर शो में कुछ किरदार ऐसे होते हैं जो दर्शकों का दिल तुरंत जीत लेते हैं, तो कुछ किरदार ऐसे भी होते हैं जो दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देते हैं। ऐसा ही एक किरदार अभिनेता कुशाग्र



दुआ सन नियो पर प्रसारित होने वाले शो 'प्रथाओं की ओढ़े चुनरीः बींदणी' में निभा रहे हैं, जो एक ग्रे शेड रोल है। कुशाग्र दुआ ने बताया कि उन्हें यह शो और किरदार मिलना उनके लिए एक नई जर्नी जैसा है। उन्होंने कहा, 'शो में मैं 'गर्व' नाम के लड़के का किरदार निभा रहा हूं, जो अपनी बुआ, फूफा और उनके बच्चों के साथ रहता है। गर्व की जिंदगी में सबसे बड़ा खालीपन उसके माता-पिता का न होना है। इसी कमी ने उसके भीतर गहरा दर्द और गुस्सा भर दिया है।' कुशाग्र ने बताया, 'यही दर्द धीरे-धीरे गर्व को कठोर बना देता है और वह लड़कियों से नफरत करने लगता है। उसे प्यार जैसी भावना पर बिल्कुल भरोसा नहीं है और वह उन लड़कों से भी चिढ़ता है जो प्यार में पड़कर अपना सब कुछ दांव पर लगा देते हैं। गर्व को लगता है कि प्यार के नाम पर लोग जो कुर्बानियां देते हैं, वह सच्चा प्यार नहीं बल्कि मजबूरी और दिखावा है।

## रजनीकांत की जेलर में होगी शाहरुख खान की एंट्री!

**मुंबई।** साउथ सिनेमा में इन दिनों लगातार बड़े एक्टर्स की धमाकेदार फिल्में रिलीज हो रही हैं। इन दिनों यश की टॉक्सिक चर्चा में बनी हुई है। हाल ही में फिल्म का टीजर आया था, जो कि यूट्यूब पर खूब धमाल मचा रहा है। वहीं, अब रजनीकांत की जेलर 2 को लेकर भी अपडेट सामने आया है। इस फिल्म का ही दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



इसके अलावा ये भी बताया जा रहा है कि रजनीकांत की जेलर 2 में शाहरुख खान भी नजर आने वाले हैं।

दरअसल, शाहरुख खान इस साल बड़े पर्दे पर फिल्म किंग से वापसी करने वाले है, जिसमें उनकी बेटी सुहाना खान और एक्टर अभिषेक बच्चन नजर आएंगे। हालांकि वह किंग के अलावा रजनीकांत की जेलर 2 में भी दिखाई देंगे। रिपोर्ट के मुताबिक शाहरुख खान जेलर 2 में कैमियो रोल में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स में ये भी बताया गया है कि शाहरुख खान जल्द ही जेलर 2 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। एक्टर इस फिल्म के लिए 7 से 8 दिनों तक शूट करेंगे। बताया जा रहा है कि शाहरुख खान मार्च 2026 में जेलर 2 के सेट पर पहुंच कर अपनी शूटिंग करेंगे। क्योंकि फिल्म का सिर्फ एक हिस्सा शूट होने के लिए बचा है और इस मूवी की लगभग शूटिंग पूरी हो चुकी है। हालांकि शाहरुख खान को लेकर अभी भी मेकर्स ने कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है।

## 'ड्रैगन' के एक साल पूरे, कयादू ने जताया आभार

**मुंबई।** साउथ सिनेमा अक्सर अपनी फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीतने में कोई कमी नहीं छोड़ता है। उनकी फिल्मों की स्टोरीलाइन और कलाकारों का काम दर्शकों को बहुत आकर्षित करता है। इसी कड़ी में तमिल सिनेमा की रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'ड्रैगन' एक ऐसी फिल्म थी, जिसने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। फिल्म के एक साल पूरे होने पर अभिनेत्री कयादू ने इंस्टाग्राम पर खुशी जाहिर की।

उन्होंने फिल्म के सेट से कुछ पुरानी तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, ड्रेगन को रिलीज हुए 1 साल पूरा हो गया है। यही वो सफर है, जहां से सब कुछ शुरू हुआ था। मुझे अपने दिल में जगह देने और इतने प्यार से अपनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद। पल्लवी हमेशा मेरे लिए खास रहेगी। बहुत-बहुत धन्यवाद और ढेर सारी बधाई। फिल्म को दर्शकों ने काफी सराहा था। वहीं, अभिनेत्री कयादु लोहार के लिए यह फिल्म उनके करियर का बड़ा ब्रेक साबित हुई थी।

तमिल सिनेमा में उनका डेब्यू इसी फिल्म से हुआ था। अश्वथ मरिमुथु द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक कॉमेडी में प्रदीप रंगनाथन लीड रोल में थे और कयादू



लोहार और अनुपमा परमेश्वरन भी अहम रोल में नजर आए थे।

यह फिल्म राघवन की कहानी है, जिसका स्कूल में ब्रेकअप हो जाता है। दिल टूटने के कारण वह पढ़ाई छोड़कर प्यार और ताकत की कमी को पूरा करने के लिए वित्तीय धोखाधड़ी की खतरनाक दुनिया में उतर जाता है। फिर, धीरे-धीरे वह अपने नियंत्रण से बाहर हो जाता है।

## ब्रॉयफ्रेंड संग लंदन की घूम रहीं कृति!

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अक्सर ही अपनी प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस की पिछली फिल्म तेरे इश्क में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही है। इसके बाद इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी काफी पसंद किया गया है। इन सभी के बीच कृति ने कबीर बहिया के साथ अपनी डेटिंग की खबरों को हवा दे दी है। एक्ट्रेस का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ नजर आ रही हैं। दरअसल, कृति सेनन अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के हाथों में हाथ डाले हुए लंदन की सड़कों पर घूमते हुए नजर आ रही हैं, जिसके बाद दोनों की डेटिंग की अफवाहें तेज हो गई हैं। यह वीडियो रेडिट पर शेयर किया गया है, जिसमें कृति ब्राउन जैकेट, ब्राउन टॉप और हल्के नीले रंग की जींस पहने हुए नजर आ रही हैं और कबीर ऑल ब्लू को-ऑर्ड पैंट के साथ स्वेटशर्ट में दिख रहे हैं। इस दौरान दोनों ही बातें करते हुए और हाथों में हाथ डाले हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद लोग भी अलग अलग तरह से अपना रिएक्शन दे रहे हैं। बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब इस तरह से कृति को कबीर के साथ देखा गया है। इससे पहले भी कई बार दोनों साथ दिखे हैं। बीते दिनों कबीर को कृति सेनन की छोटी बहन नुपुर सेनन की शादी में देखा गया था।



**बॉक्स ऑफिस पर मचा दिया था कोहराम**

## फिल्मफेयर पुरस्कार में छाई 'पुष्पा 2', झोली में गिरे सबसे ज्यादा अवॉर्ड

*मुंबई। साल 2024 में अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर कोहराम मचा दिया था। फिल्म ने भारत समेत वैश्विक स्तर पर कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। अब फिल्म दक्षिण सिनेमा के 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार में भी छा चुकी है। अभिनेता और उनकी फिल्म ने एक नहीं, बल्कि कई अवॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। तकरीबन 500 करोड़ के बजट में बनी फिल्म की झोली में सबसे*



*ज्यादा अवॉर्ड आए हैं। अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' ने दक्षिण सिनेमा के 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार समारोह में सबसे ज्यादा अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। तेलुगु भाषा की बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड 'पुष्पा 2' को मिला है। सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड 'पुष्पा 2' के निर्देशक सुकुमार ने अपने नाम किया। इसके साथ बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अल्लू अर्जुन को फिल्म 'पुष्पा 2' के लिए ही मिला है।*

### सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बम का अवॉर्ड मिला

इसके अलावा, सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बम का अवॉर्ड 'पुष्पा 2' के लिए ही देवी श्री प्रसाद को मिला है। बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन का खिताब भी फिल्म पुष्पा-2 के लिए सेट डिजाइनर रामकृष्ण और मोनिका को मिला है। कुल मिलाकर फिल्म के खाते में 5 अवॉर्ड आए हैं। 70वें फिल्मफेयर पुरस्कार में किसी दूसरी फिल्म को अलग-अलग कैटेगरी में इतने अवॉर्ड्स नहीं मिले हैं।

### वैश्विक स्तर पर किया था 1800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन

साल 2024 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा-2' ने बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई की। फिल्म ने वैश्विक स्तर पर 1800 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया, जबकि भारत में फिल्म सभी भाषाओं में लगभग 1400 करोड़ कमा चुकी है। इसमें हिंदी बेल्ट का बड़ा योगदान रहा था। फिल्म ने पहले ही दिन 'आरआरआर' और 'केजीएफ' को भी कमाई में पीछे छोड़ दिया था। पहले दिन के ओपनिंग कलेक्शन की बात करें तो 'आरआरआर' ने 133 करोड़ और 'केजीएफ' ने 116 करोड़ का कलेक्शन किया था, लेकिन 'पुष्पा-2' ने पहले ही दिन लगभग 163 करोड़ का कलेक्शन किया, जो दोनों ही फिल्मों से बहुत ज्यादा है।

# एआई समिट में कांग्रेस के प्रदर्शन के विरोध में भाजयुमो ने पीसीसी का किया घेराव

# कांग्रेस बोली-कार्यालय में तोड़फोड़ की, भाजपा ने कहा-कांग्रेसियों ने किया पथराव

## भाजपा और कांग्रेस ने हबीबगंज थाने में एक-दूसरे के खिलाफ दर्ज कराए प्रकरण, प्रदर्शन में घायल युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नई दिल्ली में एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन के विरोध में शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा ने भोपाल में कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस से देश से सार्वजनिक रूप से माफी की मांग की। वहीं पीसीसी के बाहर हुए प्रदर्शन में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए।

हालांकि पुलिस ने वाटर कैनन से चलाकर स्थिति पर समय रहते काबू पा लिया। इधर, भाजपा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर प्रदर्शन के दौरान पथराव करने का आरोप लगाया है। वहीं, कांग्रेस ने कार्यालय में तोड़फोड और गालीगलौज का आरोप भाजपा कार्यकर्ताओं पर लगाया है।


प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन चलाती पुलिस।

### भाजपा ने थाने में शिकायत दर्ज कराइ्र, जीतू ने सीएस को लिखा पत्र

भाजपा ने हबीबगंज थाना पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन के दौरान पथराव किए जाने को लेकर शिकायत दर्ज कराई। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, विधायक रामेश्वर शर्मा एवं मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर शामिल रहे। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कांग्रेसियों पर हमले के आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई के लिए सीएस अनुराग जैन को पत्र लिखा है।


टेलर ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित किया।



पीसीसी में मौजूद कांग्रेस नेता शर्मा और पदाधिकारी।


अस्पताल में घायल कार्यकर्ता से मिलने पहुंचे शर्मा।


प्रदर्शन में घायल कार्यकर्ता।

### काउंटर केस दर्ज

भाजपा युवा मोर्चा पदाधिकारी राकेश परस्ते की शिकायत पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ हबीबगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। वहीं कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में तोड़फोड़ को लेकर कांग्रेस नेता प्रदीप अहिरवार ने भाजपा युवा मोर्चा के नामजद 6 कार्यकर्ताओं और 50 से 60 लोगों के खिलाफ हबीबगंज थाने में एफआईआर कराई है।

---

नए शिक्षण सत्र से स्कूलों में दिया जाएगा नि:शुल्क दूध, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने सिंध नदी पर नवनिर्मित सेतु का किया उद्घाटन

# विकास, नवाचार और किसान समृद्धि का रोल मॉडल बन रहा दतिया: सीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि दतिया में एयरपोर्ट के शुभारंभ के साथ दतिया से भोपाल फ्लाईट भी शुरू हो गई है। खजुराहो से नई दिल्ली तक वंदे भारत ट्रेन के जरिए दिल्ली अब दतिया से चंद घंटों की दूरी पर आ गया है। उन्होंने कहा कि दतिया में मां पीताम्बरा लोक का निर्माण तेजी से प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को दतिया जिले के सेवढ़ा तहसील मुख्यालय में 529 करोड़ लागत के 71 विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा करते हुए कहा कि करीब सवा 2 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली रतनगढ़ सिंचाई परियोजना से इस क्षेत्र के 40 हजार से अधिक किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा।

**मुख्यमंत्री ने सेवढ़ा में दी दतिया जिलावासियों को 529 करोड़ रुपए से अधिक के 71 विकास कार्यों की सौगात**

**सवा 2 हजार करोड़ रुपए की रतनगढ़ परियोजना से 40 हजार किसानों को मिलेगा सिंचाई सुविधाओं का लाभ**


कार्यक्रम में भगवान की मूर्ति लिए सीएम।

### केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का दतिया को मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कभी पेयजल संकट से जूझने वाला दतिया में आज हर घर में नल से जल पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना पर काम चल रहा है। इसका भरपूर लाभ दतिया जिले के किसानों को भी मिलेगा। अब किसानों को सिंचाई के लिए पानी की चिंता करने की जरूरत नहीं है। दतिया जिले में 1.48 लाख हेक्टेयर से अधिक भू-रकबे में सिंचाई सुविधा का विस्तार होने से यहां कृषि उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है। दो सालों में यहां 7 लघु सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ जिले के 1.37 लाख से अधिक किसानों को मिल रहा है। फसल बीमा योजना यहां के 1.26 लाख से अधिक किसानों का सुरक्षा कवच बनी है।

### प्रमुख घोषणाएं

मुख्यमंत्री ने दतिया से बेहतर कनेक्टिविटी के लिए 475 करोड़ रुपए से नई सड़क बनाने की घोषणा की। उन्होंने इंदरगढ़ में नवीन बस स्टैंड की घोषणा करते हुए कहा कि सौंदर्यीकरण कार्यों के लिए भी राशि दी जाएगी। सेवढ़ा में नया इंडोर स्टेडियम बनाया जाएगा। इंदरगढ़ में 8.5 किमी लंबा बायपास बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने द्वारका योजना के अंतर्गत नगर परिषद सेवढ़ा को विभिन्न विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार संबल योजना के माध्यम से मुश्किल वक्त में गरीब भाई-बहनों के परिवार के साथ खड़ी है। प्रदेश की बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए की सौगात दी जा रही है। प्रदेश में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से ही स्कूलों में निः शुल्क दूध वितरित की योजना शुरू की जाएगी। इससे बच्चों को पोषण का लाभ मिलेगा।

---

अतिथियों ने युवाओं की नेतृत्व क्षमता और संवैधानिक समझ की सराहना की

# बीयू में मंथनः द यूथ पार्लियामेंट 2026 में संसद और विधानसभा को किया जीवंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में मंथनः द यूथ पार्लियामेंट, 2026 का आयोजन किया गया। शुरुआत प्रो. मोना पुरोहित, विभागाध्यक्ष विधि शिक्षण एवं शोध संस्थान द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह तोमर, अध्यक्ष, मध्य प्रदेश विधानसभा रहे। उन्होंने कहा कि यह देश युवाओं का है और युवाओं को अनुशासन एवं संस्कार के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। बीयू के कुलगुरू प्रो. एसके जैन ने कहा कि जीवन में संस्कारों का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

### विस अध्यक्ष तोमर ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने प्रेरित किया

विशिष्ट अतिथि डॉ. विनय कुमार सिंह, डायरेक्टर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी फाउंडेशन, नई दिल्ली तथा अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली रहे। सभी अतिथियों ने युवाओं के तर्क, नेतृत्व क्षमता और संवैधानिक समझ की सराहना की। विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों का धन्यवाद प्रो. विवेक कुमार शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। बीयू में यूथ पार्लियामेंट सत्र आयोजित किए गए। इनमें राज्यसभा का विषयः एक समान नागरिक संहिता लोकसभा का विषयः एक देश, एक चुनाव,भारतीय महिला संसद का विषयः पर्यावरण बनाम औद्योगिक विकास मध्य प्रदेश विधानसभा का विषयः सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा पर विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रस्तुत तर्कों से ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो वास्तविक संसद अथवा विधानसभा का सत्र संचालित हो रहा हो।

---

समिति ने सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई में की शिकायत

# पूर्व सचिव ने किया पारस सिटी सोसाइटी के कार्यालय पर कब्जा


पारस सोसाइटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के ई-3 अरेरा कॉलोनी स्थित पारस सिटी सोसाइटी के कार्यालय हस्तांतरण के विवाद की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में की गई है। सोसाइटी की वर्तमान कार्यकारिणी समिति ने इस मामले की शिकायत कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह से जनसुनवाई में की है। जानकारी के अनुसार कार्यालय का हस्तांतरण मई 2025 में वर्तमान कार्यकारिणी को होना था, लेकिन पूर्व सचिव अजय त्रिपाठी ने अब तक कार्यालय से अपना कब्जा नहीं छोड़ा है। नई कार्यकारिणी समिति ने जब कार्यालय खाली करने की मांग की तो समिति पदाधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया।

---

कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुन बोले मुख्यमंत्री

# सकारात्मक प्रयासों का सशक्त मंच बन रहा 'मन की बात'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सीएम विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 131वें एपिसोड का जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों के साथ श्रवण किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, विधायक प्रबोध मिंज सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' देश के कोने-कोने में हो रहे सकारात्मक और प्रेरक प्रयासों को सामने लाने वाला सशक्त मंच बन चुका है। यह कार्यक्रम सेवा, नवाचार और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूती देता है और हर माह लोग इसके प्रसारण का इंतजार करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत की बढ़ती क्षमता और संभावनाओं पर प्रकाश डाला। हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट में भारत की तकनीकी ताकत को विश्व स्तर पर सराहा गया।



### स्टार्टअप में छत्तीसगढ़ भी बढ़ रहा आगे

'मेड इन इंडिया' एआई मॉडल लॉन्च होना देश की नवाचार क्षमता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ भी स्टार्टअप संस्कृति और मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए तकनीकी नेतृत्व की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कृषि क्षेत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश में धान की 500 से अधिक किस्मों की खेती हो रही है और भारत विश्व का सबसे बड़ा चावल उत्पादक बन चुका है। इसमें छत्तीसगढ़ सहित देशभर के किसानों, वैज्ञानिकों और नीतिगत प्रयासों का अहम योगदान है। मुख्यमंत्री ने अमूल के माध्यम से डेयरी प्रबंधन में एआई के उपयोग और 'सुश्रुत संहिता' जैसे प्राचीन ग्रंथों के संरक्षण को भारतीय परंपरा और आधुनिक तकनीक के उत्कृष्ट समन्वय का उदाहरण बताया।

### मासूम के अंगदान को बताया मिसाल

कार्यक्रम में केरल की 10 माह की बालिका आलिन शेरिन अब्राहम के अंगदान के निर्णय का उल्लेख करते हुए इसे मानवता की मिसाल बताया गया। साथ ही डिजिटल फ्रॉड और 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे साइबर अपराधों से सावधान रहने, केवाईसी और बैंकिंग सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी महत्वपूर्ण बताया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' का प्रत्येक एपिसोड आत्मनिर्भर भारत, तकनीकी सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता की दिशा में देश के बढ़ते कदमों को दर्शाता है और नागरिकों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करता है।

---

एसजीटीयू में कैडेवर रिसीविंग समारोह का आयोजन

# सेवा व मानवता के सर्वोच्च आदर्शों का प्रतीक है शरीर दान : डॉ नासा



**गुरुग्राम।** देश की प्रतिष्ठित गुरु गोबिंद सिंह ट्राई सेंटेनरी यूनिवर्सिटी (एसजीटीयू) की फैकल्टी ऑफ इंडियन मेडिकल सिस्टम (एफआईएमएस) ने चिकित्सा जगत में नई रिसर्च के लिए किए जाने वाले शरीर दान को सम्मान देने के लिए कैडेवर रिसीविंग समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रो वाइस-चांसलर, प्रो. (डॉ.) अतुल नासा, एफआईएमएस के डीन प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार शर्मा, एसोसिएट डीन डॉ. विद्यावती वी. हिरेमथ और एसजीटी आयुर्वेद अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. प्रवीण चौधरी सहित संकाय, कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे। इस मौके पर श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय से एक कैडेवर प्राप्त किया गया।समारोह की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों और पूजन के साथ हुई, जिसे सहायक प्रोफेसर व्यास ने संपन्न कराया। डॉ. अभिलाषा भारद्वाज, सहायक प्रोफेसर, विभाग रचना शरीर ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया और डॉ. जगजीत सिंह, सहायक प्रोफेसर, विभाग रचना शरीर ने सुनिश्चित किया कि सभी प्रक्रियाएं गरिमा और संजीदगी के साथ संपन्न हों। सभा को संबोधित करते हुए डीन ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में कैडेवर ही आद्य गुरु है पहला शिक्षक जो छात्रों को मानव शरीर की जटिलताओं को समझने में मार्गदर्शन करता है। प्रो. (डॉ.) अतुल नासा ने यह भी कहा कि शरीर दान सेवा और मानवता के सर्वोच्च आदर्शों का प्रतीक है।

---

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

# चाय में मिलाया नशीला पदार्थ, दुष्कर्म के बाद बनाया आपत्तिजनक वीडियो

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर युवती के साथ दुष्कर्म करने और उसके परिजनों को आपत्तिजनक वीडियो भेजने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि वर्ष 2024-25 के दौरान वह पूंजीपथरा क्षेत्र में मजदूरी का काम करती थी।

वहीं उसकी पहचान पंकज यादव 30 वर्ष, निवासी सेंदरीबहार जिला जशपुर नगर से हुई, जो सिंघल गेट प्लांट बंजारी में सुपरवाइजर का काम करता था। पीड़िता के अनुसार 20 मार्च 2025 की शाम आरोपी एक परिचित महिला के साथ उसके कमरे में आया और चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया, जिससे वह बेसुध हो गई। इस स्थिति का फायदा उठाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद अप्रैल माह में आरोपी फिर उसके कमरे में आया और शारीरिक संबंध बनाने के लिए धमकी देने लगा। भयभीत होकर वह अपने गांव चली गई।

**आरोपी के मोबाइल से मिले पीड़िता के आपत्तिजनक वीडियो**



पीड़िता ने बताया कि करीब एक माह पूर्व आरोपी ने उसके मोबाइल से उसका आपत्तिजनक वीडियो निकाल लिया और उसे तथा उसके परिवारजनों के मोबाइल नंबरों पर भेजने लगा, जिससे वह मानसिक रूप से अत्यंत परेशान थी। शिकायत के बाद पूंजीपथरा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के मोबाइल की जांच में पीड़िता का आपत्तिजनक वीडियो मिला, जिसके आधार पर अन्य धाराएं भी जोड़ी गईं। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त कर लिया है।

---

जीएमसी में आर्थराइटिस अपडेट का आयोजन

# इलाज का लक्ष्य दर्द कम करना नहीं, बल्कि मरीज को सामान्य जीवन में वापस लाना है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गठिया (रूमेटाइड आर्थराइटिस) के बदलते स्वरूप, इसके प्रारंभिक निदान और उपचार की नवीनतम रणनीतियों पर चर्चा के लिए राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के अस्थि रोग विभाग द्वारा शनिवार को आर्थराइटिस अपडेट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वैज्ञानिक संगोष्ठी में चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम द्वारा की गई केस-आधारित पैनल चर्चा रही।

इसमें वास्तविक मामलों के माध्यम से डॉक्टरों को यह समझाया गया कि रूमेटाइड आर्थराइटिस का शुरूआती स्तर पर सटीक निदान कैसे किया जाए। विशेषज्ञों ने बीमारी की गंभीरता को मापने के लिए डीएएस-28 स्कोर और रोग के पूरी तरह नियंत्रण में होने की स्थिति को परखने के लिए बूलियन रेमिशन मानदंड के महत्व पर प्रकाश डाला। वर्कशॉप के दौरान ट्रीट टू टारगेट रणनीति पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों का मानना है कि इलाज का लक्ष्य केवल दर्द कम करना नहीं, बल्कि मरीज को एक सामान्य और क्रियाशील जीवन की ओर वापस लाना होना चाहिए।



आर्थराइटिस अपडेट कार्यक्रम में शामिल अतिथि।

### बच्चों और युवाओं में भी बढ़ रहा गठिया रोग

वर्कशॉप में एक महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया कि गठिया को अब केवल वृद्धावस्था से जोडकर देखना एक बड़ी भूल है। विशेषज्ञों ने आगाह किया कि आजकल युवाओं और यहां तक कि बच्चों में भी गठिया के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। यदि सही समय पर उपचार न मिले, तो यह जोड़ों में स्थायी विकृति का कारण बन सकता है, जिससे मरीज भविष्य में दिव्यांगता का शिकार हो सकता है।

---

# समाज की मातृशक्ति ही राष्ट्र की प्राणशक्ति: मंत्री कृष्णा गौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के निर्देशन में मध्यभारत प्रांत में संचालित मातृशक्ति केंद्रित 'सप्तशक्ति संगम' अभियान का प्रांत स्तरीय समापन कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट सुभाष विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि मातृशक्ति त्याग, तपस्या और प्रेम की प्रतिमूर्ति है। वह केवल जन्मदात्री नहीं, बल्कि जीवनदात्री है। यदि समाज को सशक्त बनाना है, तो मातृशक्ति को सशक्त बनाना ही होगा। आज हमारे समाज में युवाओं को सही दिशा देने की आवश्यकता है।



विशिष्ट अतिथि सहायक पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण) डॉ. अंशुमन अग्रवाल ने कहा मातृशक्ति ही परिवार में स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और सामाजिक समरसता जैसे मूल्यों को जीवंत रखती है। यदि माता जागरूक है तो पूरा समाज जागरूक होगा।

चिंतन

# ट्रेड डील पर सावधान और सतर्क रहने की जरूरत

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते (आईटीए) पर अनिश्चितता एक बार फिर गहरा गई है। 23 से 26 फरवरी तक वाशिंगटन में होने वाली बैठक का टल जाना केवल एक तारीख का बदलना नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक व्यापार समीकरणों का संकेत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ संबंधी रुख में 24 घंटे के भीतर आए बदलावों ने इस अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है। पहले सभी वैश्विक टैरिफ को समाप्त करने की बात, फिर 10% का सार्वभौमिक टैरिफ और उसके तुरंत बाद 15% का संशोधित टैरिफ यह क्रम बताता है कि अमेरिकी व्यापार नीति फिलहाल स्थिरता से दूर है। यह अस्थिरता किसी भी देश के लिए रणनीतिक चुनौती से कम नहीं। ऐसे परिदृश्य में भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण है संयम, विवेक और दीर्घकालिक सोच के साथ आगे बढ़ना जरूरी है। मूल प्रस्ताव में भारत पर 18% टैरिफ लागू होने की बात थी। अब जब 15% का ग्लोबल टैरिफ प्रभावी हो रहा है, तो तकनीकी रूप से यह भारत के लिए अपेक्षाकृत राहत की स्थिति है, लेकिन सवाल यह है कि क्या इस राहत को स्थायी माना जा सकता है? जब नीतिगत फैसले इतने कम समय में बदल रहे हों, तब किसी भी समझौते को अंतिम मान लेना जोखिम भरा हो सकता है। यदि अमेरिकी प्रशासन का रुख अस्थिर बना रहता है, तो भारत को हर शर्त का सूक्ष्म मूल्यांकन करना होगा, ताकि भविष्य में अचानक नीति परिवर्तन से भारतीय निर्यातकों को नुकसान न उठाना पड़े। प्रस्तावित समझौते में कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं। जेनेरिक दवाओं, रत्न एवं हीरे और विमान पार्ट्स पर जीरो टैरिफ की बात भारतीय उद्योग के लिए बड़ा अवसर हो सकती है। टेक्सटाइल, चमड़ा, फुटवियर, प्लास्टिक, रबर उत्पाद, ऑर्गेनिक केमिकल्स और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों को अमेरिकी बाजार में बेहतर पहुंच मिलने की संभावना है। अमेरिका का लगभग 30 ट्रिलियन डॉलर का बाजार भारतीय एमएसएमई, किसानों, मछुआरों, महिला उद्यमियों और युवाओं के लिए नए अवसर खोल सकता है। विशेषकर फार्मास्यूटिकल सेक्टर, जिसमें भारत वैश्विक स्तर पर मजबूत स्थिति रखता है, उसे बेहतर शर्तों के साथ प्रवेश मिलने से निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। लेकिन यह अवसर तभी सार्थक होंगे, जब शर्तें स्पष्ट, स्थिर और पारदर्शी हों। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि टैरिफ में दी गई छूट या रियायतें अस्थायी राजनीतिक फैसलों की भेंट न चढ़ें। विमान पार्ट्स पर अमेरिकी सेक्शन 232 के तहत छूट और ऑटो पार्ट्स के लिए टैरिफ रेट कोटा जैसी व्यवस्थाएं भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के लिए सकारात्मक संकेत हैं। लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि अमेरिका अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर भविष्य में किसी भी समय नई शर्तें जोड़ सकता है। भारत को चाहिए कि वह इन प्रावधानों को केवल निर्यात अवसर के रूप में न देखे, बल्कि घरेलू विनिर्माण क्षमता बढ़ाने, गुणवत्ता सुधारने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिके रहने की रणनीति के साथ जोड़े। अमेरिकी नीति में दिख रही अनिश्चितता यह संकेत देती है कि भारत को जल्दबाजी में कोई अंतिम निर्णय नहीं लेना चाहिए। समीक्षा, पुनर्मूल्यांकन और सभी हितधारकों से परामर्श के बाद ही आगे बढ़ना समझदारी होगी। कुल मिलाकर बदलते वैश्विक व्यापार परिदृश्य में भारत को उत्साह नहीं, बल्कि संयम, सावधानी और सतर्कता के साथ कदम बढ़ाने होंगे। यही नीति देश के किसानों, उद्योगों और उभरते उद्यमियों के हितों की वास्तविक रक्षा कर सकेगी।



मुद्दा

महेन्द्र तिवारी

# बदलता टैरिफ और भारत की रणनीति

25 फरवरी 2026 से प्रभावी होने वाले इन 15% के शुल्कों का सीधा प्रहार भारत के औषधीय निर्माण, वस्त्र उद्योग और अभियांत्रिकी वस्तुओं पर पड़ेगा। भारतीय औषधीय क्षेत्र का 20% निर्यात केवल अमेरिका को होता है, जो अब महंगा हो जाएगा। भारत को अब केवल अमेरिका पर केंद्रित न रहकर उन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर पुनः विचार करना आवश्यक है जहां भारतीय वस्तुओं की मांग बढ़ सकती है। अमेरिकी न्यायालय के निर्णय से सिद्ध है कि वहां की लोकतांत्रिक संस्थाएं राष्ट्रपति की शक्तियों पर अंकुश लगा सकती हैं, और भारत को अपनी कानूनी दलीलों और कूटनीतिक वार्ताओं में इसका लाभ उठाना चाहिए। 150 दिनों की समय सीमा भारत के लिए अवसर की खिड़की है जिसमें वह अपनी मोलभाव करने की शक्ति प्रदर्शित कर सकता है।

ट्रंप प्रशासन द्वारा वैश्विक आयात पर लगाए गए नए करों ने अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक जगत में एक अभूतपूर्व हलचल पैदा कर दी है। वर्ष 2026 के शुरुआती महीनों में अमेरिकी शासन और न्यायपालिका के बीच जो खींचतान देखने को मिली है, उसने भारत जैसे बड़े व्यापारिक साझेदारों के लिए अनिश्चितता और अवसर दोनों की स्थिति उत्पन्न की है। 20 फरवरी 2026 को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति द्वारा पूर्व में लगाए गए कुछ विशेष शुल्कों को अवैध ठहराते हुए यह स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम के तहत दी गई शक्तियों का असीमित उपयोग नहीं किया जा सकता। इस न्यायिक निर्णय ने भारत के लिए कुछ समय के लिए राहत की स्थिति उत्पन्न की थी, क्योंकि इससे पारस्परिक करों की दर जो अठारह से पच्चीस प्रतिशत तक जा सकती थी, वह घटकर न्यूनतम व्यापारिक दरों पर आने की संभावना बन गई थी। किंतु इसके तुरंत बाद अमेरिकी नेतृत्व ने व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 122 का प्रयोग करते हुए वैश्विक स्तर पर पहले दस प्रतिशत और फिर पंद्रह प्रतिशत के नए शुल्कों की घोषणा कर दी। ये नए शुल्क 150 दिनों की अवधि के लिए लागू किए गए हैं, जिसका मुख्य आधार भुगतान संतुलन की समस्या को बताया गया है।

भारत के दृष्टिकोण से देखें तो अमेरिका उसका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है, जहां वह प्रतिवर्ष लगभग अठारह प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ अठहत्तर अरब डॉलर से अधिक का माल भेजता है। अमेरिकी प्रशासन का यह तर्क कि अन्य देश दशकों से उनका शोषण कर रहे हैं और व्यापार घाटे को कम करना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक है, भारत के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करता है। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय ने इन परिस्थितियों का सूक्ष्मता से आकलन करना आरंभ कर दिया है। 25 फरवरी 2026 से प्रभावी होने वाले इन पंद्रह प्रतिशत के शुल्कों का सीधा प्रहार भारत के औषधीय निर्माण, वस्त्र उद्योग और अभियांत्रिकी वस्तुओं पर पड़ेगा। भारतीय औषधीय क्षेत्र का लगभग बीस प्रतिशत निर्यात केवल अमेरिका को होता है, जो अब महंगा हो जाएगा। इसी प्रकार वस्त्र उद्योग में दस प्रतिशत की हिस्सेदारी और अभियांत्रिकी वस्तुओं की व्यापक पहुंच पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अमेरिकी वित्त विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि यद्यपि यह कदम वर्तमान में अस्थायी हैं, परंतु आने वाले समय में राष्ट्रीय सुरक्षा और अनुचित व्यापार प्रथाओं से संबंधित अन्य धाराओं के अंतर्गत इन्हें स्थायी रूप से भी लागू किया जा सकता है।

भारत की प्रतिक्रिया इस पूरे विवाद में बहुत ही संतुलित और परिपक्व रही है। भारत सरकार ने नियम-आधारित व्यापार व्यवस्था पर जोर देते हुए यह स्पष्ट किया है कि वह बातचीत के माध्यम से समाधान निकालने की पक्षधर है। 7 फरवरी 2026 को जारी किए गए संयुक्त वक्तव्य में भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा बदलाव करते हुए रूस से कच्चा तेल खरीदने की मात्रा कम करने और उसके बदले अमेरिका से ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी और कोयले की खरीद बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है। यह अनुमान लगाया गया है कि भारत आने वाले समय में अमेरिका से लगभग पांच सौ अरब डॉलर की खरीद कर सकता है, जो दोनों देशों के बीच व्यापारिक संतुलन को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। भारत का मानना है कि यदि द्विपक्षीय व्यापार समझौता सफलतापूर्वक संपन्न होता है, तो वह इन अतिरिक्त शुल्कों से मुक्ति पा सकता है। भारतीय संघ बजट




2026 में भी इस दिशा में दूरदर्शिता दिखाई गई है, जहां निर्यातकों को राहत देने के लिए सीमा शुल्क में कटौती की गई है। व्यक्तिगत आयात पर करों को बीस प्रतिशत से घटाकर दस प्रतिशत करना इसी रणनीति का हिस्सा है।

भारत की आगामी रणनीति बहुआयामी होनी चाहिए ताकि अमेरिकी बाजार पर उसकी निर्भरता कम हो और वह एक स्वावलंबी आर्थिक शक्ति के रूप में उभर सके। सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ निर्यात का विविधीकरण है। भारत को अब केवल अमेरिका पर केंद्रित न रहकर यूरोपीय संघ, दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के संगठन और अफ्रीकी महाद्वीप के उभरते बाजारों की ओर देखना होगा। उन देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर पुनः विचार करना आवश्यक है जहां भारतीय वस्तुओं की मांग बढ़ सकती है। दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष घरेलू विनिर्माण क्षमता को सुदृढ़ करना है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से भारत ने पहले ही स्मार्टफोन और विद्युत चालित वाहनों के क्षेत्र में सफलता प्राप्त की है, जिसे अब अन्य क्षेत्रों में भी दोहराने की आवश्यकता है। मूल्य संवर्धन की श्रृंखला में ऊपर की ओर बढ़ना भारत के लिए अनिवार्य है ताकि वह केवल कच्चे माल का निर्यातक न रहकर उच्च तकनीक वाली वस्तुओं का निर्माता बने। इस व्यापारिक विवाद ने 'मित्र-तटीयकरण' की अवधारणा को भी जन्म दिया है, जिसका अर्थ है कि अमेरिकी कंपनियां चीन जैसे देशों से अपना उत्पादन हटाकर भारत जैसे मित्र राष्ट्रों में स्थानांतरित करें। यह लंबी अवधि में भारत के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है। यदि अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश करती हैं और यहां से वैश्विक आपूर्ति सुनिश्चित करती हैं, तो टैरिफ के प्रभाव को कम किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, भारत को विश्व व्यापार संगठन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भी अपनी आवाज बुलंद रखनी होगी। यदि अमेरिकी प्रशासन धारा 122 का दुरुपयोग करता है, तो भारत को अन्य प्रभावित राष्ट्रों के साथ मिलकर एक सामूहिक मोर्चा बनाना चाहिए। जी-20 और क्वाड जैसे समूह भी इस दिशा में कूटनीतिक दबाव बनाने के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। जवाबी कर लगाना एक अंतिम विकल्प होना चाहिए, क्योंकि इससे व्यापार युद्ध की स्थिति उत्पन्न हो सकती है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक होगी, जैसा कि हमने 2018 में देखा था।

डिजिटल सेवाओं और सॉफ्टवेयर निर्यात के क्षेत्र में भारत की स्थिति अधिक सुरक्षित है क्योंकि ये क्षेत्र भौतिक वस्तुओं पर लगने वाले सीमा शुल्कों से कम प्रभावित होते हैं। भारत को अपनी इस शक्ति का लाभ उठाना चाहिए। साथ ही, निर्यातकों के लिए बीमा योजनाओं और धन वापसी की प्रक्रियाओं को सरल बनाना होगा। अमेरिकी न्यायालय के निर्णय ने यह सिद्ध कर दिया है कि वहां की लोकतांत्रिक संस्थाएं राष्ट्रपति की शक्तियों पर अंकुश लगा सकती हैं, और भारत को अपनी कानूनी दलीलों और कूटनीतिक वार्ताओं में इस पक्ष का लाभ उठाना चाहिए। 150 दिनों की समय सीमा भारत के लिए एक अवसर की खिड़की है जिसमें वह अपनी मोलभाव करने की शक्ति का प्रदर्शन कर सकता है। प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच होने वाली उच्च स्तरीय वार्ताएं इस गतिरोध को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अंततः, ट्रंप प्रशासन की आक्रामक व्यापारिक नीतियां भारत को अपनी आर्थिक नीतियों के पुनर्मूल्यांकन का संदेश दे रही हैं। यह विवाद न केवल एक चुनौती है, बल्कि भारत के लिए अपनी विनिर्माण शक्ति को वैश्विक मानकों के अनुरूप ढालने का एक संकेत भी है। यदि भारत चतुराई और दृढ़ता के साथ अपनी रणनीति पर चलता है, तो वह इस संकट को एक ऐसे अवसर में बदल सकता है जहां उसकी अर्थव्यवस्था और अधिक लचीली, विविध और स्वतंत्र होकर उभरेगी। वैश्विक व्यापार के इस संक्रमण काल में भारत की भूमिका एक तटस्थ और नियम-पालक राष्ट्र की होनी चाहिए जो अपने हितों की रक्षा के साथ-साथ वैश्विक आर्थिक स्थिरता का भी सम्मान करे। संतुलित मार्ग ही वह एकमात्र रास्ता है जो भारत को एक विकसित राष्ट्र की ओर ले जाएगा और उसे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का एक विश्वसनीय केंद्र बनाएगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

कला बनाम समुदाय

अम्बरीष प्रजापति



# फिल्म 'घूसखोर पंडित' विवाद और अभिव्यक्ति

भारतीय सिनेमा और विवादों का चोली-दामन का साथ रहा है, लेकिन हाल ही में नेटफ्लिक्स पर आने वाली फिल्म 'घूसखोर पंडित' के नाम पर मचे बवाल ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आर्टिकल 19(1)(a) की सीमाओं को एक बार फिर कटघरे में खड़ा कर दिया है। फिल्म के शीर्षक को लेकर न केवल सामाजिक विरोध हुआ, बल्कि देश की सर्वोच्च अदालत को भी इस मामले में हस्तक्षेप करना ही पड़ा। फिल्म के निर्माता नीरज पांडे और मुख्य अभिनेता मनोज बाजपेयी की इस फिल्म का शीर्षक जैसे ही सार्वजनिक हुआ। ब्राह्मण समुदाय और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने इस पर कड़ा ऐतराज जताया। जनता की भावना यह थी कि 'घूसखोर' जैसे नकारात्मक विशेषण को एक विशिष्ट जाति सूचक शब्द पंडित के साथ जोड़ना पूरे समुदाय की छवि को धूमिल करने और रूढ़िवादिता को बढ़ावा देने का प्रयास है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा के अलावा कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन भी हुए। यहां तक कि एफआईआर भी दर्ज की गई।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुयान की पीठ ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए फिल्म निर्माताओं को कड़ी फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणियां करते हुए स्पष्ट कहा कि किसी भी समुदाय को नीचा दिखाने वाला शीर्षक नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्था के खिलाफ है। जस्टिस नागरत्ना ने याद दिलाया कि हमारे संविधान निर्माताओं ने विविधता के बीच भाईचारे की अवधारणा रखी थी, जिसे कला के नाम पर खंडित नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने दो टूक कहा कि जब तक शीर्षक नहीं बदला जाता, फिल्म रिलीज नहीं होगी। उसके बाद अभी ताजा सुनवाई में फिल्म निर्माताओं ने अदालत में हलफनामा दायर कर सूचित किया कि उन्होंने 'घूसखोर पंडित' शीर्षक को पूरी तरह वापस ले लिया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि फिल्म से संबंधित सभी पुराने प्रोमोशनल मटेरियल हटा दिए गए हैं और नया नाम ऐसा होगा जो पुराने नाम से मिलता-जुलता नहीं होगा। इस आश्वासन के बाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया।

यह विवाद फिल्म सेंसर बोर्ड और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ओटीटी के नियमों पर भी सवाल उठाता है। आमतौर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्मों को सिनेमैटोग्राफ एक्ट 1952 के तहत कड़े दौर से गुजरना पड़ता है, लेकिन ओटीटी सामग्री को लेकर नियम थोड़े अलग हैं। क्या ओटीटी प्लेट फॉर्म्स को भी फिल्मों की तरह सेंसर बोर्ड के कड़े दायरे में आना चाहिए? यह विवाद कोई पहली बार नहीं है इससे पहले भी पद्मावत, लक्ष्मी, सत्य प्रेम की कथा, बिल्लू बार्बर, रामलीला, मेंटल है क्या, लवरात्रि, पृथ्वीराज और सिंह साहिब द ग्रेट जैसी कई फिल्मों के समय भी हुआ था। धार्मिक प्रतीकों, नाम के गलत इस्तेमाल या सामुदायिक भावनाओं के प्रति असंवेदनशीलता के दावों के चलते दबाव में इन फिल्मों के नाम बदलने पड़े थे।

"फिल्म का उद्देश्य मनोरंजन और जागरूकता होना चाहिए। जब कला विवादों की ढाल बनकर किसी की भावनाओं को आहत करती है, तो वह अपनी मौलिकता खो देती है। 'घूसखोर पंडित' विवाद भारतीय फिल्मकारों के लिए एक चेतावनी भी है और जिम्मेदारी का पाठ भी।"

विवाद के बाद फिल्म के ट्रेलर री-एडिट करने, डिजिटल मार्केटिंग से पुराने नाम के लिंक हटाने और नई ब्रांडिंग करने में आने वाला भारी खर्च का नुकसान होना। विवादों में आने से फिल्म की नेगेटिव पब्लिसिटी से कई बार बड़े ब्रांड्स विज्ञापन से हाथ खींच लेते हैं जिसके कारण भारी आर्थिक नुकसान का खामियाजा झेलना पड़ता है। इसलिए फिल्म निर्माताओं को फिल्म की घोषणा से पहले ही 'सोशल ऑडिट' या कानूनी सलाह लेनी चाहिए ताकि बाद में होने वाले आर्थिक नुकसान व विवाद से बचा जा सके।

सिनेमा समाज का दर्पण है, लेकिन दर्पण को ऐसा नहीं होना चाहिए जो किसी वर्ग विशेष की छवि को विकृत ही कर दे। घूसखोर पंडित विवाद यह सीख देता है कि क्रिएटिव फ्रीडम का अर्थ 'जिम्मेदारी से मुक्ति' नहीं है। कला तभी सार्थक है जब वह समाज को जोड़ने का काम करे, न कि विवादों के जरिए सुर्खियां बटोरने का। फिल्म की सफलता उसके शीर्षक के विवाद में नहीं, बल्कि उसकी कथावस्तु में होनी चाहिए। यदि कहानी दमदार है, तो नाम बदलने से उसकी आत्मा नहीं मरती। फिल्मकारों को अब समझना होगा कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में 'अभिव्यक्ति' और 'संवेदनशीलता' को एक ही पटरी पर साथ चलना होगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## लोकहित में त्याग करने वाले ही बनते हैं संत



संकलित

दर्शन

सब कुछ क्षणिक होते हुए भी इस जगत की अनंत यात्र का कभी अंत नहीं होता। यह अनवरत गतिमान रहती है। वास्तव में त्याग की पवित्र भावना ही इसकी गतिशीलता और जीवंतता का कारण है। इसलिए जिन गुणों से मानव जीवन महान बनता है, त्याग उनमें सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-शीतलता के बिना जल, दाहकता के बिना अग्नि, स्पर्श के बिना वायु का कोई अस्तित्व नहीं। उसी प्रकार त्याग के बिना मानव जीवन का कोई मूल्य नहीं, परंतु त्याग वही सार्थक है, जो परार्थ के लिए हो। स्वार्थ के लिए त्याग तो पशु-पक्षी भी करते हैं। इसीलिए निःस्वार्थ भाव से लोकहित में त्याग करने वाले मानव संत बन जाते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में त्याग को शांति का प्रदाता कहा गया है, परंतु इसके विलक्षण आनंद का अनुभव कोई विरला ही कर सकता है। वस्तुतः त्याग का जन्म उदारता से होता है, क्योंकि औदार्य भाव ही मनुष्य को स्वार्थ और मोह से मुक्तकर परार्थ के लिए प्रेरित करता है। इसलिए उदारता का भाव जिसमें जितना प्रबल होगा, त्याग की भावना भी उतनी ही प्रबल होगी। कल्पना कीजिए कि महर्षि दधीचि में उदारता का भाव कितना प्रबल रहा होगा, जिससे उन्होंने जीवित रहते ही लोक कल्याणार्थ शरीर त्याग करने का निर्णय लिया। कर्ण ने यह जानते हुए भी कि जीवन रक्षक कवच का दान करने से उसके प्राणों पर संकट निश्चित है, उसे सहर्ष काटकर याचक को समर्पित कर दिया। उदारता के बिना यह कदापि संभव नहीं था।

## लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित

प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछा- दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोले- देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं- देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोले- देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोले- देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### शिक्षण संस्थानों में फूहड़ मनोरंजन

विद्यालय किसी भी राष्ट्र की आत्मा का निर्माण करते हैं। यही वे स्थान हैं जहां से समाज की दिशा तय होती है और आने वाली पीढ़ियों के विचार, मूल्य तथा व्यवहार गढ़े जाते हैं। एक सभ्य समाज की पहचान उसके विद्यालयों से होती है, क्योंकि यहीं बच्चों को केवल अक्षर ज्ञान ही नहीं, बल्कि अनुशासन, नैतिकता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का बोध कराया जाता है। ऐसे में यदि विद्यालय परिसरों में अशोभनीय गीतों पर नृत्य, फूहड़ मनोरंजन और मर्यादाविहीन प्रस्तुतियां सामने आती हैं, तो यह केवल किसी एक संस्था की चूक नहीं, बल्कि पूरे देश की शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी है। हाल के वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से ऐसे दृश्य सामने आए हैं जहां विद्यालयों में फूहड़ मनोरंजन के किस्से सामने आए।

*– विवेक चौबे, रायपुर*

## करंट अफेयर


### वेनेजुएला की आम माफी योजना में रिहा होंगे कैदी

वेनेजुएला में राजनीतिक कारणों से हिरासत में लिए गए कम से कम 1,557 लोगों ने इस सप्ताह पारित हुए माफी विधेयक के तहत अपने आवेदन जमा कर दिए हैं और उनके रिहा होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को पारित किए गए इस कदम से विपक्षी सदस्यों, कार्यकर्ताओं, मानवाधिकार रक्षकों, पत्रकारों और महीनों या वर्षों से हिरासत में रखे गए कई अन्य लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इस विधेयक पर हस्ताक्षर के साथ ही राष्ट्रपति ने एक तरह से यह स्वीकार किया कि सरकार ने सैकड़ों लोगों को राजनीतिक कारणों से जेल में रखा हुआ है। राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के इस कदम को बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि इससे पहले दक्षिण अमेरिकी देश के अधिकारी दशकों से किसी राजनीतिक कैदी को हिरासत में रखे जाने की बात से इनकार करते रहे हैं। यह पिछले महीने देश की राजधानी काराकस में तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए अमेरिकी सेना की कार्रवाई के बाद नीति में आया नवीनतम बदलाव है। 'नेशनल असेंबली' के नेता जॉर्ज रोड्रिगेज ने शनिवार को कहा, 'आज तक 1,152 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिससे कुल आवेदनों की संख्या 1,557 हो गई है जिन पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है।



## ऑफ बीट

### जाने कुछ ब्लैक होल दूसरों से बड़े क्यों?



ब्लैक होल घने खगोलीय पिंड होते हैं, जिनका गुरुत्वाकर्षण इतना मजबूत होता है कि कुछ भी खुद में समेट लेते हैं, यहां तक कि प्रकाश भी, इससे बच नहीं सकता है। जो कुछ भी ब्लैक होल के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव की सीमा को पार करेगा, वह ब्लैक होल में गिर जाएगा। इस गहरे, घने गड्ढे के अंदर, इसे फिर कभी नहीं देखा जा सकेगा। ब्लैक होल ब्रह्मांड में यहां-वहां फैले रहते हैं। हमारी आकाशगंगा जैसी आकाशगंगाओं में कुछ छोटे ब्लैक होल बेतरतीब ढंग से बिखरे हुए हैं। अन्य विशाल ब्लैक होल, जिन्हें 'सुपरमैसिव' ब्लैक होल कहा जाता है, आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं। इनका वजन हमारे सूर्य के द्रव्यमान से दस लाख से एक अरब गुना तक हो सकता है। तो आप सोच रहे होंगे: खगोलशास्त्री संभवतः इतनी अंधेरी और इतनी बड़ी चीज़ कैसे देख सकते हैं? मैं एक खगोलशास्त्री हूं जो हमारे ब्रह्मांड में बने पहले सुपरमैसिव ब्लैक होल का अध्ययन करता है। मैं यह समझना चाहता हूं कि ब्लैक होल कैसे बनते हैं और वे किस प्रकार के खगोलीय माहौल में विकसित होते हैं। दो प्रसिद्ध वैज्ञानिकों, अल्बर्ट आइंस्टीन और कार्ल श्वार्ज़चाइल्ड ने सबसे पहले ब्लैक होल का विचार प्रस्तुत किया था।

## ट्रेंड

### नए युग का साक्षी



आज उत्तर प्रदेश समेत पूरा देश वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर के नए युग का साक्षी बन रहा है। मेरठ मेट्रो, नमो भारत ट्रेन और रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम के नए सेक्शन के शुभारंभ से एनसीआर के लोगों का जीवन और अधिक सरल, सुगम एवं सुविधाजनक बनेगा। **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### अवैध प्रवासियों को बाहर करेंगे



अगर देश नक्सलवाद से मुक्त हो सकता है, तो घुसपैठियों से भी मुक्त हो सकता है। अवैध प्रवासियों को न केवल मतदाता सूची से हटाया जाएगा, बल्कि अगले पांच वर्षों में देश से भी बाहर किया जाएगा। नक्सलवाद को भी 31 मार्च तक पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा। इससे देश लाल आतंक से मुक्त होगा। **-अमित शाह**, गृहमंत्री

### जिम्मेदारी से बोलते हैं राहुल



राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं। वे जिम्मेदारी से बोलते हैं, कैजुअली नहीं। वे तथ्यों के आधार पर बोलते हैं और जो भी कहते हैं, उसके सबूत देते हैं। सरकार नहीं चाहती थी कि सदन में चर्चा हो। महिला सांसदों पर आरोप लगाए गए। इसलिए अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। **-जयराम रमेश**, कांग्रेस सांसद

### ममता की नीति सफल नहीं होगी



शायद ममता बनर्जी को लग रहा है इस बार चुनाव में गैर-बंगाली लोग उनकी पार्टी टीएमसी को वोट नहीं देंगे। इसीलिए वह प्रवासी बांग्लादेशी मजदूरों पर हमले का मुद्दा भुनाना चाहती हैं। लेकिन ममता की यह नीति सफल नहीं होगी। **-अधीर रंजन** चौधरी, कांग्रेस नेता

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# बोरा बोले: कांग्रेस ने असमिया समुदाय की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई है

*भाजपा परिवार बोरा का ख्याल रखेगा और उन्हें प्यार एवं सम्मान देगा: सरमा*

## भूपेन कुमार बोरा भाजपा में शामिल, असम कांग्रेस को लगा बड़ा झटका

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस की असम इकाई के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा रविवार को गुवाहाटी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया की उपस्थिति में सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हो गए। भाजपा की असम इकाई के मुख्यालय 'वाजपेयी भवन' में आयोजित एक समारोह के दौरान बोरा भाजपा के सदस्य बन गए। बोरा ने भाजपा में शामिल होने के बाद कहा, मैंने कांग्रेस से यह सोचकर इस्तीफा नहीं दिया था कि मैं भाजपा में शामिल हो जाऊंगा। मैंने यह सोचकर इस्तीफा दिया था कि कांग्रेस में हुई गलतियों के बारे में आत्मनिरीक्षण किया जाएगा और मुझे यह उम्मीद थी कि उन्हें सुधारने का वादा किया जाएगा।बोरा साथ ही पूर्व कांग्रेस नेता संजू बोरा, राजेश कुमार जोशी, कंगन दास, गगन चंद्र बोरा और विपक्षी दल के कई अन्य कार्यकर्ता भी भाजपा में शामिल हो गए। इसके कुछ ही घंटों बाद, भाजपा ने बोरा को प्रदेश कार्यकारी समिति में शामिल किया। बोरा ने 16 फरवरी को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था, जिसे पार्टी आलाकमान ने स्वीकार नहीं किया था। राहुल गांधी ने भी उनसे बात की थी। बोरा ने अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए समय मांगा था, लेकिन अगले दिन मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा उनके आवास पर गए और घोषणा की थी कि वह 22 फरवरी को भाजपा में शामिल हो जाएंगे। बोरा ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने उनकी 'भावनाओं को ठेस पहुंचाई' है। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस ने असमिया समुदाय की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई है। मैंने विचारधारा, अंतरात्मा और देशभक्ति के साथ 32 वर्षों तक कांग्रेस की सेवा की; लेकिन अब मुझे दुख हुआ है। इससे पहले, भूपेन कुमार बोरा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मुलाकात की फोटो एक्स में शेयर की थी। भाजपा में बोरा का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि बोरा के भीतर 'कुछ कड़वाहट' हो सकती है, क्योंकि उन्होंने 32 से अधिक वर्षों तक कांग्रेस की सेवा करने और बहुत योगदान देने के बाद पार्टी छोड़ दी। उन्होंने कहा, आज से भाजपा में उनका नया जीवन शुरू होता है। अब वह पार्टी के गौरवान्वित सदस्य हैं। भाजपा परिवार उनका ख्याल रखेगा और उन्हें प्यार एवं सम्मान देगा। असम भाजपा अध्यक्ष सैकिया ने भी बोरा और सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल होने वाले अन्य कांग्रेस नेताओं का स्वागत किया।

### इधर, मणिशंकर ने राहुल को फिर घेरा

# ममता दी के बिना आईएनडीआईए गठबंधन खत्म हो जाएगा, बेनर्जी को बनाएं 'नेता'

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

यहां कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने इंडिया ब्लॉक को



लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर ममता बेनर्जी नहीं रहीं तो इंडिया गठबंधन का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा। अय्यर ने ममता को गठबंधन का नेता बताते हुए कहा कि उनके साथ कुछ अन्य क्षेत्रीय नेता भी इस भूमिका को निभाने की क्षमता रखते हैं।

### छोटे दलों के नेताओं को आगे लाएं

उन्होंने सुझाव दिया कि राहुल गांधी को इस पद पर बने रहने की कोशिश करने के बजाय क्षेत्रीय दलों के नेताओं को आगे आने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि चाहे एमके स्टालिन हों, ममता बेनर्जी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव या कोई अन्य नेता, छोटे दलों से आने वाले ये नेता गठबंधन का नेतृत्व संभाल सकते हैं।अय्यर का यह बयान विपक्षी गठबंधन की नेतृत्व भूमिका को लेकर नई राजनीतिक चर्चा को जन्म दे सकता है।

### राहुल को पद छोड़ देना चाहिए

मणिशंकर ने कहा कि ममता दी के बिना आईएनडीआईए गठबंधन खत्म हो जाएगा, क्योंकि ममता ही इस गठबंधन की नेता हैं। उनके साथ दो-चार अन्य नेता भी हैं जो इस पद को हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि राहुल को इस पद पर बने रहने की कोशिश करने के बजाय जो छोटे दलों के नेताओं का स्थान है ।

---

## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक बिस्वास वापस टीएमसी में गए

**कोलकाता।** बंगाल के बशीरहाट दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक दीपेंदु बिस्वास ने रविवार



को टीएमसी में फिर से वापसी कर ली। उनके साथ जिले के कई नेताओं ने भी सत्तारूढ़ दल का दामन थामा है। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष कादेर सरदार और बशीरहाट नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष पार्थसारथी बसु भी शामिल हैं।

### रोटियों पर थूक, पुलिस ने होटल करवाया बंद

**अलीगढ़।** यहां रोटी पर थूक लगाकर बनाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा



है। यह मामला रोरावर क्षेत्र के तेलीपाड़ा इलाके का बताया जा रहा है। करीब छह-छह सेकंड के दो वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर हो रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी कारीगर को गिरफ्तार कर लिया है।

### धूल भरी आंधी से इंडिगो फ्लाइट इंफाल डायवर्ट

**डिब्रूगढ़।** असम के डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे पर रविवार को तेज धूल भरी आंधी के चलते अहमदाबाद से आ



रही इंडिगो की फ्लाइट को इंफाल डायवर्ट करना पड़ा। विमान में 144 यात्री सवार थे। आंधी से दृश्यता बेहद कम हो गई थी। चालक दल ने तुरंत फ्लाइट 6ई-6457 का रास्ता बदलकर उसे डिब्रूगढ़ के सबसे पास इंफाल ले गया।

### 60 दिन तक 'डिजिटल अरेस्ट', 3 करोड़ ठगे

**देहरादून।** साइबर ठगों ने 60 दिन तक 'डिजिटल अरेस्ट' करके 70 साल की महिला से 3 करोड़ की



ठगी कर ली। जालसाजों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। इसके बाद पीड़ित महिला को वीडियो कॉल पर घंटों धमकाया। गिरफ्तारी कहकर करोड़ों ट्रांसफर करवा लिए।

---

### 'मन की बात' में पीएम ने कई मुद्दों को सामने रखा

# डिजिटल लेन-देन, बैंकिंग सेवाओं के साथ साइबर सुरक्षा के प्रति लोगों को सचेत किया

पीएम ने मन की बात के 131वें एपिसोड में देशवासियों से सीधे संवाद किया। डिजिटल दुनिया में सुरक्षा और जागरूकता की अहमियत को रेखांकित किया। डिजिटल फ्रॉड और अरेस्ट की घटनाएं बनी हुई हैं। लोग फोन के माध्यम से धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 131वें एपिसोड में देशवासियों से सीधे संवाद किया।कार्यक्रम के जरिए सामाजिक, आर्थिक और डिजिटल मुद्दों पर नागरिकों को जागरूक किया। डिजिटल लेन-देन, बैंकिंग सेवाओं और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर चर्चा के माध्यम से पीएम लोगों को सजग रहने और सुरक्षित वित्तीय व्यवहार अपनाने की दिशा में सचेत रहने को कहा। इसमें डिजिटल दुनिया में सुरक्षा और जागरूकता की अहमियत को रेखांकित किया गया।

**131वें एपिसोड में किया देशवासियों से संवाद**




### केवाईसी आपकी सुरक्षा करेगी

साइबर सुरक्षा पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि डिजिटल फ्रॉड और अरेस्ट की घटनाएं समाज में बनी हुई हैं। लोग कभी-कभी फोन या मैसेज के माध्यम से धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं। व्यवसायियों से भी ठगी होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवाईसी सिर्फ बैंकिंग प्रक्रिया नहीं, बल्कि आपकी सुरक्षा का तरीका है।नागरिकों को सलाह दी कि वे केवल बैंक के अधिकारिक माध्यमों जैसे बैंक एप, शाखा या वेबसाइट से ही केवाईसी कराएं। पासवर्ड नियमित बदलें और निजी जानकारी केवल अधिकृत अधिकारियों को दें।

### त्योहारों पर वोकल फॉर लोकल की अपील

प्रधानमंत्री ने आने वाले त्योहारों को लेकर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और वोकल फॉर लोकल का मंत्र याद रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली समेत कई त्योहारों में विदेशी सामान की भरमार हो गई है। ऐसे उत्पादों को त्योहारों से दूर रखकर स्वदेशी अपनाना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि जब लोग स्वदेशी खरीदते हैं, तो वे देश को आत्मनिर्भर बनाने के अभियान को भी मजबूत करते हैं।

### परीक्षा को लेकर घबराएं नहीं

प्रधानमंत्री ने छात्रों के लिए कहा कि परीक्षा के समय मन में शंका आना स्वाभाविक है, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि हर पीढ़ी ने यह अनुभव किया है और छात्र अकेले नहीं हैं। पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि किसी का मूल्य उसकी मार्कशीट से तय नहीं होता। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि जो पढ़ा है, उसे आत्मविश्वास के साथ लिखें और एक कठिन सवाल को मन पर हावी न होने दें।

### अम्मा जयललिता जनसेवा की प्रतीक थीं, उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री ने कहा कि जो नेता समाज के कल्याण के लिए काम करते हैं, वे हमेशा जनता के दिलों में बसे रहते हैं। उन्होंने अम्मा जयललिता को ऐसी ही लोकप्रिय नेता बताया। पीएम मोदी ने कहा कि उनके नाम से ही तमिलनाडु के लोगों के चेहरे खिल उठते हैं। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई सराहनीय कदम उठाए। प्रधानमंत्री ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

### एआई समिट में जीता दुनिया का दिल

पीएम मोदी ने कहा कि नई दिल्ली में एआई समिट में दो भारतीय उत्पादों ने विश्व नेताओं को खास तौर पर प्रभावित किया। पहला उत्पाद अमूल के बूथ पर प्रदर्शित किया गया, जहां बताया गया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से पशुओं के इलाज को बेहतर बनाया जा रहा है। एआई के जरिए किसान 24 घंटे अपनी डेयरी और पशुओं का रिकॉर्ड रख सकते हैं। दूसरा उत्पाद भारत की संस्कृति से जुड़ा था। इसमें दिखाया गया कि एआई तकनीक के माध्यम से प्राचीन ग्रंथों, पांडुलिपियों और पारंपरिक ज्ञान को सुरक्षित रखा जा रहा है। इस पहल को देखकर कई देशों के प्रतिनिधि आश्चर्यचकित रह गए और भारत की तकनीकी व सांस्कृतिक पहल की सराहना की।

### केरल की 10 माह की अंगदाता शेरिन को किया याद

प्रधानमंत्री ने केरल की 10 महीने की अंगदाता एलिन शेरिन अब्राहम की कहानी भी साझा की। हाल ही एक सड़क दुर्घटना में एलिन और उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उसे कोच्चि के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां 13 फरवरी को डॉक्टरों ने बच्ची को ब्रेन डेड घोषित कर दिया था। बाद में परिवार ने बच्ची के अंगदान का फैसला किया। बच्ची का लिवर, दोनों किडनी, हार्ट वाल्व और आंखें दान की गई हैं। इससे 5 मरीजों को नया जीवन मिलेगा।

### राष्ट्रपति भवन में लगेगी राजगोपालाचारी की प्रतिमा

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश गुलामी के प्रतीकों को पीछे छोड़कर भारत की संस्कृति से जुड़ी चीजों को महत्व देने लगा है। इस दिशा में हमारे राष्ट्रपति भवन ने भी एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी को राष्ट्रपति भवन में 'राजाजी उत्सव' मनाया जाएगा। राष्ट्रपति भवन में राजगोपालाचारी की प्रतिमा लगेगी।

---

### पित्रोदा के बयान पर भड़की भाजपा

# 'लश्कर-ए-कांग्रेस' के सैम ने झूठ बोल देश का मजाक उड़ाया

### पूनावाला ने कहा- देश को बदनाम कर रहे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वरिष्ठ कांग्रेस नेता की टिप्पणी पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि 'लश्कर ए कांग्रेस' के मुख्य सलाहकार ने एक बार फिर से झूठ बोलकर भारत का मजाक उड़ाने की कोशिश की है। एआई समिट में कांग्रेस के टॉपलेस ऐक्ट के बाद लश्कर-ए-कांग्रेस के मुख्य सलाहकार सैम पित्रोदा मैदान में हैं। एक एक बार फिर भारत को बदनाम करने के एजेंडे पर चले हैं। सैम झूठ बोलकर भारत का मजाक उड़ाते हैं। कहते हैं कि भारत पर शर्म आती है कि उसने मोबाइल के लिए ऑपरेटिंग सिस्टम तक विकसित नहीं किया है। उन्होंने पित्रोदा की टिप्पणियों का खंडन करते हुए भारत में विकसित ऑपरेटिंग सिस्टम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का एकमात्र मिशन झूठ बोलकर भारत को बदनाम करना है।

**ये बोले पित्रोदा**

### दूसरों की सेवा के लिए हैं भारतीय

भारतीय प्रवासी कांग्रेस के



प्रमुखपित्रोदा ने एक बार फिर से एक बयान के जरिए पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। सैम ने दावा किया कि भारत ने दूसरों की सेवा के लिए युवाओं की बड़ी फौज को खड़ा किया है।यह दिशियों के लिए काम करती है। सैम ने टेक्नोलॉजी निर्माण की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक 1.5 अरब आबादी वाले देश के लिए यह शर्म की बात है कि उनके पास अपना ऑपरेटिंग सिस्टम तक नहीं है। इसी टिप्पणी पर भाजपा ने हमला बोला।

### खोजों का लाभ उठाने में दिल्ली असमर्थ

एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में सैम ने विदेशी कंपनियों में भारतीयों की संख्या जिक्र करते हुए अपनी बात को रखा। उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी शिक्षा संस्थाओं के जरिए युवा प्रतिभा का एक बड़ा आधार तैयार किया है, लेकिन भारत में ही नई खोजों के लिए इसका लाभ उठाने में नई दिल्ली पूरी तरह से असमर्थ रही है। उन्होंने कहा कि हमने बहुत सारी युवा प्रतिभा का निर्माण किया है, लेकिन यह अपरिपक्व है। इस प्रतिभा ने भारत का नहीं बल्कि दुनिया की तमाम बहुराष्ट्रीय कंपनियों को प्रोग्रामिंग, कानून, उद्योग, लॉजिस्टिक्स, इनोवेशन, बैंकिंग में मदद की है। इस प्रतिभा के दम पर भारत ने वैश्विक स्तर के प्रोडक्ट्स नहीं बनाए, बल्कि इस प्रतिभा का इस्तेमाल दूसरे की सेवा के लिए किया।

---

### सीबीएसई फिजिक्स परीक्षा पर उठा विवाद

*शिक्षक ने बोर्ड के खिलाफ जनहित याचिका दायर की*

# परीक्षा के अलग- अलग प्रश्नपत्रों की कठिनाई का स्तर समान नहीं रखा गया

एजेंसी ▶▶ दनई दिल्ली

देशभर में बोर्ड परीक्षाओं के बीच एक नया विवाद खड़ा हो गया है जिसने लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। शिक्षक प्रशांत किराड ने सीबीएसई के खिलाफ जनहित याचिका दायर की है। आरोप है कि परीक्षा के अलग अलग प्रश्नपत्रों की कठिनाई का स्तर समान नहीं रखा गया, जिससे छात्रों के साथ न्याय नहीं हुआ और उनके अंक उनकी मेहनत से ज्यादा किस्मत पर निर्भर हो गए। शिक्षक का कहना है कि कुछ विद्यार्थियों को




अपेक्षाकृत आसान प्रश्नपत्र मिले, जबकि अन्य को ऐसे प्रश्न हल करने पड़े जिनका स्तर प्रतियोगी परीक्षाओं जैसा बताया जा रहा है। इससे छात्रों में असमानता की भावना पैदा हुई है और पूरे परीक्षा तंत्र पर सवाल उठने लगे हैं।

### क्या है पूरा मामला

दायर की गई जनहित याचिका में कहा गया है कि वर्षों से बोर्ड अलग अलग प्रश्नपत्र तैयार करता रहा है ताकि नकल जैसी समस्याओं पर रोक लगाई जा सके। लेकिन इस बार प्रश्नपत्रों के बीच कठिनाई का अंतर असामान्य रूप से ज्यादा बताया जा रहा है। आरोप है कि कुछ प्रश्नपत्र सीधे और कोर्स आधारित थे, जबकि अन्य में अवधारणात्मक और गहराई वाले प्रश्न अधिक थे, जिनके लिए अतिरिक्त तैयारी की जरूरत पड़ी।

---

# हरियाणा महिला कांग्रेस को नया अध्यक्ष, गोवा पुडुचेरी और ओडिशा में भी नई जिम्मेदारियां

### नई नियुक्तियों की जानकारी एआईसीसी के महासचिव वेणुगोपाल ने दी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने संगठनात्मक स्तर पर अहम बदलाव करते हुए कई नई नियुक्तियों और जिम्मेदारियों की घोषणा की है। यह निर्णय कांग्रेस अध्यक्ष की मंजूरी के बाद तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। नई नियुक्तियों की जानकारी एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दी।

### हरियाणा महिला कांग्रेस को नई कमान

उन्होंने बताया कि पर्ल चौधरी को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महिला कांग्रेस का अध्यक्ष



नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। पार्टी ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में हरियाणा में महिला संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

### गोवा और पुडुचेरी में अतिरिक्त जिम्मेदारी

संगठनात्मक बदलाव के तहत डॉ. अंजली निंबालकर, जो वर्तमान में एआईसीसी सचिव के रूप में गोवा प्रभारी के साथ संबद्ध हैं, उन्हें पुडुचेरी विधानसभा चुनावों के मद्देनज़र पुडुचेरी के प्रभारी के साथ अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति भी तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

### ओडिशा में नई तैनाती

इसी क्रम में मयूरा जयकुमार को उनकी वर्तमान जिम्मेदारी (कर्नाटक के प्रभारी महासचिव के साथ संबद्ध एआईसीसी सचिव) से मुक्त करते हुए ओडिशा के प्रभारी के साथ एआईसीसी सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। कांग्रेस नेतृत्व का कहना है कि आगामी चुनावों और संगठनात्मक मजबूती को ध्यान में रखते हुए यह फेरबदल किया गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इन नियुक्तियों से राज्यों में संगठन को अधिक प्रभावी और सक्रिय बनाने में मदद मिलेगी।

---

### नौ राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की सूची जारी

*चुनाव आयोग ने जारी किए आंकड़े*

# देशभर में घटे 1.70 करोड़ मतदाता यहां संख्या 9.75 करोड़ ही रह गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के छह राज्यों और कुछ केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम पूरा हो गया है। चुनाव आयोग द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार इस प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में ऐसे मतदाताओं के नाम हटाए गए, जिन्हें अयोग्य पाया गया। 9 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाताओं की संख्या मिलाकर 1 करोड़ 70 लाख से ज्यादा घट गई है। आयोग ने स्पष्ट किया कि यह हटाए गए मतदाताओं और नए जोड़े गए योग्य मतदाताओं



के अंतर के आधार पर नेट बदलाव है। गुजरात, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, राजस्थान, छत्तीसगढ़, अंडमान-निकोबार द्वीप, गोवा और केरल समेत 9 राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर शुरू होने से पहले मतदाताओं की संख्या लगभग 21.45 करोड़ थी।

### बंगाल में न्यायिक जांच आज से होगी शुरू

कोलकाता। बंगाल में चल रहे विशेष गहन निरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची में दावों और आपत्तियों की पूर्ण न्यायिक जांच सोमवार से शुरू हो जाएगी। कलकत्ता हाई कोर्ट द्वारा नियुक्त 150 सेशन जज, 250 न्यायिक अधिकारी इस व्यवस्था में लगाए गए हैं। प्रत्येक जिले में हाई कोर्ट द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति इस प्रक्रिया की निगरानी करेगी। समिति में जिला जज, जिला मजिस्ट्रेट होंगे।

---

### कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने किया एक्स पर पोस्ट

# यह डील नहीं, दबाव है, संसद संचालन को लेकर भी सरकार पर निशाना

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर केंद्र पर बोला हमला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि 'संतुलित समझौता' का अर्थ लेन-देन यानी गिव एंड टेक होता है, लेकिन इस समझौते में भारत की ओर से 'ज्यादा दिया गया और कम लिया गया' है, इसलिए इसे डील नहीं बल्कि 'दबाव' कहा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा 'डील का मतलब संतुलन होता है। अगर आप केवल देते जाएं और बदले में बहुत कम प्राप्त करें, तो उसे समझौता कैसे कहा जा सकता है? यह एकतरफा व्यवस्था है।'

### किसानों की चिंताओं का जिक्र



रमेश ने दावा किया कि किसान संगठनों और किसानों में इस समझौते को लेकर चिंता है। उनके अनुसार, आयात शुल्क में कमी और आयात के उदारीकरण का असर आने वाले महीनों में दिखाई देगा। उन्होंने कहा, 'आयात अभी होगा, लेकिन निर्यात का लाभ 20 साल बाद मिलेगा—इसका क्या अर्थ है?'

उन्होंने अमेरिकी टैरिफ नीति का जिक्र करते हुए कहा कि जब अमेरिका अपने टैरिफ बदल सकता है, तो भारत को भी अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए। 'समझौता बराबरी के आधार पर होना चाहिए, एकतरफा नहीं,' उन्होंने कहा।

### हम तथ्यों के आधार पर बोल रहे हैं

कांग्रेस नेता ने कहा कि वे और पार्टी नेतृत्व तथ्यों के आधार पर बात कर रहे हैं, कोई आरोप नहीं लगा रहे। हम तथ्य रख रहे हैं। किसानों की चिंता वास्तविक है और सरकार को इसका जवाब देना चाहिए, उन्होंने कहा।

### संसद संचालन सरकार की जिम्मेदारी

संसद के कामकाज को लेकर भी जयराम रमेश ने सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि संसद चलाने की प्राथमिक जिम्मेदारी सरकार की होती है। 'कई सांसद नेता प्रतिपक्ष और पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ आधारहीन और आपत्तिजनक टिप्पणियां करते हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं होती',उन्होंने आरोप लगाया। कांग्रेस ने मांग की है कि सरकार व्यापार समझौते के सभी बिंदुओं को सार्वजनिक करे और संसद में विस्तृत चर्चा कराए, ताकि किसानों और उद्योग जगत की आशंकाओं का समाधान हो सके।

# अब नैनोसेकंड में होंगे एनएसई में ट्रेड, 1000 गुना बढ़ जाएगी ट्रेडिंग की रफ्तार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के दो प्रमुख स्टॉक एक्सचेंजों में से एक नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ट्रेडिंग टेक्नोलॉजी में बड़ी छलांग लगाने की तैयारी में है।

- माइक्रो सेकेंड से नैनो सेकेंड लेवल तक ले जाने का लक्ष्य

एक्सचेंज ने अपने रिस्पॉन्स टाइम को और घटाने की योजना बनाई है और इसे माइक्रो सेकेंड से नैनो सेकेंड लेवल तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। एनएसई के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने कहा कि इससे एक्सचेंज हर सेकेंड करीब 10 करोड़ ट्रांजेक्शन हैंडल करने में सक्षम हो जाएगा। फिलहाल एनएसई का रिस्पॉन्स टाइम करीब 100 माइक्रो सेकेंड है, जिसमें प्रति सेकेंड लगभग 50 से 60 लाख ट्रांजेक्शन प्रोसेस होते हैं। चौहान ने कहा कि नैनो सेकेंड लेवल पर जाने से स्पीड मौजूदा सिस्टम के मुकाबले लगभग 1000 गुना तक बढ़ जाएगी। एक सेकेंड में 10 लाख माइक्रो सेकेंड होते हैं, जबकि नैनो सेकेंड की संख्या अरबों में होती है, जिससे ट्रेडिंग सिस्टम की क्षमता कई गुना बढ़ जाती है।

## एक्सचेंज ने अपने रिस्पॉन्स टाइम को और घटाने की योजना बनाई

### एआई की मदद से काम होगा तेज

चौहान ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल भी ट्रेडिंग टेक्नोलॉजी को सस्ता और ज्यादा एफिशिएंट बना सकता है। इसके अलावा एनएसई नए एसेट क्लास में भी विस्तार कर रहा है, जिसमें बिजली फ्यूचर्स और गोल्ड फ्यूचर्स जैसे प्रोडक्ट शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कॉन्ट्रैक्ट्स फॉर डिफरेंस पर भी काम चल रहा है और 10 ग्राम गोल्ड फ्यूचर्स जल्द ही ट्रेडिंग के लिए उपलब्ध होंगे, जिन्हें सेबी से मंजूरी मिल चुकी है। यह कदम दिखाता है कि एनएसई ग्लोबल लेवल की हाई स्पीड ट्रेडिंग टेक्नोलॉजी की ओर तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले समय में भारतीय शेयर बाजार की टेक्नोलॉजी क्षमता दुनिया के टॉप एक्सचेंजों के बराबर हो सकती है।




### इन्फ्रास्ट्रक्चर विस्तार और नए प्रोडक्ट्स की तैयारी

बढ़ती ट्रेडिंग डिमांड को देखते हुए एनएसई अपने को-लोकेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार कर रहा है। फिलहाल एक्सचेंज के पास 2000 से ज्यादा कोलो रैक्स हैं और इसे बढ़ाकर करीब 4500 रैक्स तक ले जाने की योजना है। कोलोकेशन सर्विस के जरिए ट्रेडिंग मेंबर्स अपने सर्वर सीधे एक्सचेंज के डेटा सेंटर में रख सकते हैं, जिससे नेटवर्क लेटेंसी कम होती है और ऑर्डर एग्जिक्यूशन बेहद तेज हो जाता है।

### स्पीड बढ़ने के साथ बढ़ेगा साइबर रिस्क

चौहान ने यह भी चेतावनी दी कि इतनी तेज स्पीड के साथ साइबर सिक्योरिटी का खतरा भी बढ़ सकता है। उन्होंने ब्रोकर्स और टेक्नोलॉजी वेंडर्स से साइबर सिक्योरिटी फ्रेमवर्क को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उनका कहना था कि अगर साइबर सुरक्षा में चूक हुई तो पूरा सिस्टम ठप पड़ सकता है, इसलिए सभी टेक्नोलॉजी पार्टनर्स को इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।

## खबर संक्षेप

### अदाणी ने की झारखंड की परियोजनाओं की समीक्षा



**रांची।** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रविवार को झारखंड और बिहार में समूह की परियोजनाओं का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के प्रमुख बिजली निवेश की समीक्षा की, जो पूर्वी भारत में समूह की बढ़ती उपस्थिति को रेखांकित करते हैं।

### दिसंबर में 10.02 अरब डॉलर की शुद्ध बिक्री



**मुंबई।** भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी शुल्क को लेकर अनिश्चितताओं के बीच भारतीय रुपये में भारी उतार-चढ़ाव रहने के कारण भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दिसंबर में 10.02 अरब डॉलर की शुद्ध बिक्री की। दिसंबर लगातार सातवां महीना है जब केंद्रीय बैंक ने हाजिर मुद्रा बाजार में शुद्ध रूप से डॉलर की बिक्री की है।

### सरसों और मूंगफल्ली तेल की कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** सरकार की ओर से नयी फसल की खरीद से पहले सरसों, सोयाबीन, मूंगफली के पुराने स्टॉक की बिकवाली किये जाने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह सरसों एवं मूंगफली तेल-तिलहन तथा सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट रही। मूंगफली के नरम रहने से बिनौला तेल के दाम में भी गिरावट रही।

## कच्चे तेल की आयात रणनीति नए बदलाव के दौर में प्रवेश कर रही

# सऊदी अरब से आपूर्ति बढ़ी, प्रतिबंधों के दबाव में रूस से कच्चे तेल का आयात घटा: रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की कच्चे तेल की आयात रणनीति अब एक नए बदलाव के दौर में प्रवेश कर रही है। आयातित खेप के आंकड़े और विश्लेषक बताते हैं कि सऊदी अरब के नेतृत्व में पश्चिम एशिया के आपूर्तिकर्ता अपनी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल कर रहे हैं। वहीं, रूसी तेल की आवक अब भी महत्वपूर्ण बनी हुई है, लेकिन भू-राजनीति और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के चलते इसमें कमी आ रही है।

रूस से होने वाली आपूर्ति में कमी आने के कारण एक से 18 फरवरी के दौरान भारत का कुल कच्चा तेल आयात गिरकर औसतन 48.5 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) रह गया।

यह जनवरी के 5.25 लाख बीपीडी के मुकाबले आठ प्रतिशत कम है। पिछले महीने प्रमुख रूसी निर्यातकों पर अमेरिकी प्रतिबंधों और यूरोपीय संघ के 18वें प्रतिबंध पैकेज के प्रभावी होने के बाद वहां से आने वाले तेल के प्रवाह में यह गिरावट देखी गई है।




### खास बातें

- पश्चिम एशिया के आपूर्तिकर्ता फिर अपनी हिस्सेदारी हासिल कर रहे
- रूसी तेल की आवक अब भी महत्वपूर्ण बनी हुई है
- भारत का कुल कच्चा तेल आयात गिरकर औसतन 48 .5 लाख बैरल प्रति

### रूस से दिसंबर 2025 में आपूर्ति 12.8 लाख बीपीडी थी

जहाजों की आवाजाही के निगरानी आंकड़ों से पता चलता है कि भारत को होने वाली रूसी आपूर्ति दिसंबर, 2025 के 12.8 लाख बीपीडी से घटकर जनवरी में 12.2 लाख बीपीडी रह गई और फरवरी की शुरुआत में यह लगभग 10 प्रतिशत और घटकर 10.9 लाख बीपीडी पर आ गई।

### बुनियादी जरूरतों के लिए रूसी आयात को अनुमति

हमारा अनुमान है कि व्यावसायिक और नीतिगत बाधाओं के कारण, 2024-2025 की तुलना में 2026 में भारत के कुल आयात में रूस की हिस्सेदारी धीरे-धीरे कम होकर एक निचले स्तर पर स्थिर हो जाएगी।'' अमेरिका और भारत के बीच एक व्यावहारिक समझ बनी है जो भारत को अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए रूसी आयात की अनुमति देती है, लेकिन इसे और अधिक बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित नहीं करती।

### रूस से भारी छूट मिलने के कारण खरीद शुरू की थी

वर्ष 2022 में यूक्रेन युद्ध के बाद भारी छूट पर मिलने के कारण भारत ने रूसी तेल की खरीद बड़े पैमाने पर शुरू की थी, लेकिन अब यह आवक बढ़ने के बजाय स्थिर होती दिख रही है। उन्होंने कहा, ''हालांकि, हम इसे एक अल्पकालिक स्थिरता के रूप में देख रहे हैं, न कि 2025 के मध्य में देखे गए उच्चतम स्तर पर वापसी के रूप में।

### खाड़ी देशों से आपूर्ति बढ़ती जा रही

जैसे-जैसे रूसी तेल की मात्रा कम हो रही है, पश्चिम एशिया खाड़ी देश इस कमी को पूरा कर रहे हैं। रितोलिया ने बताया कि सऊदी अरब से होने वाली आपूर्ति फरवरी में 10 लाख से 11 लाख बीपीडी तक पहुंचने की उम्मीद है, जो नवंबर, 2019 के बाद का उच्चतम स्तर है। महीने की शुरुआत से अब तक सऊदी अरब से आने वाले तेल का प्रवाह लगभग 14 लाख बीपीडी दर्ज किया गया है।

### यूएई बना भारत को सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता

हालांकि, मार्च की शुरुआत में इसमें कुछ नरमी आने की संभावना है।वर्तमान रुझानों के आधार पर, सऊदी अरब फरवरी में भारत के शीर्ष आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा है, जिसके बाद रूस और इराक का नंबर आता है।

# एफएमसीजी कंपनियों को अगले वित्त वर्ष में बिक्री मात्रा बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- महंगाई घटने व कच्चे माल की कीमतें स्थिर रहने से मुनाफे पर कम दबाव
- अक्टूबर से दिसंबर में कंपनियों ने उच्च स्तर की मात्रा में वृद्धि की

देश की रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) का मानना है कि अगले वित्त वर्ष में उनकी वृद्धि मुख्य रूप से बिक्री की मात्रा पर आधारित होगी। कंपनियों का कहना है कि महंगाई घटने और कच्चे माल की कीमतें स्थिर रहने से उनके मुनाफे पर दबाव कम होने की उम्मीद है।

चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में इन कंपनियों ने मध्यम से उच्च स्तर की मात्रा वृद्धि दर्ज की। हाल की बैठकों में उद्योग के दिग्गजों ने कहा कि कई महीनों की अस्थिरता के बाद कारोबार का माहौल अब बेहतर हो रहा है।

आवश्यक कच्चे माल जैसे खाद्य तेल, गेहूं, नारियल और रसायनों की कीमतें कम हुई हैं। साथ ही जीएसटी दरों में सुधार, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि और अच्छी फसल के कारण मांग में धीरे-धीरे सुधार होने की उम्मीद है। कई कंपनियों ने पहले ही चालू वित्त वर्ष में मामूली मूल्य वृद्धि की है और अब उनका मानना है कि वृद्धि कीमतों के बजाय बिक्री की मात्रा से होगी। डाबर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मोहित मल्होत्रा ने कहा, ''चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में महंगाई काफी बढ़ी थी। अब महंगाई धीरे-धीरे कम हो रही है।

### गेहूं का आटा तीसरी तिमाही में सस्ता हुआ

ब्रिटानिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रक्षित हर्गेव ने कहा कि उनकी कंपनी के लिए कच्चे माल की कीमतें स्थिर हैं और मुनाफा अच्छा बना हुआ है। विशेष रूप से गेहूं का आटा तीसरी तिमाही में थोड़ा सस्ता हुआ है।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# जागृति शिक्षा निकेतन, पांडू- वंचित छात्रों के लिए आशा की किरण


- एक छोटी सी पहल के तौर पर शुरू हुआ था

**मालीगांव।** जागृति शिक्षा निकेतन, पांडू, 1975 में पांडू के रेलवे परिसर में स्थापित हुआ था। एक छोटी सी पहल के तौर पर शुरू हुआ यह संस्थान अब पांडू और मालीगांव इलाकों के ज़रूरतमंद बच्चों के लिए प्राथमिक शिक्षा का एक आवश्यक केंद्र बन गया है। अपने 50 सालों के सफ़र में, स्कूल ने विभिन्न संगठनों और शुभचिंतकों के सहयोग से निरंतर विकास किया है। वर्तमान में, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव के नेतृत्व में, यह स्कूल प्ले ग्रुप से कक्षा पांचवी तक के 160 से ज़्यादा बच्चों को शिक्षा प्रदान करता है, जिन्हें समर्पित टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ सहयोग करते है, और पूरे विकास पर फोकस करता है। जागृति शिक्षा निकेतन, पांडू ने आज मालीगांव स्थित रंग भवन में अपना वार्षिक दिवस मनाया।



# एफएंडओ निपटान की वजह से शेयर बाजार में बना रहेगा उतार-चढ़ाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- ट्रंप के शुल्क विश्लेषक निर्णय भी बाजार पर डालेंगे असर
- विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार की दिशा तय करेगी

घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों, मासिक वायदा व विकल्प (एफएंडओ) निपटान और अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्कों में की गई बढ़ोतरी से जुड़े वैश्विक घटनाक्रमों के कारण अगले सप्ताह शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां, अमेरिका और ईरान के बीच तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक मौद्रिक संकेतों से भी बाजार की दिशा तय होगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, /''आगामी सप्ताह में बाजार के अस्थिर रहने की संभावना है, विशेष रूप से 24 फरवरी को होने वाले मासिक एफएंडओ निपटान के कारण।

*आईटी शेयरो में सुस्ती रही : बैंकिंग, वित्तीय, बिजली और चुनिंदा एफएमसीजी शेयरों में खरीदारी से वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभाव को कम करने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि एआई से जुड़े बदलावों और मार्जिन दबाव की चिंताओं के कारण आईटी शेयरों में सुस्ती रही।*

*बाजार सीमित दायरे में रह सकता है: हालांकि, बड़े शेयरों में मजबूती और 'पैक्स सिलिका' में भारत की भागीदारी को लेकर बने उत्साह ने बाजार को सकारात्मक दायरे में बनाए रखा। विश्लेषकों का मानना है कि निकट भविष्य में घरेलू बाजार एक सीमित दायरे में रह सकता है, जहां नकदी का प्रवाह और वैश्विक जोखिम धारणा बाजार के लिए मुख्य कारक साबित होंगे।*

## अमेरिकी अर्थव्यवस्था पड़ी दिसंबर तिमाही में सुस्त




**वाशिंगटन।** अमेरिकी अर्थव्यवस्था की रफ्तार दिसंबर तिमाही में सुस्त होकर 1.4 प्रतिशत रह गई। यह सितंबर तिमाही की 4.4 प्रतिशत और उससे पहले की तिमाही की 3.8 प्रतिशत वृद्धि दर के मुकाबले काफी कम है। वाणिज्य विभाग की तरफ से शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी और उपभोक्ता खर्च में आई कमी वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की सुस्ती का मुख्य कारण रही। उपभोक्ता खर्च में केवल 2.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो सितंबर तिमाही की 3.5 प्रतिशत वृद्धि के मुकाबले काफी कम है। यह रिपोर्ट अमेरिकी अर्थव्यवस्था की एक विरोधाभासी तस्वीर पेश करती है, जहां वृद्धि दर स्थिर है लेकिन रोजगार के नए अवसर नहीं पैदा रहे हैं। साल 2025 में आर्थिक वृद्धि 2.2 प्रतिशत के संतोषजनक स्तर पर रही।

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

# बिजली की खपत बढ़ने से कोयले की मांग में तेजी आने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश में कोयले की मांग में आने वाले दिनों में बिजली की खपत बढ़ने के साथ तेजी आने की उम्मीद है। हालांकि, चालू वित्त वर्ष में अब तक कोयले की मांग कमजोर बनी हुई है। एक विशेषज्ञ ने यह बात कही है। 'एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड' के प्रबंध निदेशक विनय वर्मा ने कहा कि अक्टूबर और नवंबर में लगातार महीनों की नकारात्मक वृद्धि के बाद, दिसंबर में बिजली की मांग में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ मजबूत सुधार हुआ है।वर्मा ने कहा, ''कड़ाके की सर्दी और आर्थिक गतिविधियों में सुधार की वजह से जनवरी में भी बिजली की खपत में बढ़ोतरी जारी रही, जिससे यह रफ्तार बनी रही। ''हमारा मानना है कि इससे आने वाले दिनों में कोयले की मांग बढ़ेगी।'देश का कोयला क्षेत्र एक अरब टन के उत्पादन का रिकॉर्ड बनाने के बाद अचानक मांग में कमी का सामना कर रहा है।


# एंब्रेयर देगा भारत के सैन्य परिवहन के लिए नया विकल्प

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की वायु सेना के लिए 80 तक सैन्य परिवहन विमान खरीदने की प्रक्रिया तेज होने के बीच, ब्राजील की विमानन कंपनी एंब्रेयर ने अपने केसी-390 मिलेनियम विमान को सबसे बहुप्रयोगी विकल्प के रूप में पेश किया है। कंपनी का कहना है कि कई नाटो देशों द्वारा इस विमान को अपनाने के बाद इसे अब वैश्विक मानक के रूप में देखा जा रहा है। एंब्रेयर के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) फ्रांसिस्को गोम्स नेटो ने एक विशेष साक्षात्कार में केसी-390 को सबसे बेहतर बहु-काम वाला विमान बताया। उन्होंने कहा कि अगर भारत का अनुबंध एंब्रेयर को मिलता है, तो कंपनी भारत को अपने विमान निर्माण का मुख्य केंद्र बनाएगी, ताकि एशिया-प्रशांत क्षेत्र की जरूरतों को पूरा किया जा सके।

**संचालन के लिए क्षेत्रीय एमआरओ केंद्र बनाने पर विचार :** नेटो ने यह भी बताया कि कंपनी भारत में केसी-390 संचालकों के लिए एक विशेष क्षेत्रीय एमआरओ (रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल) केंद्र स्थापित करने पर विचार कर रही है। इसके साथ ही कंपनी रक्षा और नागर विमानन क्षेत्रों में भारत के साथ दीर्घकालिक सहयोगात्मक संबंध बनाने की योजना भी बना रही है।

## शब्द पहेली - 6147




**बाएँ से दाए-**


1.जानकारी-4
4.मांसाहार का उलट-4
8.'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9.कायाकल्प-5
10.पिता के छोटे भाई-2
13.कहानी लिखने वाला-5
15.नाम रखना-5
17.बेवक्त,अकाल-5
20.प्रयास,कोशिश-5
23.टोंटी,नलका-2
24.कामदेव,पुष्कर-2,3
25.डर,भय-4
28.शोर-शराबा-4
29.बेवफा,व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2.बिंदु,बिंदी,शून्य-2
3.गोलाकार-3
4.सम्मिलित होना-3,2
5.घाटा,नुकसान-2
6.मूर्ख,बेवकूफ-4
7.बिना कारण,बेवजह-4
11.राजा की पत्नी-2
12.वहम,संदेह-2
14.दुर्घटना-3
16.खाना बनाने की जगह,किचन-3
17.एकाएक, सहसा-4
18.अलमस्त-2
19.कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20.आरामदायी-5
21.सम्मान-2
22.भलमानसता-4
26.सद्,अच्छा-2
27.मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

### शब्द पहेली -6146 का हल





### सेमीफाइनल खेलने के लिए अब बाकी दोनों मैच जीतने होंगे

# टी-20 वर्ल्डकप में भारत की सबसे बड़ी हार, साउथ अफ्रीका ने 76 रन से हराया

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद




डेविड मिलर के तूफानी अर्धशतक के बाद मार्को यानसेन की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के एकतरफा मैच में रविवार को यहां भारत को 76 रन से रौंदकर इस प्रतियोगिता में उसके विजयी क्रम पर रोक लगा दी। भारत ने 2024 में वेस्टइंडीज और अमेरिका में हुए पिछले टी20 विश्व कप में एक भी मैच नहीं गंवाते हुए खिताब जीता था जबकि मौजूदा टूर्नामेंट में उसकी यह पहली हार है। यह रनों के लिहाज से भारत की दूसरी सबसे बड़ी हार भी है। दक्षिण अफ्रीका के 188 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत यानसेन (22 रन पर चार विकेट), केशव महाराज (24 रन पर तीन विकेट) और कोर्बिन बॉश (12 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.5 ओवर में 111 रन पर सिमट गया। मेजबान टीम की ओर से सिर्फ शिवम दुबे (42 रन, 37 गेंद, तीन छक्के, एक चौके) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। मिलर ने 35 गेंद में तीन छक्कों और सात चौकों से 63 रन की पारी खेलने के अलावा डेवाल्ड ब्रेविस (45 रन, 29 गेंद, तीन छक्के, तीन चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 51 गेंद में 97 रन की साझेदारी की जिससे दक्षिण अफ्रीका ने 20 रन पर तीन विकेट गंवाने के बावजूद सात विकेट पर 187 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। ट्रिस्टन स्टब्स ने भी 24 गेंद में तीन छक्कों और एक चौके से नाबाद 44 रन की पारी खेली। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 15 रन पर तीन विकेट चटकाए जबकि अर्शदीप सिंह ने 28 रन देकर दो विकेट हासिल किए। चक्रवर्ती को एक विकेट मिला लेकिन उन्होंने चार ओवर में 47 रन लुटाए। हार्दिक पंड्या ने भी चार ओवर में 45 रन खर्च किए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत की शुरुआत भी खराब रही और टीम ने पांच रन तक ही अच्छी फॉर्म में चल रहे इशान किशन (00) और तिलक वर्मा (01) के विकेट गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम ने स्पिन के साथ खुद गेंदबाजी की शुरुआत की और पारी की चौथी गेंद पर ही इशान को मिड ऑफ पर रेयान रिकेल्टन के हाथों कैच करा दिया। यानसेन के अगले ओवर में तिलक ने भी विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक को कैच थमाया। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (15) ने मारक्रम पर चौके के साथ चौथी पारी में मौजूदा विश्व कप में अपना खाता खोला।

### हम इससे बेहतर बल्लेबाजी कर सकते थे: सूर्यकुमार

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के एकतरफा मैच में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 76 रन की करारी शिकस्त के बाद स्वीकार किया कि उनकी टीम बल्लेबाजी में इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी। दक्षिण अफ्रीका के 188 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत 18.5 ओवर में 111 रन पर सिमट गया। सूर्यकुमार ने मैच के बाद कहा, ''शुरुआत में हमने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। सात से 15वें ओवर के बीच उन्होंने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की और फिर हमने वापसी की।''

### अफ्रीका-187/7 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| एडेन का पंड्या बो अर्शदीप | 04 |
| क्विंटन डिकॉक बो बुमराह | 06 |
| रेयान का दुबे बो बुमराह | 07 |
| डेवाल्ड का अभिषेक बो दुबे | 45 |
| मिलर का तिलक बो चक्रवर्ती | 63 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 44 |
| मार्को का रिंकू बो अर्शदीप | 02 |
| कोर्बिन का एवं बो बुमराह | 05 |
| कागिसो रबाडा नाबाद | 00 |

अतिरिक्त: 11
कुल:20 ओवर में सात विकेट पर: 187 रन
विकेट पतन: 1-10, 2-12, 3-20, 4-117, 5-152, 6-158, 7-167
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-28-2, बुमराह 4-0-15-3, चक्रवर्ती 4-0-47-1, वाशिंगटन 2-0-17-0, पंड्या 4-0-45-0, दुबे 2-0-32-1

### भारत-111/10 (18.5)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| इशान का रिकेल्टन बो मारक्रम | 00 |
| अभिषेक का बॉश बो यानसेन | 15 |
| तिलक का डिकॉक बो यानसेन | 01 |
| सूर्यकुमार का ब्रेविस बो बॉश | 18 |
| वाशिंगटन का डिकॉक बो बॉश | 11 |
| दुबे का का एनगिडी बो यानसेन | 42 |
| हार्दिक का स्टब्स बो महाराज | 18 |
| रिंकू का स्टब्स बो महाराज | 00 |
| अर्शदीप का स्टब्स बो महाराज | 01 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 00 |
| बुमराह का मारक्रम बो यानसेन | 00 |

अतिरिक्त: 05
कुल:18.5 ओवर में सभी विकेट खोकर: 111 रन
विकेट पतन: 1-0, 2-5, 3-26, 4-43, 5-51, 6-86, 7-86, 8-88, 9-111
गेंदबाजी: मारक्रम 1-0-5-1, यानसेन 3.5-0-22-4, रबाडा 4-0-32-0, एनगिडी 4-0-15-0, महाराज 3-0-24-3, बॉश 3-0-12-2


# सुपर 8 में अंग्रेजों ने खोला खाता, श्रीलंका के खिलाफ लगातार 12वां टी-20 मैच जीता

### श्रीलंका को हराकर इंग्लैंड ने 51 रन से दर्ज की जीत



एजेंसी ⏭ पल्लेकेले

इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ रविवार को टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 मैच में 51 रन से जीत दर्ज की। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड की लगातार 12वीं जीत रही। श्रीलंकाई टीम ने 20 मई 2014 को पिछली बार इंग्लैंड के खिलाफ टी20 मैच जीता था, जिसके बाद से इंग्लैंड ने श्रीलंका को लगातार 12 टी20 मुकाबलों में मात दी है। इस बीच इंग्लैंड ने दो बार 8-8 विकेट से भी मैच अपने नाम किया है। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड सुपर-8 के दूसरे ग्रुप में नंबर एक पर पहुंच गई है। 24 फरवरी को इंग्लैंड की अगले मैच में भिड़ंत पाकिस्तान के साथ होगी।



### इंग्लैंड के स्पिनर्स ने 7 विकेट हासिल किए

पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खोकर 146 रन बनाए। इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम 16.4 ओवरों में महज 95 रन पर सिमट गई। इस मुकाबले के दौरान इंग्लैंड के स्पिनर्स ने 7 विकेट हासिल किए, जो टी20 वर्ल्ड कप मैच में उनके सबसे ज्यादा विकेट हैं।

### इंग्लिश टीम ने 9 विकेट खोकर बनाए 146 रन

रविवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी इंग्लिश टीम ने 9 विकेट खोकर 146 रन बनाए। इस टीम के लिए फिलिप साल्ट ने 40 गेंदों में 2 छक्कों और 6 चौकों के साथ 62 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 6 खिलाड़ियों के साथ साझेदारी की। उनके अलावा, विल जैक्स ने 21 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। विपक्षी खेमे से डुनिथ वेललेज ने सर्वाधिक 3 विकेट निकाले, जबकि दिलशान मदुशंका और महीश तिक्षाणा ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। एक विकेट दुष्मंथा चमीरा ने प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप




### 25 मार्च से दोहा में आईसीसी बोर्ड की बैठक

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बोर्ड और समितियों की बैठक 25 से 27 मार्च तक दोहा में आयोजित की जाएगी, जिससे क्रिकेट में कतर की बढ़ती भागीदारी का पता चलता है। आईसीसी ने कहा, 'यह बैठकें आईसीसी बोर्ड के निदेशकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, समिति के सदस्यों और सीनियर पदाधिकारियों को एक मंच पर लाएंगी, जो वैश्विक खेल के वर्तमान और भविष्य से संबंधित प्रमुख मामलों पर विचार-विमर्श करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।''आईसीसी ने बताया कि 2020 से कतर में क्रिकेट में समग्र भागीदारी में 447 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आईसीसी ने कहा, 'इसका मुख्य कारण कतर ओलंपिक समिति के स्कूल ओलंपिक कार्यक्रम में क्रिकेट को शामिल करना रहा है, जिसने देश भर के स्कूलों में इस खेल को स्थापित करने में मदद की है।'

### ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पेनल्टी शूटआउट में हराया



**होबार्ट।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को शानदार जुझारुपन दिखाने के बावजूद खेले गए एफआईएच प्रो-लीग मुकाबले में मजबूत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर रहीं। स्ट्रेलिया ने दो गोल से पिछड़ने के बाद आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की और फिर शूटआउट में भारत पर 5-4 से भारी पड़ा। भारत की ओर से अमित रोहिदास (15वां मिनट) और जुगराज सिंह (43वां मिनट) ने गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई, जबकि ऑस्ट्रेलिया के जोएल रिंटाला (47 वां, 56 वां मिनट) ने दो गोल कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। यह परिणाम ऐसे समय आया है जब भारत इस साल एफआईएच प्रो लीग में लगातार पांच मुकाबले हार चुका था। इसमें राउरकेला में खेले गए घरेलू चरण के चार मैच भी शामिल हैं। टीम को होबार्ट चरण के अपने पहले मुकाबले में शनिवार को स्पेन के खिलाफ 0-2 से हार झेलनी पड़ी थी।

# टीम इंडिया लगातार दूसरी बार बनी चैंपियन, बांग्लादेश को हराया

एजेंसी ⏭ बैंकॉक

तेजल हसबनिस के नाबाद अर्धशतक और लेग स्पिनर प्रेमा रावत की फिरकी के जादू से भारत ए ने रविवार को कम स्कोर वाले एकतरफा फाइनल में बांग्लादेश ए को 46 रन से हराकर एसीसी महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट जीत लिया। भारतीय टीम 44 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन तेजल ने 34 गेंद में नाबाद 51 रन की प्रभावी पारी खेलकर भारत को 20 ओवर में सात विकेट पर 134 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने कप्तान राधा यादव (30 गेंद में 36 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी भी की। भारत ए ने 2023 में फाइनल में बांग्लादेश ए को हराकर खिताब जीता था।

**बेटियां छाईं**

तेजल हसबनीस ने भारत के लिए 51 रन बनाए थे और प्रेमा रावत ने 3 विकेट झटके

*टीम इंडिया ने जीता एशिया कप राइजिंग स्टार्स, फाइनल में बांग्लादेश को 46 रन से दी शिकस्त*



### तेजल ने की 150 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम जल्द ही संकट में घिर गई लेकिन तेजल ने अपने कौशल का शानदार नजारा पेश करते हुए टीम को परेशानी से उबारा। उन्होंने 150 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। इंडिया ए की सलामी बल्लेबाज वृंदा दिनेश और नंदिनी कश्यप ने पहले विकेट के लिए 30 रन जोड़े। पहला विकेट गिरने के बाद टीम इंडिया लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती चली गई।

### प्रेमा की फिरकी का जादू बांग्लादेश 88 रन पर सिमटी

भारतीय टीम ने इसके बाद प्रेमा (12 रन पर तीन विकेट) की फिरकी के जादू से बांग्लादेश को 19.1 ओवर में 88 रन पर समेट दिया। बांग्लादेश ने तीसरे ओवर में 12 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाने के बाद नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी। बांग्लादेश ने पहला विकेट इशमा तंजीम के रूप में गंवाया, जो तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर का शिकार बनीं। प्रेमा ने शमीमा सुल्ताना को अतिरिक्त उछाल लेती शानदार लेग स्पिन पर आउट किया। सिर्फ 4 बल्लेबाज डबल डिजिट स्कोर में रन बनाने में कामयाब रहे। बांग्लादेश के किए सबसे ज्यादा रन शमीमा सुल्ताना ने बनाए। उन्होंने 16 गेंदों में 20 रन की पारी खेली। इसके अलावा सरमिन सुल्ताना ने 29 बॉल पर 18 रन का योगदान दिया।

**टी20 वर्ल्ड कप**

# उलटफेर में माहिर जिम्बाब्वे के सामने वेस्टइंडीज की होगी अग्नि परीक्षा



एजेंसी ⏭ मुंबई

टी20 वर्ल्ड कप में सोमवार को जिम्बाब्वे की भिड़ंत दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज से होगी। दोनों टीमों के बीच होने वाले सुपर-8 राउंड के इस मुकाबले की मेजबानी मुंबई का वानखेड़े स्टेडियम करेगा। जिम्बाब्वे का प्रदर्शन ग्रुप स्टेज में कमाल का रहा था। टीम ने पहले चरण में ही दो बड़े उलटफेर करते हुए सुपर-8 का टिकट कटाया है। जिम्बाब्वे ने पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका को हराया था।

### बेनेट बना रहे लगातार रन

जिम्बाब्वे टीम के सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट टूर्नामेंट में लगातार रन बना रहे हैं। बेनेट 3 मुकाबलों में अब तक 175 रन बना चुके हैं। श्रीलंका के खिलाफ खेले गए मुकाबले में बेनेट ने 48 गेंदों में 63 रनों की दमदार पारी खेली थी। वहीं, कप्तान सिकंदर रजा बल्ले और गेंद दोनों से लगातार योगदान दे रहे हैं। गेंदबाजी में जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजारबानी ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट निकाले हैं। 3 मैचों में ब्लेसिंग अब तक 9 विकेट अपने नाम कर चुके हैं।

### होप और हेटयमार का दमदार प्रदर्शन

दूसरी ओर, वेस्टइंडीज के लिए अब तक इस विश्व कप में सब कुछ सही घटा है। बल्लेबाजी में कप्तान शाई होप और शिमरॉन हेटयमार का प्रदर्शन दमदार रहा है। होप 4 मैचों में 134 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 155 रन बना चुके हैं। वहीं, हेटमायर ने 159 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 4 मैचों में 134 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में कैरेबियाई टीम की तरफ से जेसन होल्डर और शमर जोसेफ टूर्नामेंट में 7-7 विकेट चटका चुके हैं।

# इंडियन ओपन रेस वॉक: साहिल ने जीता स्वर्ण पदक, दिग्गजों को पछाड़ा

एजेंसी ⏭ चंडीगढ़



पंजाब के खिलाड़ी साहिल ने 'इंडियन ओपन रेस वॉक' प्रतियोगिता के अंतिम दिन रविवार को पुरुष हाफ मैराथन में अपने से अधिक चर्चित प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। मनोरम सुखना झील कोर्स पर रोमांचक मुकाबले में 24 वर्षीय साहिल ने तमिलनाडु के अनुभवी सर्विन सेबेस्टियन की कड़ी चुनौती को पीछे छोड़ते हुए 21 किलोमीटर की दूरी को एक घंटा 25 मिनट 48 सेकंड में पूरा कर पहला स्थान हासिल किया। सेबेस्टियन ने 1:25:50.00 के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि हरियाणा के हरदीप ने 1:26:03.00 का समय लेकर कांस्य पदक अपने नाम किया। पेरिस ओलंपियन परमजीत सिंह बिष्ट (उत्तराखंड) 1:26:07.00 के समय के साथ चौथे स्थान पर रहे। बीस किमी पैदल चाल के ओलंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक पंजाब के अक्षदीप सिंह सातवें स्थान पर रहे।

# करकेरा ने जीती नई दिल्ली मैराथन एशियाई खेलों के लिए किया क्वालीफाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कार्तिक करकेरा ने रविवार को 11वीं नई दिल्ली मैराथन जीती और दो अन्य धावकों के साथ इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने का मानक भी हासिल किया। मुंबई के रहने वाले करकेरा ने 42.2 किलोमीटर की दूरी दो घंटे, 13 मिनट, 10 सेकंड (02:13:10) में पूरी करके जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाइंग मार्क को आसानी से पार कर लिया। पेशे से चिकित्सक 28 वर्षीय करकेरा ने गोपी थोनकल (02:13:12) और मान सिंह (02:13:15) को मामूली अंतर से पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया। इन तीनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और आखिर में वह बहुत कम अंतर से फिनिश लाइन तक पहुंचे। इन तीनों खिलाड़ियों ने इस तरह से एशियाई खेलों में पुरुष मैराथन के लिए दो घंटे, 15 मिनट, 04 सेकंड के क्वालीफाइंग मार्क को आसानी से हासिल कर दिया।




महिलाओं के वर्ग में हालांकि कोई भी भारतीय खिलाड़ी 2:31:52 के एशियाई क्वालीफाइंग मार्क को हासिल नहीं कर पाई। महिला वर्ग में ठाकुर निर्मबेन (02:41:15) ने पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने भागीरथी (02:43:28) और अश्विनी जाधव (02:56:59) को पीछे छोड़ा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मान्यता प्राप्त इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 31 देशों और 490 शहरों के 30,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया।

# रियाल मैड्रिड हारा, विनिसियस जूनियर ने दागा शानदार गोल




**मैड्रिड।** विनीसियस जूनियर ने रियाल मैड्रिड के लिए एक बार फिर गोल किया, लेकिन ब्राजील का यह खिलाड़ी स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में शीर्ष पर काबिज अपनी टीम को ओसासुना के हाथों 2-1 की अप्रत्याशित हार से नहीं बचा सका। रियाल मैड्रिड की हार से खिताब जीतने की उसकी उम्मीदों को झटका लगा है। इससे दूसरे स्थान पर काबिज बार्सिलोना को तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका मिल गया है। रियाल मैड्रिड के 25 मैच में 60 अंक जबकि बार्सिलोना के 24 मैच में 58 अंक हैं।

# मैनचेस्टर सिटी जीता आर्सेनल पर बढ़ाया दबाव




**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी ने न्यूकैसल को 2-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबाल टूर्नामेंट में खिताब की दौड़ को और रोमांचक बना दिया है। मैनचेस्टर सिटी में इस जीत से आर्सेनल पर दबाव बढ़ा दिया है। इन दोनों टीमों के बीच अब केवल दो अंक का अंतर रह गया है। आर्सेनल के 27 मैच में 58 और मैनचेस्टर सिटी के इतने ही मैच में 56 अंक हैं। न्यूकैसल के खिलाफ एतिहाद स्टेडियम में खेले गए मैच में मैनचेस्टर सिटी की तरफ से निको ओरेली ने दोनों गोल किए। इस तरह से मैनचेस्टर सिटी ने अपने अजेय अभियान को पांच मैच तक पहुंचा दिया है। मैनचेस्टर सिटी ने तीसरे स्थान पर काबिज एस्टन विला पर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है, जिसने लीड्स के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।

# मेस्सी का जादू, 75 हजार से अधिक दर्शकों से भरा स्टेडियम




लॉस एंजिल्स। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की मौजूदगी के बावजूद इंटर मियामी ने एमएलएस कप में अपने खिताब के बचाव का अभियान हार के साथ किया। इंटर मियामी को अपने पहले मैच में लॉस एंजिल्स एफसी (एलएएफसी) से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच को देखने के लिए ऐतिहासिक लॉस एंजिल्स मेमोरियल कोलिजियम स्टेडियम में 75,673 दर्शक उपस्थित थे। दर्शकों ने घरेलू टीम की शानदार जीत का जश्न मनाया और मेस्सी को खेलते हुए देखने का भरपूर आनंद लिया। मेस्सी ने इस महीने हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के बावजूद पूरा मैच खेला।




## खबर संक्षेप

### नेपाल में 4.1 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं



**काठमांडू।** नेपाल के कोशी प्रांत में रविवार सुबह हल्का भूकंप महसूस किया गया। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.1 दर्ज की गई। इसका केंद्र संखुवासभा जिले के रितक क्षेत्र में सुबह 7:31 बजे स्थित था। भूकंप के झटके आसपास के तपलेजुंग और भोजपुर जिलों में भी महसूस किए गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि कहीं से भी जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। नेपाल भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील देशों में शामिल है।

### पाक की अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक, 19 की मौत



**कराची।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ता दिख रहा है। दावे के मुताबिक, शनिवार और रविवार की दरमियानी रात पाकिस्तान ने अफगान सीमा के पास आतंकियों के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। पाकिस्तान का कहना है कि यह कदम हालिया फिदायीन हमलों के जवाब में उठाया गया, जिनमें उसके 19 कई सैनिक मारे गए थे। पाक के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी दी ।

### लाहौर में हुआ कनाडाई पीएचडी स्कॉलर लापता



**लाहौर।** पाकिस्तान के लाहौर में कनाडाई नागरिक और पीएचडी छात्र हमजा अहमद खान लापता हो गए हैं। वे 13 फरवरी को एंटी-इम्पीरियलिस्ट राजनीति पर शोध के लिए पाकिस्तान पहुंचे थे। 19 फरवरी की रात डिफेंस हाउसिंग अथॉरिटी स्थित घर से राइड बुक कर कहीं जाने के लिए निकले, लेकिन वापस नहीं लौटे। दोस्त यूसुफ राशिद की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ किडनैपिंग का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और यह भी देखा जा रहा है कि उनके रिसर्च वर्क का इस घटना से कोई संबंध है या नहीं।

## पीएम मोदी के दौरे से पहले इजराइली एक्सपर्ट ने कहा

# भारत-इजराइल की दोस्ती वैश्विक रक्षा रणनीति का नया पावर सेंटर

दौरे से दोनों देशों के बीच के एक्सपोर्ट-इंपोर्ट संबंध आगे बढ़ेंगे

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस हफ्ते इजराइल जा रहे हैं। आठ सालों के बाद एक बार फिर से उनका तेल अवीव का दौरा होने जा रहा है। पीएम उस वक्त इजराइल जा रहे हैं जब 1 फरवरी को पेश किए गए बजट में रक्षा बजट के लिए 93.5 बिलियन अरब डॉलर जारी किया गया। इसीलिए पीएम के इस दौरे को डिप्लोमेसी की जगह डिफेंस के नजरिए से देखा जाना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीय नीति निर्धारकों की मानसिकता को काफी बदला है और भारत, हथियारो में भारी भरकम निवेश कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ भारत की जीत का प्रतीक नहीं था बल्कि एक दोस्त के तौर पर इजराइल पर भरोसे का अटूट होना भी था।

पिछले 2-3 सालों में ग्लोबल पॉलिटिक्स में काफी बदलाव आए हैं। ज्यादातर यूरोपीय देशों ने इजराइल से हथियार खरीदने बंद कर दिए हैं और कई देशों ने पुराने कॉन्ट्रेक्ट रद्द कर दिए हैं। ऐसे में इजरायल को भारत जैसे भागीदार की जरूरत है। ईरानी मिसाइल हमलों ने इजरायल को भारत में अपनी डिफेंस फैक्ट्रियों को सेटअप करने के लिए भी मजबूर किया है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी का दौरा दोनों देशों के बीच के एक्सपोर्ट-इंपोर्ट संबंध को आगे बढ़ाकर इंडस्ट्रियल पार्टनरशिप की तरफ बढ़ते कदम को दिखाता है।

जबकि इजराइली डिफेंस की दिक्कत स्ट्रक्चरल इम्बैलेंस है। इजराइल की प्रोडक्शन क्षमता पर सवाल हैं और मैनपॉवर का अभाव है। इस बीच पीएम मोदी एक विशालकाय डिफेंस बजट के साथ आ रहे हैं। एफवाय 27 के बजट ने पीएम मोदी के दौरे का स्टेज तैयार कर दिया है।



### इंडस्ट्रियल पार्टनरशिप की तरफ भारत-इजराइल के कदम

*इजराइली डिफेंस एक्सपर्ट डॉ. लॉरेन डेगन एमॉस ने जेरूशलम पोस्ट में लिखा है कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार का नजरिया सिक्योरिटी कंज्यूमर नहीं बल्कि सिक्योरिटी प्रोवाइडर है पर आधारित है, जो टेक्नोलॉजिकल आत्म निर्भरता और क्षेत्रीय सुरक्षा के नजरिए से डिजाइन किया गया है। उन्होंने लिखा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाया है कि इंटीग्रेटेड इंटेलिजेंस, हथियारबंद अनमैन्ड एरियल व्हीकल और एआई-ड्रिवन इंटेलिजेंस, सर्विलांस, और रिकॉनिसेंस दुश्मनों पर भारी पड़ सकते हैं, जबकि वे पूरी तरह से न्यूक्लियर हमले की सीमा से नीचे रहते हैं। इसीलिए भारत अब सिर्फ हार्डवेयर नहीं खरीद रहा है, यह अपनी सेनाओं के बीच ऑपरेशनल फ्यूजन पक्का करने के लिए सेना के डिजिटल ब्रेन में इन्वेस्ट कर रहा है। उन्होंने लिखा है जबकि इजराइली डिफेंस की दिक्कत स्ट्रक्चरल इम्बैलेंस है। इजरायल की प्रोडक्शन क्षमता पर सवाल हैं और मैनपॉवर का अभाव है। इस बीच पीएम मोदी एक विशालकाय डिफेंस बजट के साथ आ रहे हैं। एफ 27 के बजट ने पीएम मोदी के दौरे का स्टेज तैयार कर दिया है। डॉ. लॉरेन डेगन एमॉस ने लिखा है कि भारत विशालकाय बजट खर्च करने को तैयार है, लेकिन उसे ऐसी टेक्नोलॉजी चाहिए जो न सिर्फ युद्ध में अपनी क्षमता साबित कर चुका हो, बल्कि मेड इन इडिया भी हो।*

### क्या इजराइल भारत की क्षमताओं का उठा पाएगा फायदा?

डॉ. लॉरेन डेगन एमॉस ने लिखा है कि भारत के रक्षा बजट में कई खास एंट्री पॉइंट दिए गए हैं। इनमें एमआरओ और सस्टेनमेंट हब शामिल हैं मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल (एमआरओ ) के लिए कच्चे माल पर कस्टम ड्यूटी में छूट इजराइल को भारत में रीजनल सर्विस हब बनाने का सीधा न्योता है। यह इजराइली टेक्नोलॉजिकल मौजूदगी बनाए रखते हुए भारत की स्ट्रेटेजिक ऑटोनॉमी सुनिश्चित करता है।

### भारत के प्राइवेट सेक्टर के साथ काम करना एक अच्छा मौका

इसके अलावा इजराइली कंपनियों के लिए भारत के प्राइवेट सेक्टर के साथ काम करने का भी मौका है। टाटा, एल&टी और भारत फोर्ज जैसी बड़ी भारतीय कंपनियों के साथ पार्टनरशिप करना अब संभव है। जैसे-जैसे डिफेंस प्रोडक्शन में प्राइवेट सेक्टर का हिस्सा रिकॉर्ड लेवल पर पहुंच रहा है, इजराइली कंपनियों को अपने सेंसर, रडार और एआई सुइट्स को भारत के मालिकाना हक वाले प्लेटफॉर्म में लगाना होगा।

## दो एके-47 राइफलें भी जब्त

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में जैश के टॉप कमांडर समेत तीन आतंकी ढेर



एजेंसी ▶▶ किश्तवाड़

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुरक्षाकर्मियों ने ऑपरेशन त्राशी-1 के तहत आतंकियों पर कड़ा प्रहार किया है। इस अभियान के दौरान रविवार को तीन आतंकी ढेर किए गए हैं। मारे गए आतंकियों में जैश का टॉप कमांडर भी शामिल है।

इस जॉइंट ऑपरेशन को जम्मू-कश्मीर पुलिस, अंतरराष्ट्रीय खुफिया एजेंसयों ने मिलकर अंजाम दिया। खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, किश्तवाड़ क्षेत्र में एक्टिव आतंकियों का पता लगाने और उन्हें खत्म करने के लिए एक अभियान शुरू किया गया है।

### आतंकियों के छिपे होने की मिली थी जानकारी

*शीर्ष सूत्रों के मुताबिक पुलिस और सुरक्षाबलों ने जैश के कमांडरों को मार गिराया है, इनमें सैफुल्लाह भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद सेना, पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टुकड़ियों ने तलाशी अभियान शुरू किया और सुबह करीब साढ़े 10 बजे चतरू बेल्ट के पासेरकुट इलाके में मुठभेड़ शुरू हुई।*

### आंतंकियों के पास से दो एके-47 राइफलें बरामद

*अधिकारी ने बताया कि एक पहाड़ी पर मौजूद मिट्टी के घर के भीतर छिपे आतंकवादियों ने पास आ रहे जवानों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। इस अभियान में अब तक तीन आतंकवादी मारे जा चुके हैं। उनके पास से दो एके-47 राइफलों और गोला-बारूद समेत अन्य आतंकी सामग्री भी बरामद की है। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है। सुरक्षाबल लगातार तलाशी अभियान चला रहे है, ताकि कोई भी छिपा हुआ आतंकी उनकी नजरों से बचे नहीं। आतंकियों की तलाश लगातार जारी है।*

### मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर

*सेना की 'व्हाइट नाइट कोर' ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू कश्मीर पुलिस, खुफिया विभाग और अपने खुद के खुफिया सूत्रों से मिली विश्वसनीय सूचनाओं के आधार पर, किश्तवाड़ क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें ढेर करने के लिए एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। सीआईएफ (काउंटर इंटेलिजेंस फोर्स) डेल्टा, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की आज सुबह करीब 11 बजे दुर्गम इलाके में आतंकवादियों के साथ फिर से मुठभेड़ शुरू हुई. सेना ने बताया कि जवानों ने तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया.तलाश अभी जारी है, जो लोग शांति भंग करने की कोशिश करेंगे, उन्हें कहीं कोई शरण नहीं मिलेगी।*

## ट्रंप पर फिर हमले की साजिश!

# रिजॉर्ट में गन लेकर घुसा शख्स सुरक्षाकर्मियों ने मार गिराया

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फ्लोरिडा के पाम बीच स्थित मार-ए-लागो रिजॉर्ट के सुरक्षा घेरे में घुसने वाले एक हथियारबंद व्यक्ति को मार गिराया गया। अमेरिकी खुफिया विभाग के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ट्रंप आमतौर पर सप्ताहांत 'मार-ए-लागो' रिजॉर्ट में गुजारते हैं, लेकिन शनिवार रात को घटना के समय वह व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति कार्यालय) में थे। उन्होंने बताया कि प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप भी



घटना के समय राष्ट्रपति के साथ व्हाइट हाउस में थीं। अधिकारियों ने मारे गए व्यक्ति का नाम सार्वजनिक नहीं किया है। खुफिया विभाग के मुताबिक, मार-ए-लागो रिजॉर्ट के उत्तरी गेट पर तैनात कर्मियों ने एक व्यक्ति को शॉटगन और ईंधन के कैन के साथ घुसते देखा।

मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार सेवा के एजेंट और पाम बीच काउंटी के शेरिफ के डिप्टी ने व्यक्ति को मार गिराया।

## आज से मिलेगी सुविधा

# बांग्लादेश ने भारतीयों के लिए पर्यटक वीजा सेवा फिर शुरू करने का किया फैसला

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश ने भारत में रहने वाले लोगों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, सोमवार से भारत में मौजूद बांग्लादेशी दूतावासों और मिशनों में पर्यटक वीजा सेवाएं फिर से शुरू कर दी जाएंगी।

सुरक्षा कारणों की वजह से यह सेवा कुछ समय के लिए रोक दी गई थी, लेकिन अब हालात बेहतर होने के बाद इसे दोबारा शुरू करने का फैसला लिया गया है। नई दिल्ली समेत इन जगहों पर आसानी से मिलेगा वीजा

अधिकारी ने बताया कि नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन के अलावा



कोलकाता, मुंबई, गुवाहाटी और अगरतला जैसे शहरों में मौजूद सभी मिशनों में अब पर्यटक वीजा आसानी से मिल सकेगा। पहले भी बाकी तरह के वीजा ज्यादातर जारी किए जा रहे थे, लेकिन टूरिस्ट वीजा सामान्य रूप से बंद थे और केवल बहुत जरूरी मामलों में ही दिए जा रहे थे।

## मॉस्को पर ड्रोन हमले की कोशिश

**मास्को।** रूस की राजधानी मॉस्को पर रविवार को ड्रोन हमले की कोशिश की गई। रूसी एयर डिफेंस सिस्टम ने एक घंटे के भीतर 11 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराने का दावा किया। इसके बाद सुरक्षा कारणों से मॉस्को के चारों अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए। रूसी सिविल एविएशन एजेंसी ने बताया कि डोमोडेदोवो, व्नुकोवो, झुकोव्स्की और शेरेमेत्येवो एयरपोर्ट अस्थायी तौर पर बंद किए गए हैं। अगली सूचना तक उड़ानों की आवाजाही रोकी गई है।

## रॉकेट में आई खराबी

# नासा के मून मिशन को लगा बड़ा झटका, टला आर्टेमिस 2 का लॉन्च

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

नासा के प्रमुख जेरेड इसाकमैन ने शनिवार को तकनीकी समस्याओं का हवाला देते हुए मून मिशन आर्टेमिस-2 के मार्च में प्रक्षेपण की संभावना को खारिज कर दिया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी का यह मून मिशन 50 से ज्यादा वर्षों में चंद्रमा के लिए पहला मानवयुक्त फ्लाईबाई मिशन है।

इसाकमैन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नासा की टीम ने विशाल एसएलएस रॉकेट में हीलियम प्रवाह में एक समस्या का पता लगाया है, जिसके कारण मार्च में लॉन्च की संभावना खत्म हो जाएगी।

### 1960 के दशक में नासा ने यह उपलब्धि हासिल की थी

नासा चीफ इसाकमैन ने कहा, 'मैं समझता हूं कि लोग इस घटनाक्रम से निराश हैं। यह निराशा सबसे ज्यादा नासा की टीम को महसूस हो रही है, जो इस महान परियोजना की तैयारी में अथक मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा कि 1960 के दशक के दौरान जब नासा ने वह उपलब्धि हासिल की, जिसे अधिकांश लोग असंभव मानते थे और जिसे तब से दोहराया नहीं गया है, तो कई झटके लगे।

## नक्सली बसवराजू के एनकाउंटर के बाद कमान 'देवजी' को सौंपी थी

# 6 करोड़ का इनामी,135 जवानों के हत्यारे नक्सली 'देवजी' ने किया तेलंगाना में सरेंडर

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

लाल आतंक के खात्मे की डेडलाइन 31 मार्च 2026 से पहले एक और बड़ी सफलता मिली है। 6 करोड़ के इनामी और 135 जवानों का हत्यारे नक्सली देवजी ने तेलंगाना में सरेंडर कर दिया है। देवजी नक्सल संगठन का महासचिव भी है। मई महीने में छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगलों में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुप्रीम लीडर महासचिव नंबाला केशव उर्फ बसवराजू के एनकाउंटर के बाद नक्सलियों की कमान देवजी को सौंपी गई थी। दुर्दांत



नक्सली देवजी तेलंगाना के करीमनगर जिले का रहने वाला है। उसका जन्म जिले के कोरुटला के एक दलित परिवार के यहां हुआ था। करीब 62 साल के नक्सली देवजी को तिप्पिरी तिरुपति उर्फ संजीव पल्लव नाम से भी जाना जाता है। बसवराजू के एनकाउंटर के बाद सीपीआई (माओवादी) का सर्वोच्च महासचिव पद खाली था, जिस पर देवजी को नियुक्त किया गया था।

### दुर्दांत नक्सली देवजीगुरिल्ला वॉर एक्सपर्ट

*नक्सली देवजी पिछले करीब साढ़े तीन दशक से लाल आतंक नक्सलवाद से जुड़ा हुआ है। उसे बेहद दुर्दांत नक्सली कमांडर माना जाता रहा है। उसके ऊपर देश के अलग-अलग राज्यों में कुल छह करोड़ रुपए का इनाम है। वह नक्सलियों की सेंट्रल मिलिट्री कमांड का प्रमुख भी रह चुका है। उसे गुरिल्ला वॉर का एक्सपर्ट माना जाता है। अपनी गुरिल्ला शैली में जंगल में सुरक्षा बलों पर हमला करने में वह माहिर था। रानी बोदली की घटना में 55 और दंतेवाड़ा में 80 सीआरपीएफ जवानों की मौत नक्सली देवजी के नेतृत्व में हुए हमलों में ही हुई थी।*

### सीआरपीएफ ने छह राज्यों में हथियारों के जखीरे का किया भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** देश से नक्सलियों को खत्म करने का मिशन अपने चरम पर पहुंच रहा है और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ ने 2026 में अब तक छह राज्यों में माओवादियों से जुड़े हथियारों तथा विस्फोटकों के 57 जखीरों का भंडाफोड़ किया है, जिसमें 101 से अधिक हथियार, विस्फोटक समेत आईईडी बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।



### 6 राज्यों से खतरनाक हथियार बरामद किए

*अधिकारियों ने बताया कि अर्द्धसैनिक बल ने छह राज्यों - छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और मध्य प्रदेश - में छापेमारी के दौरान विभिन्न प्रकार की बंदूकों (एके-47, इंसास, .303 और देसी) के अलावा कुल 52 आईईडी, 405 किलोग्राम विस्फोटक, 1,093 से अधिक डेटोनेटर तथा अन्य सामान बरामद किया।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109